नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 14
अंक : 10
सोमवार, 08 से 14 अप्रैल 2024
मूल्य : 5 रू प्रति
रू 250 वार्षिक

दिल्ली में लग सकता है राष्ट्रपति शासन! 03
यह कैसा राम राज? 08

# NCR समाचार

फिल सॉल्ट की तूफानी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स हुआ पस्त 10
बनाएं शोध के क्षेत्र में कैरियर 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

अब होगा बॉबी देओल का असली कमबैक 12

# भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

## एकसाथ चुनाव और समान नागरिक संहिता का वादा

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को संकल्प पत्र नाम से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों एवं केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। संकल्प पत्र में उल्लेखित गारंटियों को जिक्र करते हुए उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार की नीति को जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाई जाएगी, श्री अन्न पर बल दिया जाएगा, पश्चिमी भारत के बाद पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भारत में बुलेट ट्रेन लाई जाएगी, वंदे भारत का मेट्रो, स्लीपर और चेयरकार तीन रूपों में विस्तार किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने वर्तमान में जारी सरकार की योजनाओं को आगे भी जारी रखने और विस्तार देने की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्गों को दिया जाएगा। योजना के तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जा सकता है। तीन करोड़ नए घर बनाए जाएंगे। लोगों के घरों तक सस्ती पाइप के माध्यम से गैस पहुंचाई जाएगी। मुद्रा ऋण को दोगुना यानी 20 लाख किया जाएगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएंगी। महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, जनजातीय गौरव दिवस, एकलव्य स्कूल, तमिल भाषा को बढ़ावा दिया जाएगा। लोगों को 80 प्रतिशत कम कीमतों पर जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाना जारी रहेगा।

लोकसभा चुनाव-2024 के संकल्प पत्र के विमोचन के दौरान प्रधानमंत्री ने युवा, महिला, किसान और गरीब चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में दाल, खाद्य, तेल और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को जारी रखने की बात कही गई है। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधा युक्त जीवन के अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाई गई है। रियल एस्टेट से जुड़े सुधार लाकर सस्ते आवास उपलब्ध कराए जाने की भी बात कही गई है। कामकाजी महिलाओं के लिए औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा जिसमें शिशु ग्रह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। ट्रक चालकों के आराम और अन्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हाइवे पर आरामगृह बनाए जाएंगे। एक विशेष अभियान चलाकर सर्वाइकल कैंसर को दूर किया जाएगा। नारी शक्ति बंधन अधिनियम को व्यवस्थित रूप से लागू कर लोकसभा राज्य विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 या फिर 2019 में मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर संकल्प पूरा किया है। 2019 के संकल्प पत्र में हमने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भारत की एक संकल्पना के साथ-साथ 2047 के भारत की रूपरेखा भी रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 5 सालों में हमने संकल्पित भारत सशक्त भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में सफलतापूर्वक कार्य किया है। अब हम 140 करोड़ नागरिकों के सामने नया संकल्प पत्र प्रस्तुत करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र तैयार करने के लिए तीन माध्यम से सुझाव प्राप्त हुए हैं। बड़ी संख्या में ऑनलाइन इनपुट्स आए हैं चार लाख सुझाव नमो ऐप के माध्यम से भी आए हैं करीब 10 लाख सुझाव वीडियो के माध्यम से आए हैं। कुल मिलाकर 15 लाख सुझाव समिति के पास आए जिनमें से कुछ मुख्य विषय ढूंढे गए और उन पर कार्य किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हर बार चुनाव के समय पर भारतीय जनता पार्टी अपनी वैचारिक यात्रा आगे बढ़ती है। एकात्मानवाद से अंत्योदय तक और प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को जोड़ते हुए भाजपा ने अपनी नीतियां आगे बढ़ाई हैं। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने गांव, गरीब और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए काम किया है।

## भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई, बेरोजगारी गायबः राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब हैं। श्री गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है।उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। श्री गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार श्री मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा।

दिल्ली की 3 सीटों के लिए कांग्रेस ने जारी की लिस्ट

## कन्हैया कुमार, जेपी अग्रवाल और उदित राज को मिला टिकट



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। कन्हैया कुमार उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के मनोज तिवारी को चुनौती देंगे। चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल जबकि उत्तर पश्चिम दिल्ली सुरक्षित सीट से उदित राज को टिकट दिया गया है। कन्हैया कुमार अपना दूसरा लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार के बेगुसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था तब BJP नेता गिरिराज सिंह ने उन्हें हरा दिया था।

बता दें कि आम आदमी पार्टी के साथ सीट बंटवारे के समझौते के तहत कांग्रेस सात में से केवल तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इस बार कन्हैया कुमार उत्तर पूर्वी दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला सांसद मनोज तिवारी से होगा। मनोज तिवारी ने साल 2019 के चुनाव में दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को हराया था। कांग्रेस ने चांदनी चौक लोकसभा सीट से जय प्रकाश अग्रवाल को मैदान में उतारा है। जय प्रकाश अग्रवाल ने इस सीट से 1984, 1989 और 1996 में जीत दर्ज की थी।

उदित राज उत्तर पश्चिमी दिल्ली की आरक्षित सीट से लड़ेंगे। उन्होंने 2014 में भाजपा के टिकट पर इस सीट से जीत दर्ज की थी।

दिल्ली में 25 मई को चुनाव होंगे। उदित राज का मुकाबला भाजपा के योगेंद्र चंदोलिया से होगा। भाजपा ने इस बार मौजूदा सासंद हंसराज हंस का टिकट काटकर दलित चेहरे योगेंद्र चंदोलिया को मौका दिया है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले यह सीट कांग्रेस के पास थी। कांग्रेस की कृष्णा तीरथ ने साल 2009 में इस सीट से चुनाव जीता था। वहीं चांदनी चौक सीट पर पिछले दो बार से भाजपा चुनाव जीतती आ रही है। डॉ. हर्षवर्धन इस लोकसभा सीट से दो बार से जीत दर्ज करते चले आ रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा ने उनको टिकट नहीं दिया है। भाजपा ने इस बार प्रवीण खंडेलवाल को चुनाव मैदान में उतारा है। इस बार चांदनी चौक लोकसभा सीट पर भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल के सामने कांग्रेस के अनुभवी नेता जय प्रकाश अग्रवाल होंगे।

# सेना के साथ परीक्षण में भी खरी उतरी मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल

- मिसाइल ने लक्ष्य बनाकर रखे गए टैंक पर सटीक हमला करके नष्ट कर दिया
- सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मिसाइल हासिल करने का रास्ता साफ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है।

डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने और भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए 13 अप्रैल को थर्मल साइट के साथ मैन पोर्टेबल ट्राइपॉड से मिसाइल दागी गई और इसके निशाने पर एक नकली सक्रिय टैंक था। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाकर इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस दौरान मिशन के सभी उद्देश्य हासिल किए गए। डीआरडीओ ने कहा कि परीक्षण के दौरान इस मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा कर लिया गया।

### मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल

यह तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) नाम से निकाली गई मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसका विकास भारतीय कंपनी वीईएम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में डीआरडीओ ने किया है। एटीजीएम कम वजन वाली लंबी बेलनाकार मिसाइल है, जिसके मध्य भाग के चारों ओर चार पंखों का समूह होता है। इसे उच्च-विस्फोटक एंटी-टैंक वारहेड के साथ लगाया गया है। इस मिसाइल की लंबाई लगभग 1,300 मिमी. है और वजन कम रखने के लिए एल्यूमीनियम और कार्बन फाइबर लॉन्च ट्यूब के साथ लगभग 120 मिमी का व्यास रखा गया है।

# मेयर चुनाव में भी आप-कांग्रेस गठबंधन की तैयारी

## कांग्रेस पार्षदों ने कहा – नौ सदस्य आप के मेयर प्रत्याशी का करेंगे समर्थन

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन लगभग तय हो गया है। औपचारिक घोषणा होनी बाकी है। कांग्रेस के नौ पार्षद इस बार आप के मेयर प्रत्याशी का समर्थन करेंगे, जबकि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आप पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए चुनाव का बहिष्कार किया था। इससे पहले हुई निगम सदन की करीब हर बैठक में आप के विरोध में भाजपा के साथ कांग्रेस के पार्षद भी शामिल होते थे।

अब आप और कांग्रेस दोनों दलों के नेता कह रहे हैं कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से स्थिति बदल गई है। भाजपा को किसी भी हाल में रोकने के लिए दोनों दलों ने कंधे से कंधा मिलाकर चलने का फैसला किया है। कांग्रेस पार्षद शगुफ्ता चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में हमारा गठबंधन है। इसे एमसीडी में भी हम आगे लेकर जा रहे हैं। कांग्रेस पार्षद समीर अहमद ने बताया कि पार्टी जो भी स्टैंड लेगी वे समर्थन करेंगे। वहीं, आप के पार्षदों का कहना है कि कांग्रेस के साथ आने से एमसीडी में स्थिति और भी मजबूत हो गई है। फिलहाल, दोनों दलों की ओर से गठबंधन की औपचारिक घोषणा होनी बाकी है। दूसरी तरफ भाजपा मेयर चुनाव लड़ेगी या नहीं, अभी ये साफ नहीं है।

**गठबंधन की नजर होगी स्टैंडिंग कमेटी पर**

गठबंधन की नजर मेयर चुनाव से ज्यादा स्टैंडिंग कमेटी पर है। मौजूदा समय में निगम के 12 जोनों में से सात में आप का बहुमत है और पांच में भाजपा बहुमत में है। इससे पहले भाजपा को ये उम्मीद थी कि कांग्रेस के पार्षद स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में शायद उसकी तरफ आ सकते हैं। आप को भी तब कमोबेश ऐसी उम्मीद थी कि कांग्रेस उसका समर्थन नहीं करेगी, लेकिन अब कांग्रेस व आप के साथ आने से स्थिति बदल जाएगी। अब स्टैंडिंग कमेटी में गठबंधन को फायदा मिलने के आसार दिखने लगे हैं।

**फायदे वाला हो सकता है गठबंधन**

आप और कांग्रेस दोनों के लिए गठबंधन फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके लिए कांग्रेस को जोन कमेटियों और स्टैंडिंग कमेटी में जगह मिल सकती है।

### गठबंधन के बाद कैसी होगी स्थिति

-250 निगम सदस्य
-7 सांसद
-3 राज्यसभा सदस्य
-14 विधायक
(कुल – 274 वोट)

### आप-कांग्रेस गठबंधन

आप – 134 सदस्य
कांग्रेस – 9 सदस्य
निर्दलीय – 1
राज्यसभा सदस्य –3
विधायक – 13

भाजपा
सदस्य – 104
निर्दलीय – 1
सांसद – 1

## बांद्रा में सलमान खान के घर के बाहर बंदूकधारियों ने की गोलीबारी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड मेगास्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर रविवार सुबह पांच बजे दो अज्ञात लोगों ने गोलीबारी की और अपनी मोटरसाइकिलों पर भाग गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

खबरों के मुताबिक हेलमेट पहने दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेजी से आए और मुंबई उपनगर के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट की दिशा में कम से कम चार गोलियां चलाईं।

फिलहाल यह पता नहीं चला कि सलमान खान सप्ताहांत की छुट्टी पर घर पर थे या नहीं। बांद्रा पुलिस की एक टीम और मुंबई अपराध शाखा तुरंत खान के घर पहुंची और जांच शुरू की। साथ ही अभिनेता के आवास की ओर जाने वाली सड़कों की घेराबंदी कर दी गई और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कलिना पुलिस लैब से फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम मौके पर पहुंची और दो गोलियां बरामद कीं। पुलिस शूटरों का पता लगाने और उनके उद्देश्यों और लक्ष्यों की जांच करने के लिए इलाके में सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को गोलीबारी की घटना में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शामिल होने का संदेह है, क्योंकि सलमान खान को

# तृणमूल सरकार अपनी कुर्सी बचाने की राजनीति में शामिल : राजनाथ

एनसीआर समाचार



**अलीपुरद्वार।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार वर्तमान स्थिति में जनता के हित के लिए नहीं बल्कि अपनी कुर्सी बचाने के वास्ते राजनीति कर रही हैं। भारत एवं भूटान के अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र जयगांव में आज श्री सिंह ने अलीपुरद्वार के भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिग्गा की चुनाव प्रचार के क्रम में सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश में राजनीति करती है तो देश के लिए राजनीति करती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने वर्तमान स्थिति में जनता के हित के लिए नहीं बल्कि उनकी कुर्सी बचाने के लिए राजनीति कर रही है।

श्री सिंह ने कहा कि लोगों की स्वास्थ्य उपचार के लिए केंद्र सरकार ने एक योजना बनाई है जो है कि आयुष्मान भारत योजना है लेकिन पश्चिम बंगाल में ममता सरकार ने इस योजना को लागू करने से लोगों से वंचित कर रखा है। केंद्र सरकार ने दी गई यह योजना के तहत लोगों को पांच लाख तक की स्वास्थ्य बीमा योजना प्राप्त होता है, मगर पश्चिम बंगाल में सरकार जनता के समक्ष लागू करने से इनकार करके जनता को हक से वंचित कर दिया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) ने जनता के अधिकारों को छिनने का काम कर रही है। वहीं, प्रधानमंत्री जनता के हित में काम करते रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना जो प्रधानमंत्री ने पक्का घर बनाने की योजना लागू की है जिसको यह पश्चिम बंगाल की जनता के समक्ष नहीं पहुंचने दे रही है। पश्चिम बंगाल में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो यहां की जनता के लिए अवश्य ही पक्का घर योजना को लागू किया जाएगा।

श्री सिंह ने इस चुनावी जनसभा में उन्होंने ममता दीदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनती है तो यह तय है कि 2026 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनेगी।

इस अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र के बारे में उन्होंने कहा है कि इस क्षेत्र के उम्मीदवार अगर जीतकर संसद में आते हैं तो उन्होंने इस क्षेत्र के विकास के मुद्दे को लेकर संसद में आवाज उठाने में सक्षम होंगे। श्री सिंह ने कहा कि भारत के समक्ष दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली देश डरते हैं,मगर इससे पूर्व की सरकारों से कोई नहीं डरता था।

## भारत ने ईरान इजरायल से की शांति की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पश्चिम एशिया में इजरायल पर ईरान के हमले पर गहरी चिंता जताते हुए आह्वान किया कि वे हिंसा छोड़ कर कूटनीति एवं संवाद की दिशा में लौटें। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा, हम इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से गंभीर रूप से चिंतित हैं जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। हम तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम तेजी से बदलती स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

## पुलिस अधिकारी पर हमला, धमकी के मामले में चार माओवादियों को कठोर कारावास

एर्नाकुलम। केरल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी पर हमला करने, धमकी और आगजनी के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने चार माओवादियों को कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 2.35 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एक आधिकारिक के बयान के अनुसार केरल के एर्नाकुलम में एनआईए की विशेष अदालत ने केरल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी पर हमला करने, धमकी और आगजनी से संबंधित मामले में दोषी रूपेश को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 2.35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एक अन्य दोषी कन्याकुमारी को छह साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई और 1.05 लाख रुपये के जुर्माना लगाया गया। एक अन्य आरोपी अनूप को आठ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई और 60,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने दोषी इब्राहिम को छह साल कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 40,000 रुपये का जुर्माना लगाया। मामला मूल रूप से वेल्लामुंडा पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। बाद में दो जनवरी 2016 को एनआईए ने फिर से मामला दर्ज किया था उसके बाद विशेष अदालत ने सुनवाई पूरी कर चारों माओवादियों को सश्रम कारावास की सजा और जुर्माना लगाया है।

## सुरक्षा बलों ने आतंकी ठिकाने पर मारा छापा, हथियार व गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादी ठिकाने का छापा मारकर वहां से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले के सोगाम इलाके में गागंपुग के वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर वहां तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी अभियान में एक आतंकवादी ठिकाने का पता लगा वहां छापा मारकर बड़ी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों और गोला बारूद में छह यूबीजीएल, पांच हथगोले, 23 चीनी हथगोले, नौ 40-एमएम एमजीएल गोलियां, एक पिस्तौल, नौ पिस्तौल मैगजीन, एक एके-47 राइफल, पांच एके मैगजीन, एक आईईडी आदि शामिल है।

## 200 करोड़ की संपत्ति दान देकर संन्यासी बनने जा रहा कारोबारी

साबरकांठा। गुजरात के कारोबारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति त्याग कर संन्यासी बनने का फैसला लिया है। ये दंपति साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर का रहने वाला है। इस बिजनेसमैन का नाम भावेश भाई भंडारी है। उनके पास 200 करोड़ से ज्यादी की संपत्ति शामिल है,जिसे उन्होंने दान देकर सांसारिक मोह का त्याग कर संन्यास लेने का फैसला कर लिया है।कारोबारी भावेश का जन्म गुजरात के संपन्न परिवार में हुआ। वह अक्सर जैन समाज के दीक्षार्थियों से भेंट करते रहते थे। भावेश भाई और उनकी पत्नी से पहले उनके 16 साल के बेटे और 19 साल की बेटी भी साल 2022 में सांसारिक मोह त्याग कर दीक्षार्थी बन गए थे। अब भावेश भाई और उनकी पत्नी ने भी इसी रास्ते पर चलने का फैसला लिया है। इसके लिए उन्होंने अपनी 200 करोड़ रुपए की संपति की त्याग कर दिया है और कंस्ट्रक्शन के बिजनेस के साथ-साथ अन्य कामकाज को भी छोड़ दिया है। बता दें, अहमदाबाद में 35 मुमुक्षु 22 अप्रैल को जैन दीक्षा ले रहे हैं। मुमुक्षु उस व्यक्ति के लिए एक संस्कृत शब्द है जो मुक्ति प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है और ज्ञान और सत्य का साधक है। सूत्रों ने बताया कि जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के 2,550 वर्ष के उत्सव के हिस्से के रूप में 35 मुमुक्षु 22 अप्रैल के शुभ दिन पर संसार त्याग कर भगवान महावीर के पंथ के ऊपर विजय प्रस्थान करने जा रहे हैं।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में 230 करोड़ की संपत्ति जब्त

कोलकाता। पूरे देश में चर्चित रहा पश्चिम बंगाल का शिक्षक भर्ती घोटाला आज भी चर्चा में है। कथित सहायक शिक्षकों की भर्ती घोटाले के आरोपियों के खिलाफ ताजा कार्रवाई में ईडी ने 230 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। इसमें मुख्य रूप से डब्ल्यूबी स्कूल सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार शांति प्रसाद सिन्हा और बिचौलिए प्रसन्ना रॉय की संपत्ति शामिल है। ईडी ने दोनों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था और वे न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार रॉय उम्मीदवारों से कथित तौर पर धन और विवरण इकट्ठा करने में शामिल थे। घोटाले में पहले पार्थ चटर्जी को अरेस्ट किया गया था। उनकी गिरफ्तारी उन आरोपों के बाद भी हुई। जिनमें कहा गया था कि उम्मीदवारों ने सिलेक्शन टेस्ट में फेल होने के बाद सिलेक्शन के लिए 5 से 15 लाख रुपए तक की रिश्वत ली गई। उस वक्त पार्थ चटर्जी के शिक्षा मंत्री रहने के दौरान हुआ था। जुलाई 2022 में ईडी ने चटर्जी और उसकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया। तब भी काफी कैश बरामद किया गया था ।ईडी के अनुसार स्कूल सेवा आयोग के अधिकारियों की साजिश के तहत 2,000 से अधिक अयोग्य शिक्षकों को सहायक शिक्षक के पद पर कक्षा 9 से 12 के लिए नियुक्त किया गया था। राज्य में प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के मामले में ईडी पहले ही 135 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है, जिससे दो शिक्षक भर्ती घोटालों में कुल कुर्की 365 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। कुर्क की गई संपत्तियों में पाथरघाटा में 96 कोट्टा, सुल्तानपुर में 117 कोट्टा, महेशतला में 282 कोट्टा और न्यू टाउन में 136 कोट्टा जमीन शामिल है, ये सभी संपत्तियां रॉय और उनकी फर्जी संस्थाओं के स्वामित्व में हैं। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सीबीआई द्वारा दर्ज की गई दो एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी।

## बोरवेल में गिरे बच्चे को बचाने 15 घंटे से रेस्क्यू जारी

### – शुक्रवार रात बारिश होने से रेस्क्यू में आई परेशानी, 8 से 10 जेसीबी खुदाई कर रही

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा में बोरवेल में गिरे मासूम को बचाने के लिए लगभग 15 घंटे से ज्यादा समय से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। शुक्रवार को छह साल का मासूम बोरवेल में गिर गया था। रात से लगातार 8 से 10 जेसीबी खुदाई के काम में लगी हैं, लेकिन अभी तक बच्चे को बाहर नहीं निकाला जा सका है। रीवा जिले में रात में हुई बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही थी। जानकारी के अनुसार, अभी तक बच्चे की कोई मूवमेंट नहीं दिखाई दी है। बताया जा रहा है कि बच्चा करीबी 160 फीट गहराई में फंसा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे मनिका गांव की है। शुक्रवार को बच्चा जब खेल रहा था तभी अचानक खुले बोरवेल में गिर गया। रीवा की जिलाधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (एसडीईआरएफ) की एक टीम को बच्चे को बचाने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही है। पु?लिस अ?धिकारी ने बताया कि एक पाइप के माध्यम से बोरवेल के अंदर ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। बच्चे की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक सीसीटीवी कैमरा भी बोरवेल के भीतर भेजा गया। फिलहाल कैमरा बच्चे के नजदीक तक नहीं पहुंचा है। बताया जा रहा है कि बोरवेल करीब 160 फीट गहरा है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे को बचाने के लिए बोरवेल के समानांतर एक गड्ढा खोदा जा रहा है। एनडीआरएफ की एक टीम को वाराणसी से भी रेस्क्यू के लिए बुलाया गया है। बेमौसम बारिश के कारण भी बच्चे को बचाने के अभियान में दिक्कत आई है। छह साल का मयूर पिता विजय आदिवासी शुक्रवार की शाम खेत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी वह खेलते-खेलते खुले में बोरवेल के पा पहुंच गया और उसमें गिर गया।

## यौन उत्पीड़न के बाद बच्ची की हत्या

मुंबई। दक्षिण गोवा के वास्को शहर में एक निर्माण स्थल पर मृत पाई गई बच्ची की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार उसका यौन उत्पीड़न किया गया था। पुलिस अधिकारी ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मीडिया कर्मियों को बताया कि साढ़े पांच साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया और फिर गला दबाकर हत्या कर दी गई। हमने निर्माण स्थल पर काम करने वाले लगभग 20 मजदूरों को हिरासत में लिया है और हम आगे की जांच कर रहे हैं। वास्को थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें ईरान-इजराइल यात्रा से परहेज करें

### ईरानी धमकी के बाद भारत ने जारी की अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइल-हमास युद्ध के बीच ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। हमले को लेकर ईरान धमकी दे चुका है वह भी हमले का जवाब देगा इसको लेकर इजराइल भी अलर्ट है और अमेरिका की भी चिंता बढ़ गई और अमेरिका ने भी कल ही अपने नागरिकों से कहा था कि वह इजराइज जाने से बचे। अब ईरानी धमकियों के बीच भारत ने भी अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा है कि ईरान या इजराइल की यात्रा करने से परहेज करें।

वहीं तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करने को कहा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अपनी सुरक्षा को लेकर ज्यादा सतर्क रहें और अपनी गतिविधियां भी कम से कम रखें। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अगले नोटिस तक ईरान या इजराइल की यात्रा करने से परहेज करें क्योंकि हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान जल्द ही इजरायल पर हमला कर सकता है। बता दें कि सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल हमले के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। इसी तनाव को देखते हुए जो बाइडेन का यह बयान दिया था। ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले की इजराइल ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका इजरायल की रक्षा के लिए उसके साथ खड़ा है, जैसा कि लेबनानी समूह हिजबुल्लाह द्वारा शुक्रवार को इजरायली तोपखाने पर दर्जनों रॉकेट दागे थे जिसके बाद अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अतिरिक्त रक्षा संपत्ति स्थानांतरित करने से प्रमाणित हुआ था। मालूम हो कि ईरान समर्थित लेबनानी समूह ने कहा कि हिजबुल्लाह मिसाइल हमला दक्षिण में इजरायली हमलों के जवाब में था।

## पूर्णिया सीट से लड़ रहे पप्पू यादव पर मुकदमा दर्ज

पूर्णिया। बिहार के कद्दावर नेता पप्पू यादव पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस क्षेत्र में उनकी अपनी पकड़ है। पप्पू कांग्रेस के नेता है लेकिन चुनाव निर्दलीय लड़ रहे हैं। यादव ने आरोप लगाया कि बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के इशारे पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। यादव ने पिछले महीने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय इस उम्मीद से किया था कि उन्हें पूर्णिया सीट से पार्टी का टिकट मिलेगा। पप्पू यादव ने 1990 के दशक में तीन बार पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि यह सीट कांग्रेस की सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के खाते में चली गई, जिसने जदयू से पाला बदल कर आई बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बता दें कि कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के पति यादव निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में ताल ठोक रहे हैं। पूर्णिया में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान होगा। कांग्रेस में शामिल होने के बावजूद निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फपप्पू यादव पर शुक्रवार को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया। बिहार में पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ रहे यादव के खिलाफखजांची हाट थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खजांची हाट थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार के अनुसार, यादव पर उन अधिकारियों को धमकी देने का आरोप लगाया गया है, जो बृहस्पतिवार देर रात उनके आवास पर गए थे। अंचल अधिकारी (पूर्व) संजीव कुमार शर्मा द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के अनुसार, यादव के चुनाव अभियान में शामिल एक वाहन को कलेक्ट्रेट के करीब कागजात दिखाने के लिए रोकने की कोशिश की गई तो वह वाहन चालक गाड़ी को भगाते हुए यादव के आवास पर ले गया और वहां खड़ा कर दिया। जब अधिकारी वहां पहुंचे तो पप्पू यादव ने कथित तौर पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया।



## राहुल गांधी ने दिया मैसूर पाक, तमिलनाडु सीएम स्टालिन हुए गदगद

### –मेरे भाई के मीठे भाव से प्रभावित और अभिभूत हूं, इंडिया गठबंधन की होगी सुखद जीत

**चेन्नई, (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुन्नेत्र कणगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने कहा कि इस लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन जीत हासिल करेगा और केंद्र में अपनी सरकार बनाएगा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने शनिवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन चार जून को सुखद जीत हासिल करेगा। स्टालिन शुक्रवार को तमिलनाडु आये कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मैसूर पाक प्राप्त करने पर अभिभूत थे। स्टालिन ने कहा कि उनके प्यारे भाव ने उन्हें भावविभोर कर दिया। स्टालिन और राहुल गांधी ने कोयंबटूर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। स्टालिन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें राहुल गांधी कोयंबटूर में स्टालिन लिए मैसूर पाक खरीदने सड़क के डिवाइडर को फांदकर मिठाई लेने दुकान की ओर जाते नजर आ रहे हैं।

स्टालिन ने आगे लिखा- ''मेरे भाई राहुल गांधी के इस प्यारे भाव से वह भावविभोर हो गए हैं। चार जून को 'इंडिया' गठबंधन निश्चित तौर पर जीत हासिल करेगा। सोशल मीडिया पर सामने आये वीडियो में राहुल गांधी को सड़क के डिवाइडर को फांदते और मिठाई की दुकान में तेजी से जाते देखा गया था। जब दुकानदार ने राहुल गांधी से पूछा कि वह क्या खरीदना चाहेंगे, तो वह विक्रेता से यह कहते सुने गए, मुझे अपने भाई स्टालिन के लिए मैसूर पाक चाहिए। इसके बाद दुकानदार ने उन्हें मैसूर पाक चखाया और उसे चखने के बाद, राहुल ने पैसे भी दिए और दुकानदार को धन्यवाद भी दिया। राहुल ने इसके साथ ही दुकान के कर्मचारियों के साथ एक तस्वीर भी खिंचवाई। बाद में राहुल गांधी स्टालिन के पास जाते हैं और उन्हें मिठाई भेंट करते हैं, जिसे स्टालिन स्वीकार करते हैं। कांग्रेस ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि राहुल गांधी ने स्टालिन को प्रसिद्ध मैसूर पाक उपहार में दिया तथा यह तमिलनाडु के लोगों के साथ उनके मधुर संबंधों का प्रतीक है। तमिलनाडु के लोगों स्टालिन और राहुल के प्यार भरे रिश्ते का जश्न भी मनाया।



भावुक हुए एमके स्टालिन

राहुल गांधी का उपहार पाकर स्टालिन काफी खुश हुए। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर भी भावुक पोस्ट किया और उन्हें अपना भाई बताया। उन्होंने लिखा, मेरे भाई राहुल गांधी के मीठे भाव से प्रभावित और अभिभूत हूं, 4 जून को इंडिया गठबंधन निश्चित रूप से एक प्यारी जीत दिलाएगा! गौरतलब है कि तमिलनाडु में कांग्रेस और डीएमके, इंडी गठबंधन एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य की 39 सीटों में से 9 सीटें कांग्रेस के हिस्से में है, जबकि बाकी सीटों पर डीएमके एवं गठबंधन की अन्य पार्टियां अपने उम्मीदवार की घोषणा करेंगी।

## बाबासाहेब का हर बार कांग्रेस ने किया अपमान...उन्हें चुनाव तक हरवा दिया: अनुराग ठाकुर

**नागपुर (एजेंसी)।** कांग्रेस लगातार बीजेपी पर संविधान बदलने का आरोप लगाती है। कांग्रेस के आरोपों पर जबाव देने बीजेपी के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर खुद आगे आए हैं। नागपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कांग्रेस के संविधान बदलने के आरोप को सिरे से खारिज कर कांग्रेस पर संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर का तिरस्कार करने का आरोप लगा दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान एक या दो बार नहीं, बल्कि 62 बार संविधान को अपनी सहूलियत के अनुसार संशोधन किया।



इतना ही नहीं, कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान कभी-भी बाबासाहेब आंबेडकर को भारत रत्न देने की कोशिश की नहीं। बीजेपी जब सत्ता में आई, तब बाबासाहेब को भारत रत्न दिया गया, इससे कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने आंबेडकर की राजनीति में भूमिका को शून्य करने के लिए उन्हें चुनाव में पराजित करवाया। इसके अलावा उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए अलग-अलग समय पर संविधान में संशोधन किया। 17 बार नेहरू ने, 33 बार इंदिरा गांधी ने, 7 बार मनमोहन सिंह ने संविधान में संशोधन किया। इसके बाद कांग्रेस के पास हम पर यह आरोप लगाने का नैतिक अधिकार बिल्कुल भी नहीं है कि हम संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

बीजेपी द्वारा उठाए गए कदमों को कांग्रेस संविधान के साथ खिलवाड़ बता रही है। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को केंद्र ने निरस्त किया, तब कांग्रेस ने इस संविधान के साथ खिलवाड़ बताया। हाल ही में केंद्र द्वारा अधिसूचित किए गए नागरिकता संशोधन कानून को भी कांग्रेस ने संविधान की मूल आत्मा के साथ खिलवाड़ बताया था।

## नीतीश कुमार की आंखों में खटक रहा है लालू का वंशवाद

**नवादा (एजेंसी)।** कभी राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के साथ गलबहियां डालकर नीतीश कुमार घूमा करते थे। अब उस वक्त उनमें कोई कमियां नीतीश को नजर नहीं आई। अब नतीश को लालू का वंशवाद खटकने लगा है। वे चुनावी सभाओं में दावे के साथ कह रहे है कि कि उन्होंने अपने एक भी परिवार के सदस्य को राजनीति में आगे नहीं बढ़ाया है लेकिन लालू हर एक चुनाव में अपना एक बेटा या बेटी को आगे कर देते हैं। नीतीश कुमार ने नवादा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं 18 साल से शासन में हूं, लेकिन अपने परिवार से कितने लोगों को आगे बढ़ाया। ये लोग (लालू परिवार) जब भी सत्ता में आते हैं, अपने परिवार बेटा-बेटी को आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं। आज एक ही परिवार से कितने लोग चुनाव लड़ रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने आगे कहा, कोई जानता है हम लोग के परिवार को लेकिन अब देख लीजिए इन लोगों को जो मौका मिलता है तो पति-पत्नी, बाल-बच्चा, बेटा-बेटी इन्हीं सब को आगे बढ़ा रहा है। मैं सब जाति के लोगों से कहूंगा और जो लोग अपना-अपना जात कह रहे हैं तो उनको भी कहेंगे कि आपको क्यों नहीं आगे बढ़ा रहा है सिर्फ अपने परिवार को ही क्यों आगे बढ़ा रहा है।नीतीश कुमार ने कहा, राजद शासन के दौरान, पति-पत्नी (लालू और राबड़ी देवी) ने 15 वर्षों तक बिहार पर शासन किया। उस दौरान राज्य में पूरी तरह अराजकता थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2005 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से कानून और व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पहले लोग शाम होने के बाद घर से निकल नहीं पाते थे लेकिन अब देर रात बिना भय के कहीं भी आ जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र उनकी सरकार को यथासंभव सहयोग दे रहा है।

## गर्मी के मौसम में रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए व्यापक प्रबंध

**जयपुर।** गर्मियों के मौसम में रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों का अतिरिक्त दबाव रहता है और रेलवे का प्रयास रहता है कि यात्रियों को अधिकाधिक सुविधाएं प्रदान की जाए।स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे द्वारा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए व्यापक प्रबंध किए गए है।




उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के अन्तर्गत आने वाले सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए व्यापक प्रबंध किए गए है। स्टेशनों पर यह सुनिश्चित किया गया है कि स्टेशन पर हर समय पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध रहे। पेयजल की उपलब्धता के लिए स्टेशनों पर पानी के लिए टैंकरों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे पानी की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नही हो सके। यात्रियों को स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए स्टेशनों पर लगे सभी पानी के नलों को दुरस्त किया गया है और पानी के निकास की भी उचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही शीतल पेयजल के लिए स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर कूलरों की सर्विस की गई है ताकि निर्बाध रूप से शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य निरीक्षकों को समय-समय पर स्टेशनों पर उपलब्ध पानी की शुद्धता जांचने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त पानी की स्वच्छता के लिए क्लोराइड आधारित सफाई की भी व्यवस्था की गई है।

स्टेशनों पर यात्रियों को आगामी गर्मियों के मौसम में स्वच्छ पेयजल सम्बंधी प्रबंधन के लिए सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए गए है। इसके साथ ही एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थानों, सेवाभावी संस्थाओ से भी स्टेशनों पर प्याऊ लगाने की पहल करने की अपील की गई हैं। इसके साथ ही स्काउट एवं गाइड, हेल्प ग्रुप इत्यादि से भी विशेष रूप से साधारण श्रेणी डिब्बों के पास जल वितरण करने हेतु सहयोग ?लिया जाएगा।स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए रेलवे द्वारा नियमित मोनीटरिंग की जा रही है। रेलवे का पूरा प्रयास है कि स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को अधिकाधिक सुविधाएं प्रदान की जाए।

## एमवीए में सीट बंटवारे को लेकर मुंबई कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं में नाराजगी

### – खरगे को पत्र लिखकर कहा पार्टी को नुकसान होगा

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे को लेकर भले ही कांग्रेस हाईकमान खुश हो, लेकिन मुंबई व महाराष्ट्र के बहुत सारे कांग्रेस नेता, और पदाधिकारी इस सीट बंटवारे से नाराज हैं। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। मुंबई कांग्रेस महासचिव और अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व सदस्य विश्वबंधु राय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे को पत्र लिखकर चेताया है कि एमवीए में सीट बंटवारे से कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान होगा, जिसकी कीमत पार्टी को आने वाले दिनों में चुकानी होगी। पत्र में राय ने कहा कि उन्होंने महा विकास अघाड़ी गठबंधन को बहुत पहले ही कांग्रेस के लिए खतरा बताया था। आज इस बंटबारे से यह बात सिद्ध हो चुकी है। जिस उद्धव सेना को लोग छोड़कर जा रहे हैं,उस पार्टी को 21 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका देना सबसे बड़ी कमजोरी है। जहां कांग्रेस निश्चित ही जीत सकती है,वहां सीट नहीं दी। बल्कि कांग्रेस को ऐसी सीटें दी गईं, जिस पर जीतना पार्टी के लिए लोहे के चने चबाने जैसा है। कांग्रेस नेता विश्वबंधु ने लिखा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई है, लेकिन अब तक मुंबई में जिलाध्यक्षों ने बूथ कमिटी का गठन नहीं किया है।लोकसभा चुनाव का प्रचार जारी हैं, लेकिन जमीन पर इंडिया गठबंधन नहीं है। हम चुनाव जीतने की तैयारी में नहीं हैं। एमवीए के नेता एकदूसरे के वोट बैंक के भरोसे बैठे हैं। उन्होंने पार्टी में हिंदी भाषी हिंदू नेताओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। एमवीए की संयुक्त प्रेसवार्ता में भिवंडी लोकसभा क्षेत्र से एनसीपी के सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा को उम्मीदवार बनाने की घोषणा के बाद भी कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे नहीं हट रहे हैं। इस लेकर यहां के कांग्रेसियों में खासी नाराजगी है। हालांकि भिवंडी लोकसभा सीट को कांग्रेस की पारंपरिक सीट बताकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अब भी भिवंडी सीट से अपनी उम्मीद नहीं छोड़ी है। इस कारण ठाणे जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दयानंद चोरघे ने भविष्य को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लेने के लिए कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी, जिसमें ठाणे जिला ग्रामीण के शाहपुर, मुरबाड एवं बदलापुर सहित सभी तालुका अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान चोरघे ने कहा कि जिलाध्यक्ष होने के नाते उन्हें जिले के पदाधिकारियों की बैठक बुलाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि सभी पदाधिकारियों द्वारा भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में दो दिन सर्वेक्षण करके रायसुमारी ली जाएगी। इसके बाद सभी पदाधिकारी कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में जाकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस सीट से नौ बार जीती है। 2014 एवं 2019 में कांग्रेस पार्टी हारी जरूर थी, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा था। 2014 में मात्र एक लाख वोट से कांग्रेस हारी थी। उन्होंने कहा कि सुरेश टावरे ने मात्र 22 दिन प्रचार करके पांच लाख मत हासिल किए थे।



## दिल्ली की मंत्री आतिशी ने सरकार को लेकर किया बड़ा दावा

# दिल्ली में लग सकता है राष्ट्रपति शासन !

**एनसीआर समाचार**




**नई दिल्ली।** शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर एक के बाद एक बड़े गंभीर आरोप लगा रही है। इसी कड़ी में अब आप ने केन्द्र सरकार पर दिल्ली सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश का नया आरोप लगा दिया है। जल ससांधन मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ बहुत बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र प्लान किया जा रहा है और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने साजिश चल रही है। उन्होंने उपराज्यपाल द्वारा गृह मंत्रालय को लिखी गई चिट्ठियों पर भी आपत्ति जताई है।

आप नेता आतिशी ने कहा, ह्यदिल्ली सरकार के अधिकारियों ने बैठक में शामिल होना बंद कर दिया है। इन सभी चीजों से पता चलता है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश चल रही है। उन्होंने ये भी कहा कि एक पुराने केस को उठाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव को बर्खास्त कर दिया गया है। यह अरविंद केजरीवाल सरकार को गिराने की एक बड़ी साजिश हो रही है। अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में झूठे केस में फंसा कर भाजपा शासित केंद्र और ईडी ने गिरफ्तार किया है। बीजेपी वाले दिल्ली में चुनाव नहीं जीत सकते हैं, इसलिए चुनी हुई अरविंद केजरीवाल सरकार को गिराना चाहते हैं।

### दिल्ली में भाजपा नहीं हरा सकती केजरीवाल को

उन्होंने कहा, ह्यमैं भाजपा को चेतावनी देती हूं कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना अवैध, असंवैधानिक और दिल्ली के लोगों के जनादेश के खिलाफ होगा। दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को स्पष्ट जनादेश दिया है। आतिशी ने कहा, भाजपा को पता है कि चाहें वे कितना भी जोर लगा लें, वे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं सकते। दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं, दिल्ली के लोग आप को पसंद करते हैं और दिल्ली के लोग भाजपा की हरसंभव कोशिश के बाद आप को ही वोट देते हैं। ये (भाजपा) दिल्ली में चुनाव जीतने वाले नहीं है, इसलिए ये साजिश कर रहे हैं कि दिल्ली की चुनी हुई अरविंद केजरीवाल की सरकार को गिराया जाए।

### सरकार के खिलाफ तैयार किया जा रहा है राजनीतिक षड्यंत्र

आप मंत्री ने कहा, अरविंद केजरीवाल की सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनीतिक षडयंत्र तैयार किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। दिल्ली में पिछले कई दिनों से किसी भी अफसर की पोस्टिंग नहीं हो रही है। दिल्ली में कई विभाग खाली हैं। एलजी साहब पिछले एक हफ्ते से एमएचए को बिना किसी कारण दिल्ली सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिख रहे हैं। एक 20 साल पुराने केस को उठाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के सचिव को बर्खास्त कर दिया गया। ये सब बताता है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश हो रही है।

## मोबाइल फोन चुराकर भाग रहे चोर को पकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीलमपुर मार्केट में मंगलवार को मोबाइल फोन चुराकर भाग रहे एक बदमाश को पीड़ित ने पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने चोर की पिटाई के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया।

हालांकि, उसका साथी मौके से फोन लेकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान न्यू सीलमपुर निवासी 23 वर्षीय फैजान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता 36 वर्षीय इरशाद उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले हैं। वह हिमाचल प्रदेश में फेरी लगाने का काम करते हैं। मंगलवार को वह ईद की खरीदारी के लिए अपने बच्चों के साथ दिल्ली के सीलमपुर मार्केट में आए हुए थे। इस दौरान दोपहर करीब 2:30 बजे जब वह न्यू सीलमपुर में त्रिलोक अस्पताल के पास ऑटो का इंतजार कर रहे थे, तभी पास में खड़े एक लड़के ने उनकी जेब से मोबाइल फोन निकालकर थोड़ी दूरी पर खड़े अपने दूसरे साथी को दे दिया।

## दिल्ली शराब घोटाले में के. कविता को 15 अप्रैल तक सीबीआई हिरासत में

**एनसीआर समाचार**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के.कविता को 15 अप्रैल तक के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया है। बता दे कि जांच एसेंसी ने शुक्रवार को पांच दिनों की रिमांड मांगी थी, जिस पर स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद यह आदेश जारी किया है। सीबीआई ने कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था।

अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने कविता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 477-ए (खातों का फजीर्वाड़ा) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने से संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया है। ईडी के मुताबिक, इंडोस्पिरिट्स के जरिए 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी हुई थीं। ईडी ने कविता को पूछताछ के लिए दो समन भेजे थे, लेकिन इसे नजर अंदाज कर दिया और पेश नहीं हुईं जिसके बाद छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## झरोदाकलां में पासिंग आउट परेड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस अकादमी, झरोदाकलां में दानिप्स अफसरों के 23 वें बैच का शुक्रवार को पासिंग आउट परेड आयोजित किया गया। इन अधिकारियों ने ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आयोजित परेड समारोह में शपथ लिया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने परेड में चलने वाली टुकड़ियों का सैल्यूट लिया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार आज शामिल हुए सात दानिप्स अफसरों में से दो महिलाएं भी हैं। सभी ट्रेन अफसर एजुकेटेड हैं और लगभग सभी टेकनिक से ट्रेंड भी हुए हैं। इनमें से 06 के पास बी.टेक की डिग्री है और एक के पास एलएलबी की है। ये अलग अलग राज्यों से, जैसे राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली से हैं। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ट्रेनिंग छाया शर्मा ने मुख्य अतिथि, और अन्य पुलिस अधिकारियों और अन्य मेहमानों का स्वागत किया। इस अवसर पर दानिप्स अफसरों के परिवार के सदस्यों ने भी उनकी ट्रेनिंग पूरी होने पर बधाई दी। इन साभी ट्रेंड ऑफिसरों को प्रशासन, निरीक्षण, कंप्यूटर, साइबर अपराध, ट्रैफिक नियम, मानवाधिकार, और पुलिस जांच तकनीकों जैसे विषयों के बारे में भी पूरी ट्रेनिंग दी गई है। अफसरों को जेंडर सेंसिटाइजेशन, योग, तनाव प्रबंधन, पीटी, परेड, अनार्म्ड कॉम्बैट, और मॉडर्न हथियारों से अग्निस्त्र फायरिंग जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। उन्हें नए आपराधिक कानूनों में भी प्रशिक्षित किया गया

इन्होंने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात द्वारा साइबर फोरेंसिक्स, इंटेलिजेंस ब्यूरो द्वारा खुफिया सूचना एवं सीमा सुरक्षा बल द्वारा सीमा पर पुलिस पिकेट एवं ड्रोन संबंधित सुरक्षा खतरों की जानकारी प्राप्त की।

## राजधानी में अगले तीनों के बीच दिन बारिश होने के आसार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में शुक्रवार का दिन इस साल का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अगले तीन दिन राजधानी में बादल, तेज हवा और बारिश का दौर रहने के आसार हैं। दिनभर तेज धूप निकलने के चलते अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सफदरजंग में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले दस अप्रैल को पारा 39.1 डिग्री था। वहीं, न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां पर आर्द्रता का स्तर 72 से 26 फीसदी तक रहा। दिल्ली के नजफगढ़ में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि पीतमपुरा क्षेत्र की रात सबसे ज्यादा गर्म रही। यहां का न्यूनतम पारा 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी के लोगों के लिए राहत की बात यह है कि अब मौसम में बदलाव होने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले तीन दिनों के बीच बादल, बारिश और तेज हवाओं का दौर बीच-बीच में आने की उम्मीद है। शनिवार की शाम से ही यह बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके चलते अधिकतम तापमान में छह डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति भी 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हो सकती है।

## रूस के एचएसई विश्वविद्यालय के साथ डीयू ने किया समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचएसई विश्वविद्यालय की रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोव ने विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान रूस के एचएसई विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए। डीयू के रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और एचएसई विश्वविद्यालय की रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोव ने दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दोस्ती की भावना से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग की दिशा में यह पहला कदम है। उन्होंने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया।



इस एमओयू में विद्यार्थियों, शोधकताओं और संकाय के आदान-प्रदान के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रों में ज्ञान और अनुभव साझा करना शामिल है। इसके तहत संयुक्त शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे। इस अवसर पर एचएसई विश्वविद्यालय के सहयोग से, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संकाय में एक उत्कृष्टता केंद्र और मिरर लैब का उद्घाटन भी किया गया। यह एचएसई विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक आदान-प्रदान, गतिशीलता आदि को बढ़ावा देने के लिए एक विदेशी विश्वविद्यालय में कैंपस उपस्थिति के एक अन्य तरीके के रूप में एक आउटलेट प्रदान करेगा, साथ ही संयुक्त अनुसंधान पहल को एक जगह बढ़ावा देने की सुविधा भी प्रदान करेगा। संकाय सदस्य इस स्थान का उपयोग संयुक्त अनुसंधान, गतिशीलता और आदान-प्रदान आदि के लिए कर सकते हैं। यह पारस्परिक हितों के अनुसार कंप्यूटिंग, आईटी, भौतिकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन सहित किसी भी क्षेत्र में द्विपक्षीय अनुसंधान प्रकाशनों और संयुक्त सम्मेलनों के आयोजन, पहचाने गए क्षेत्रों व डोमेन, मास्टर प्रोजेक्ट आदि में अल्पकालिक अध्ययन कार्यक्रमों व गहन पाठ्यक्रमों का डिजाइन आदि की सुविधा प्रदान करेगा।

## स्कूल बस ने स्कूटी सवार व ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपी स्टेट थाने के पास आज एक प्राइवेट स्कूल की बस का अचानक एक्सीडेंट हो गया। जिसकी चपेट में एक ऑटो और एक स्कूटी सवार आ गए। हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। ऑटो और बस में सवार एक बच्चे को हल्की चोट लगी है। इस एक्सीडेंट से सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने पहुंचकर रास्ते को सुचारू करवाया। मृतक स्कूटी सवार की अभी पहचान नहीं हो पाई है।डीसीपी (मध्य जिला) एम. हर्षवर्धन ने इस एक्सीडेंट के मामले की पुष्टि करते हुए बताया की स्कूली बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित हैं। केवल एक स्कूटी सवार की एक्सीडेंट की वजह से मौत हुई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार ड्राइवर ने अचानक रेड लाइट होने पर बस में ब्रेक लगाया, लेकिन तुरंत ब्रेक लगी नहीं और उसकी वजह से स्कूटी और ऑटो को टक्कर मार दिया। घायल स्कूटी सवार को नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि ऑटो ड्राइवर और एक स्कूली बच्चा मामूली रूप से घायल हुआ है।

यह हादसा आईपी स्टेट थाना इलाके में आईटीओ के पास मेन रोड पर रेड लाईट पर हुआ है। एक्सीडेंट के दौरान उस प्राइवेट स्कूल के बस में लगभग 42 बच्चे सवार थे। बस सभी बच्चों को लेकर स्कूल की तरफ जा रही थी।

## खुद को पुलिस वाला बताते, फोन करके बेटे के पकड़े जाने की बात कहकर हजारों रुपये ऐंठते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में बैठकर खुद को पुलिस वाला बताकर परिवार वालों को धमकी देकर हजारों लाखों रुपये ऐंठने वाले एक गैंग का रोहिणी साइबर थाना पुलिस ने पदार्फाश किया है। गैंग के पांच आरोपियों विश्वजीत गिरी, सुधीर पाल, रवि कुश्वाह, कुंजी लाल अहिरवार और माया सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चार मोबाइल फोन, 41 सिमकार्ड, 18 बैंक खातों की पासबुक व दस्तावे और दस डेबिट कार्ड जब्त किये हैं। पुलिस आरोपियों की फोन कॉल और बैंक खातों की डिटेल खंगालकर जानने की कोशिश कर रही है कि अभी तक गैंग कितनों को अपना शिकार बना चुका था। शुरूआती जांच में एक सिम नंबर से भोपाल के 30 लोगों से ठगी करने की बात भी सामने आई है।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर दीपक कुमार गुप्ता से उनके साथ हुई धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। इसके अलावा, फोन करने वाले ने बताया कि उसका बेटा अपने तीन दोस्तों के साथ उसके कब्जे में है। कॉलर ने 70 हजार रुपये की मांग की। बेटे की रिहाई के एवज में उसने कॉलर द्वारा बताए खाते में रुपये जमा भी करवा दिये। कॉलर से आग्रह करने पर जब उसने बेटे से बात से कुछ सैकेंड बात करवाई तो बोली बेटे जैसी ही लगी थी। लेकिन बाद में एहसास हुआ कि उसके साथी ठगी हुई है। रोहिणी साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसएचओ चैतन्य अभिजीत के निर्देशन में एसआई अंकित यादव, एसआई अंकुर तोमर, हेड कांस्टेबल अजय, आशीष नैन, अजय, प्रदीप, कांस्टेबल जॉनी को आरोपियों को पकड? का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से कॉलर का नंबर और बैंक खाता नंबर लेकर जांच शुरू की। जांच करने पर पता चला कि बैंक के अधिकारियों से बातचीत करके खाते को सीज करवाया। खाते की पूरी डिटेल ली। मोबाइल फोन नंबर की जांच करने पर नंबर मध्य प्रदेश के बोहपाल में ट्रैस किया गया। पुलिस टीम ने भोपाल, मध्य प्रदेश से विश्वजीत गिरी को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर पता चला कि वह पीड़ित के खाते से ठगी गई रकम प्राप्त करने के लिए भोपाल में बैंक खातों की व्यवस्था करता था। वह निम्न वर्ग के लोगों को बैक खाते खोलने के लिए कुछ पैसे के बदले अपने दस्तावेज उपलब्ध कराने का लालच देता था। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि बिहार में स्थित अपने सहयोगियों के निर्देश पर उनके द्वारा हर दिन धोखाधड़ी के लगभग 2-3 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित किए जाते थे। उसकी निशानदेही पर उसके बाकी चार ओर आरोपियों को उनके मध्य प्रदेश के ठिकानों से दबोच लिया। कथित विश्वजीत गिरी की निशानदेही पर उसके कब्जे से 40 मोबाइल फोन, 41 सिम कार्ड, 10 डेबिट कार्ड और विभिन्न बैंक खातों के 18 पासबुक जब्त किए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गैंग पहले तो डाटा कुछ हजार रुपये देकर खरीद लिया करता है। डाटा की पूरी जानकारी इक्ट्ठा करने के बाद वह एक तूक्का लगाता है। अगर तुक्का सही बैठ जाता है तो वहीं से हजारों लाखों रुपये आ जाते हैं। एक दिन में गैंग सौ से ज्यादा कॉल किया करते हैं। कुछ दिन पहले गैंग ने नेताजी सुभाष पैलेस में एक व्यक्ति को फोन कर बोला था कि हम पुलिस वाले हैं और बेटा हमारे कब्जे में है। एक वारदात में पकड़ा गया है।

## एक नजर

### प्रदूषण का प्रकोप : धूल और धुएं के चलते खराब हो रही वायु गुणवत्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता का स्तर खराब रहा। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 अंकों के ऊपर पहुंचा हुआ है। धूल और धुएं के कणों में हुई बढ़ोतरी को इसका कारण माना जा रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 231 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले गुरुवार को यह 238 अंक पर था। वहीं, दिल्ली के दो इलाके ऐसे हैं, जहां का सूचकांक शुक्रवार को 300 के पार पहुंच गया। हवा की गति कम होने के चलते वायु मंडल में धूल कणों की मात्रा बढ़ी हुई है। पतझड़ का मौसम होने के चलते पत्तों को जलाने की घटनाएं भी बहुत होती हैं, जिससे धुएं के कण भी बढ़ गए हैं। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, अगले दो दिनों में हवा की रफ्तार तेज होने और हल्की बारिश होने के चलते प्रदूषण के स्तर में सुधार होगा।

### आप और कांग्रेस के नेता अपने समर्थकों के साथ हुए बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के नेता और समाजिक कार्यकर्ता अपने-अपने समर्थकों के साथ आज भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व महापौर आरती मेहरा, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रभारी डा. अनिल गुप्ता एवं निगम पार्षद संदीप कपूर ने पार्टी में उनका स्वागत किया। कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन, आप के लवकेश शर्मा, भारतीय स्वदेशी कांग्रेस के संस्थापक संजय अग्रवाल, बपरौला से निर्दलीय निगम चुनाव लड़ने वाले रविंद्र फोगाट फौगाट, समाजिक कार्यकर्ता डिम्पल खन्ना ने भाजपा की सदस्यता ली। मेहरा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर दूसरे दलों के नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। बिष्ट ने कहा कि कई राजनीतिक पार्टियां झूठे वादे करती हैं। मोदी जनता से किए वादे पूरे करते हैं।

### दिल्ली के सीलमपुर में व्यक्ति के सिर में गोली मारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्व दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 35 वर्ष के एक व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार को करीब से सिर में गोली मार दी। यह जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय तिर्की ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित शाहनवाज को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचाया और बाद में उसे लोक नायक अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि उसकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। उन्होंने बताया कि शाहनवाज पेशे से एक श्रमिक है। डीसीपी ने कहा कि पुलिस को शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे कबीर मार्केट में एक व्यक्ति के सिर में गोली मारे जाने के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। उन्होंने कहा, एक दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और यह पता चला कि शाहनवाज के सिर में गोली लगी है। उन्होंने कहा, एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सड़क पर चलते समय एक व्यक्ति ने शाहनवाज को पीछे से, करीब से गोली मार दी। तिर्की ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से एक गोली भी मिली है। उन्होंने कहा, सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अपराध निरोधक दस्ता और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला दल ने घटनास्थल का दौरा किया। दोषियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हम घटना के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे की जांच की जा रही है।

### अदालत ने सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया।

सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उसी दिन मामले पर सुनवाई कर सकती है।

सीबीआई के साथ ही ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया। जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया है कि लाभार्थियों ने आरोपियों को "अवैध" लाभ पहुंचाया और जांच से बचने के लिए उनके बहीखातों में गलत प्रविष्टियां कीं। सीबीआई ने "घोटाले" में कथित भूमिका के लिए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया था। ईडी ने नौ मार्च 2023 को सीबीआई की प्राथमिकी से निकले धन शोधन के मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

### 10 दिन के भीतर दिल्ली सरकार निगम को 738 करोड़ रुपये जारी करें : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व और सेवारत कर्मचारियों का बकाया भुगतान करने में सक्षम बनाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को 738 करोड़ रुपये की बेसिक टैक्स असाइनमेंट किस्त दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को जारी करने का निर्देश दिया है। कर्मचारियों के वेतन भुगतान से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि 10 कार्य दिवसों के भीतर 738 करोड़ रुपये की राशि जारी करें।

वहीं, एमसीडी ने पीठ के समक्ष कहा कि दिल्ली सरकार से जैसे ही राशि प्राप्त होगी, उसके सभी सेवारत और पूर्व कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग (सीपीसी) के अनुसार उनका बकाया भुगतान कर दिया जाएगा। साथ ही पीठ को आश्वासन दिया गया कि पूर्व कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान 12 सप्ताह के भीतर किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि भविष्य में वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों को समय पर वेतन और पेंशन का भुगतान किया जाएगा। एमसीडी के बयान को रिकार्ड पर लेते हुए पीठ ने कहा कि एमसीडी उक्त वचन को पूरा करने के लिए बाध्य होगी।

**2017 में दायर विभिन्न याचिकाओं का निपटारा**

दिल्ली सरकार को दिए गए निर्देश व एमसीडी के आश्वसन को देखते हुए पीठ ने वर्ष 2017 में दायर की गई विभिन्न याचिकाओं का निपटारा कर दिया। कोरोना महामारी के दौरान कुछ शिक्षकों वे संगठनों ने वेतन का भुगतान न करने के विरुद्ध याचिका दायर की थी। इसके साथ ही अदालत ने निर्देश के अनुपालन के लिए सुनवाई 23 जुलाई के लिए स्थगित कर दी।

**भुगतान न करने पर एमसीडी को फटकार**

पिछली सुनवाई पर अदालत ने कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के तहत बकाया राशि का भुगतान न करने पर एमसीडी को फटकार लगाई थी। अदालत ने कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि समय-समय पर भुगतान करने के आश्वासन के बावजूद तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया जा रहा है।

# भाजपा की सरकार में घबरा रहे अपराधी : बृजेश पाठक

एनसीआर समाचार



**हरदोई।** हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वॉलंटियर्स सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी और भाजपा है तो दूसरी तरफ वाले सड़ी हुई मिठाई दूसरे डिब्बे में पैक करके लाए हैं। पहले यूपीए वन, यूपीए टू और अब इंडी गठबंधन। यह बवाली लोग हैं और भ्रष्टाचार में गले तक डूबे हैं। यह लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधी घबरा रहे हैं। घर की बेटियां जब पढ़ने जाती थीं तो छेड़खानी होती थी। आज 25000 मनचले जेल के अंदर हैं।

शहर के नारायण धाम में रविवार को आयोजित सम्मेलन में डिप्टी सीएम ने पूरा भाषण हरदोई स्थानीय बोली में ही दिया। उन्होंने कहा कि शौचालय बनवाकर मोदी ने महिलाओं को इज्जत से जीने का हक दिया है। आयुष्मान भारत योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना का जिक्र भी उन्होंने किया। रविवार को ही घोषित भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि आवासीय योजनाओं और आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाया जाएगा। सूबे की कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि अब जनता नहीं गुंडे डरते हैं। गुंडों की हालत पतली है। गले में तख्ती लटकाकर गुंडे खुद थाने पहुंचते हैं कि हम सब्जी बेच लेंगे पर अपराध नहीं करेंगे।

विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सब सड़कें लपलपऊंआ हो गई हैं। सम्मेलन को भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह और राजीव रंजन मिश्र, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री ओम वर्मा और जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सोशल मीडिया सेल के क्षेत्रीय संयोजक आयुष वाजपेयी, जिला संयोजक प्रद्युम्न आनंद मिश्रा, आईटी सेल के जिला संयोजक सौरभ सिंह गौर, भाजपा के जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा और सत्येन्द्र राजपूत भी मंच पर मौजूद रहे।

**जय प्रकाश के लिए बोले पाठक**

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्थानीय बोली में ह्यकहा कि हियन के लोग भाग्यशाली हईं। जय प्रकाश जईसो सांसद मिलो। सीधो साधो आदमी हई। मरकहिया गाय नाई हई। कोई केंरे खुड़पेच नाई कत्ति। अबकी जीत केरो रिकॉर्ड बनवाइ देऊ। इनके संग हम फ्री हईं, जईसे नुमाइश खतम होन बेरा एक चीज संग एक फ्री मिल्ति।

# बसपा ने गाजीपुर से डॉ. उमेश सिंह पर लगाया दांव

एनसीआर समाचार



**वाराणसी।** बसपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट से डॉ. उमेश सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसकी घोषणा लंका में आयोजित कार्यक्रम में की गई। वह मूलतः सैदपुर के मुड़ियार गांव के निवासी हैं। वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय से विज्ञान वर्ग से स्नातक कर एलएलबी और एलएलएम करते हुए छात्र राजनीति में भी सक्रिय रहे। 1991-92 में वह बीएचयू के छात्र संघ महामंत्री चुने गए। लखनऊ विश्वविद्यालय से विधि विषय में नेट की परीक्षा पास कर पीएचडी की। इस दौरान वह उत्तर भारत में पटना से लेकर दिल्ली तक विद्यार्थियों के मुद्दों पर छात्र युवा संघर्ष मोर्चा बनाकर आंदोलन किया। छात्र जीवन के बाद वह उच्चतम न्यायालय, दिल्ली में अधिवक्ता की भूमिका में कुछ समय बिताया फिर, उसके बाद वह पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के साथ जनमोर्चा में भी लगे रहे। जब देश में अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आगाज हुआ तो अरविंद केजरीवाल, प्रशांत भूषण, वीके सिंह, आनंद कुमार, योगेंद्र यादव, किरण बेदी के साथ इस आंदोलन की कोर टीम में शामिल रहे। 2014 में जब नरेंद्र मोदी वाराणसी में लोकसभा चुनाव लड़ने आए तो बनारस में छात्रनेताओं को लेकर अरविंद केजरीवाल के साथ चुनाव प्रचार कर रहे थे। हालांकि अरविंद केजरीवाल ने बिहार प्रांत का चुनाव प्रभारी बनाया, लेकिन उन्होंने जल्द ही आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

## एक नजर

### बहराइच सीट पर हैट्रिक की तैयारी में भाजपा

**बहराइच।** भाजपा ने लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बदलकर नए चेहरे पर दांव लगाया है। सपा ने भी इसी फामूर्ले को आजमाया है। बसपा अभी तक प्रत्याशी ही घोषित नहीं कर सकी है। फिलहाल लगातार दो चुनाव में धमाकेदार जीत हासिल करने वाली भाजपा हैट्रिक की तैयारी में है, लेकिन गठबंधन की ओर से सपा की मोचेबंदी पहले से कहीं ज्यादा बेहतर है। ऐसे में चुनावी समर में रोमांचक संग्राम नजर आएगा। हार-जीत काफी हद तक बसपा के रुख पर भी निर्भर करेगा।

भाजपा ने सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे पर भरोसा जताते हुए डॉ. आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। इससे पूर्व भी भाजपा ने पिछले दो लोकसभा चुनावों में नए चेहरे पर दांव खेला था, हालांकि 2014 में जीतने वाली सवित्रिबाई फुले से पार्टी ने किनारा कर लिया था। इस कारण वह कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। ऐसे में भाजपा ने 2019 में अक्षयवरलाल गोंड को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने भी पार्टी नेतृत्व के निर्णय को सही साबित करते हुए 1.28 लाख से अधिक मतों के अंतर से धमाकेदार जीत हासिल की थी। अब भाजपा ने 2024 के चुनाव में निवर्तमान सांसद के बेटे को आगे बढ़ाया है। मुस्लिम बहुल सीट पर सपा दो दशक से अपनी खोई जमीन तलाशने में जुटी हुई है। वर्ष 2004 में पहली बार सपा के कद्दावर नेता डॉ. वकार अहमद शाह की पत्नी रुआब सईदा ने चुनाव जीता था। इसके बाद सपा दो दशक से चुनाव में हांफती नजर आ रही है। हालांकि सपा ने भी इस बार नए चेहरे पर दांव लगाते हुए पूर्व विधायक रमेश गौतम को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा के रणनीतिकार मान रहे हैं कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को आगे बढ़ा सकती है। ऐसा हुआ तो चुनाव का रोमांच देखते ही बनेगा।

### बाबा साहेब का मिशन अधूरा, बसपा करेगी पूरा : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को देश के करोड़ों गरीबों, शोषितों, वंचितों, उपेक्षितों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को आज ओपी उनकी जयन्ती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित की है। साथ ही उनके अनुयायियों से इनके आत्म-सम्मान व स्वाभिमानी मूवमेन्ट के मिशनरी कारवाँ को मंजिल तक पहुंचाने की अपील की। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब का मिशन अधूरा, बीएसपी पूरा करेगीह्न, यह केवल एक नारा नहीं बल्कि वह दृढ़ संकल्प व मिशन है जिसको लेकर पार्टी बनी और यूपी में चार बार सरकार बनी। उस दौरान इसको जमीनी हकीकत में काफी हद तक उतारा गया। वर्तमान लोकसभा चुनाव भी इसी लक्ष्य को लेकर पूरे तन, मन, धन से लड़ना है।

### भाई ने नाबालिग बहन की हत्या कर खुदकुशी की

बहराइच । थाना खैरीघाट क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने घर में अपनी 16 वर्षीय बहन की कथित तौर पर फावड़े से वार कर हत्या कर दी और फिर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार की रात गांव के चौकीदार ने इस घटना की सूचना थाने को दी। उन्होंने बताया कि थाना खैरीघाट क्षेत्र के ग्राम पंचायत थैलिया के मजरा बढ़ुवापुर गांव के चौकीदार ने थाने में सूचना दी कि श्यामा देवी (16) की उसके भाई मुंशीलाल (29) ने घर में फावड़े से वार कर हत्या और फिर मुंशीलाल ने घटनास्थल से कुछ दूर एक पेड़ से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर जब पुलिस बल पहुंचा तो घर से उनकी मां, बड़ा भाई और भाभी फरार हो चुके थे। उन्होंने बताया कि अब तक की गयी जांच में घटना के कारण का पता नहीं लग सका है और घर में किसी विवाद की बात भी अभी तक सामने नहीं आई है। सिंह ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की गहराई से तहकीकात कर रही है।

### केशव का कांग्रेस पर हमला: 'इस बीमारी से मुक्ति पा लीजिए

**महराजगंज।** 10 साल जो देखा है, वह अभी ट्रेलर है। असली तस्वीर चार जून के बाद दिखेगी। एक परिवार से राष्ट्र की राजनीति नहीं होती है। वक्त आ गया है, अब सपा बसपा से मुक्ति पा लीजिए। अब कांग्रेस रुपी बीमारी से मुक्ति पा लीजिए। पहले मतदान की शपथ लेकर जाएं, मतदान के बाद ही जलपान करिएगा। 500 साल के बाद रामलला का मंदिर बना कर दिया है। पीएम की सीट के बाद सबसे ज्यादा मत से महाराजगंज की सीट आनी चाहिए। विरोधियों के पास भी संकल्प लेकर जाएं और पूछे की मोदी को पीएम बनने से रोक सकते हैं क्या? ये बातें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं।

**'100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा'**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वालंटियर्स को शहर के एक निजी होटल में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश का चुनाव है। एक चाय बेचने वाले को देश चलाने के लिए जनता ने दिया है। 100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा है और बंटवारा मत में भी आधा हमारा है। एक जून को महराजगंज में रिकार्ड 11 लाख मतों से जिताना है।

**'जो देश का पैसा लूटते हैं, उन्हें भेजा जेल'**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। जो देश का पैसा लूटते हैं, उनको जेल भेज दिया गया। 52 करोड़ से अधिक जनधन के खाते खोल कर सीधा लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा है, विरोधी इसी से तिलमिला गए हैं। 34 लाख करोड़ रुपया लाभार्थियों के खाते में गया है। उन्होंने कहा कि मैं तो कांग्रेस को कहता हूं की भ्रष्टाचार की अम्मा हैं। ईडी के छापे लुटेरों के घर पड़ना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर सारे विरोधियां टूट पड़ेंगे। सोशल मीडिया एक प्लेटफार्म है। जिसमें विरोधी भी आकर घुस जाते हैं, सचेत रहने की जरूरत है। चुनाव के बाद देश 100 साल आगे जाएगा।

### हाईवे किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में युवक का शव राठ-हमीरपुर राज्य मार्ग पर सड़क किनारे एक खेत की पटरी पर पड़ा मिला है। परिजन गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या कर शव को सड़क किनारे खेत में फेंके जाने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया दुर्घटना मान रही है। सदर कोतवाली क्षेत्र के कलौलीतीर गांव निवासी विकास वर्मा (25) पुत्र लल्लू प्रसाद वर्मा का शव राठ हमीरपुर राज्य मार्ग पर सड़क किनारे रविवार सुबह पड़ा मिला। खेत गए पड़ोसी ने उसे पहचान कर परिजनों को सूचना दी। मझले भाई रामजी ने पुलिस को बताया कि वह तीन भाई हैं। बड़ा भाई महेश्वरीदीन जयपुर मजदूरी करता है। वह दिल्ली में मजदूरी करता है। गांव में अविवाहित छोटा भाई विकास व मां पार्वती व पिता रहते हैं। विकास गांव में मेहनत मजदूरी करके माता पिता व अपना गुजारा करता था। वह मंगलवार को गांव आया था। बताया कि विकास शनिवार शाम करीब सात बजे गांव निवासी गुलशन वर्मा के साथ उसके चाचा के खेत में दोनों गए थे। सुबह उसका शव हाईवे किनारे खेत की पटरी पर पड़ा मिला है। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना का मामला प्रतीत होता है। पूछताछ के लिए उसके साथी गुलशन को हिरासत में लिया गया है। कहा कि मृतक शराब का भी आदी था।बहन से प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर कर चुके मारपीट भाई रामजी ने बताया कि विकास के चेहरे व सिर पर चोंट के निशान व गले में रस्सी से गला कसने के निशान पाए गए हैं। दांत भी टूटे हैं। उसके भाई की हत्या की गई है।बताया कि गांव का ही एक परिवार उसके भाई पर अपनी बहन को परेशान करने का आरोप लगाकर मारपीट कर चुका हैं। मामला पुलिस तक भी पहुंचा था। जहां पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर जांच करते हुए भाई को डांट डपटकर छोड़ दिया था।

# आगे चल रहे ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, सात लोग जिंदा जले



एनसीआर समाचार

**सीकर।** सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी में आशीर्वाद चौराहे के पास स्थित पुल पर रविवार दोपहर कार और ट्रक की टक्कर में कार सवार सात लोग जिंदा जल गए। कार में दो बच्चों और तीन महिलाओं सहित सात लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार पुल पर कार अपने आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार में आग लग गई आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया और कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्कल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले थे। सालासर बालाजी मंदिर से हिसार जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कार सवार मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर मौजूद फतेहपुर शेखावाटी पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने में जुटी है।

# केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ाई के नए मानक, अब प्रत्येक कक्षा में सिर्फ 32 बच्चों को मिलेगा प्रवेश

एनसीआर समाचार




**प्रयागराज।** केंद्रीय विद्यालयों की कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या में कमी कर दी गई है। अब किसी भी कक्षा में 32 से अधिक बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पहले यह मानक 40 बच्चों का था। इस बदलाव से अभिभावकों में नाराजगी है। इस कारण कक्षा एक के अलावा अन्य कक्षाओं में प्रवेश नहीं हो रहा है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत यह बदलाव किया गया है।

जिले में 10 केंद्रीय विद्यालय हैं। सैन्यकर्मियों के बच्चों का इन विद्यालयों में प्राथमिकता में प्रवेश हो जाता है। उसके बाद रिक्त सीटों पर अन्य वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है। इस बार प्रवेश की गाइडलाइन जारी हुई तो पूर्व के सापेक्ष प्रत्येक कक्षा में बच्चों की संख्या कम कर दी गई है। केवल कक्षा एक में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। कक्षा दो से 11वीं तक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए फार्म नहीं दिए जा रहे हैं। कई विद्यालयों ने दो से ऊपर की कक्षाओं में प्रवेश न होने का बोर्ड लगा दिया है।

प्राचार्यों ने बताया कि पहली कक्षा में विद्यार्थियों का मानक 40 का था। हर वर्ष प्रत्येक कक्षा में औसतन चार या पांच बच्चों के अभिभावकों के तबादले के कारण स्कूल छोड़ते थे तो उनके स्थान पर दूसरे बच्चों को प्रवेश मिल जाता था। इस बार कक्षा का मानक कम कर दिया है। अब कुछ बच्चे स्कूल छोड़ेंगे, तब भी कक्षा की क्षमता 32 से अधिक रहेगी। उन्होंने बताया कि अब केवल केवल कक्षा एक में ही प्रवेश हो रहा है। उसके लिए आनलाइन आवेदन 15 अप्रैल तक लिया जाएगा। प्रवेश का परिणाम 22 अप्रैल को जारी कर दिया जाएगा। 30 जून तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी है।

**श्रेणी एक और दो को रियायत...**जिस विभाग के परिसर में केंद्रीय विद्यालय है। वहां के कर्मियों के बच्चों को प्रवेश में रियायत दी है। उनके बच्चों को कक्षा एक में अधिकतम 40 की क्षमता तक और दो से 11वीं तक 45 की क्षमता तक प्रवेश दिया जाएगा।

**प्रवेश के लिए भटक रहे अभिभावक...**केवी में प्रवेश के लिए अभिभावक परेशान हैं। धूमनगंज की सरोज देवी ने अपनी बेटी का कक्षा नौ में प्रवेश के लिए केवी न्यू कैंट, केवी मनौरी और केवी बमरौली गई लेकिन फार्म नहीं मिला। ऐसे ही कन्हईपुर के त्रिभुवन सिंह भी अपने बेटे का कक्षा पांच प्रवेश कराने के लिए भटक रहे हैं। करेली के तलहा रहमानी ने कक्षा चार में बेटे का प्रवेश करवाने के लिए कई केवी का चक्कर लगाया लेकिन फार्म नहीं मिला।

# बाबा साहब के बनाये संविधान पर चलने की आवश्यकता : डॉ सीएस भारती

एनसीआर समाचार

**जौनपुर।** भारतीय संविधान के जनक,चिंतक, समाज सुधारक भारत रत्न भीमराव आम्बेडकर ने जो भारत के लिए त्याग और समर्पण किया उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जो संविधान दिया भारत को इस संविधान की देन है कि हम आज आजादी से पूरी स्वतंत्रता से अपने विचार और हर तरह की आजादी है। उक्त बातें रविवार को भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती पर वरिष्ठ चर्म और यौंन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सीएस भारती ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।

भारती ने कहा कि बाबा साहब ने जो सपनों का भारत देखा था। अभी भी कहीं ना कहीं कुछ कमी रह गई है। जिसे समाज के हर वर्ग को मिलजुल कर उस खाई को पाटना होगा। तभी उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में भेद भाव असमानता आदि के लिए बाबा साहब ने जो लड़ाई लड़ी थी। वह अभी कहीं ना कहीं अधूरी है। जिसे शिक्षा और ईमानदार लोगों को जागरूक होते हुए नई पीढियों को भी जागरूक करना पड़ेगा। भारती ने बाबा साहब के एक कोटेशन का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जिससे हम बड़ी से बड़ी समस्याओं का हम निदान कर सकते हैं। वही दूसरी तरफ बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के 131 वें जन्मोत्सव पर शाहगंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भव्य शोभायात्रा निकल गई। सुबह से ही कार्यकर्ता पूरी उत्साह के साथ तैयारी में जुटे दिखाई दिए। नव प्रभात सेवा समिति सहित कई समितियां द्वारा निकाली जा रही शोभायात्रा बहुत ही विकराल रूप शाहगंज नगर के जेसीस चौक पर ले ली।

कार्यकताओं ने दिन की शुरूआत अंबेडकर नगर मोहल्ला स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माला और फूल चढ़कर अपनी खुशी का इजहार किया। शाहगंज नगर के मच्छर हट्टा स्थित प्राथमिक विद्यालय में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार यादव, सभासद पति कैलाश, डॉ जेपी दूबे देवी प्रसाद पुष्पजीवी सहित तमाम नगर वासी गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ पुष्पजीवी ने कहा कि भीमराव अंबेडकर आज पूरे विश्व में एक पहचान है।

इनकी सोच आज भी इतिहास में दर्ज है। शोभायात्रा आजमगढ़ रोड स्थित महाराष्ट्र बैंक के बाहर से भिन्न-भिन्न कड़ियों में जुड़ती गई और पूरे नगर का भ्रमण करते हुए कोतवाली चौराहा के रास्ते अपने गन्तव्य को समाप्त हुई। आंबेडकर प्रतिमा, झांकियां, डीजे, सहित तमाम मनोरंजन के साधनों के साथ युवक युवतियां सहित महिलाओं ने ढोल नगाड़ों के साथ नाच गाने के साथ अंबेडकर की जयकारों के साथ नारा लगाया। क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय मय फोर्स पूरे नगर में भ्रमण करते दिखाई पड़े। ट्रैफिक व्यवस्था शाहगंज नगर के चारों दिशाओं में डाइवर्ट कर दिया गया था। जिससे कि नगर में वाहनों का प्रवेश ना हो सके।

# नुसूचित जाति के युवक से अध्यापक प्रताड़ित, करता गाली गलौज




**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में सहायक अध्यापक ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। बताया कि अनुसूचित जाति का युवक जान से मारने की धमकी देता है। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मामला किशनी थाना क्षेत्र के बरिहा गांव का है। गांव निवासी सहायक अध्यापक विवेक सिंह चौहान ने थाने में तहरीर दी। पुलिस को बताया कि पड़ोसी गांव ख्वाजापुर का रहने वाला अनुसूचित जाति का ध्रुव सिंह दिवाकर आए दिन गाली गलौज करता रहता है। विरोध करने पर उसे एससी-एसटी के मामले में फंसाने की धमकी देता है। आरोपी शराब के नशे में रहता है और के किसी के भी समझाने पर नहीं मानता। गांव के कई लोग उसे समझा चुके हैं. लेकिन उसने गालियां देना बंद नहीं किया। नौ अप्रैल की शाम को भी शराब के नशे में आकर उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर धमकी दी गई।

सहायक अध्यापक ने बताया कि शराबी की आए दिन की हरकतों से वह परेशान आ चुका है। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपी ध्रुव सिंह दिवाकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# डीएम के निर्देश के बाद कॉन्वेंट स्कूलों की किताबों के रेट घटे

**आगरा।** आगरा में स्कूलों की मनमानी पर शनिवार को अभिभावकों को पहली जीत मिली। अमर उजाला की मुहिम और जिलाधिकारी के सख्त तेवर के बाद बिचपुरी रोड स्थित श्री चैतन्य टेक्नो विद्यालय ने कक्षा से 1 से 5 तक की किताबों के सेट पर 3471 से 3696 रुपये तक घटा दिए हैं। बाकी कॉन्वेंट स्कूलों के पास 16 तक मौका है।

नया सत्र शुरू होते ही किताब, कॉपी, ड्रेस से लेकर फीस तक में मनमानी बढ़ोतरी की गई। विरोध में एक तरफ अभिभावक सड़क पर उतरे तो दूसरी तरफ अमर उजाला ने उनकी आवाज बुलंद की। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने अमर उजाला की खबरों का संज्ञान लेकर शिक्षा विभाग और स्कूल प्रबंधन को मनमानी बढ़ोतरी पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

शनिवार से इसका असर शुरू हो गया। बिचपुरी स्थित श्री चैतन्य टेक्नो विद्यालय में किताबों की कीमत घटा दी गई है। जो किताबें पहले 10800 रुपये का सेट में थीं वह अब 7304 रुपये में मिलेंगी। जो छात्र-छात्राएं महंगी किताब का सेट खरीद चुके हैं। घटी हुई कीमत उन छात्र-छात्राओं की फीस में समायोजित की जाएगी। इस राहत के बाद शहर में 15 हजार से अधिक अभिभावकों को आईसीएसई, सीबीएसई स्कूल में महंगी किताबों के सेट व फीस में राहत की उम्मीद जागी है। इस संबंध में विद्यालय की तरफ से अभिभावकों को संदेश भेजे जा रहे हैं।

**नहीं घटाई तो होगी सख्त कार्रवाई....**बीएसए जितेंद्र गोंड ने बताया कि स्कूलों की सुनवाई के लिए 12 अप्रैल तारीख तय की गई थी। एक भी स्कूल के प्रधानाचार्य अपना पक्ष रखने नहीं आए। इस अनुशासनहीनता से जिलाधिकारी नाराज हैं। स्कूलों को नोटिस भेजकर 16 अप्रैल तक आखिरी मौका दिया गया है।

# कोच अटेंडेंट कर रहे थे सफेद कबूतरों की तस्करी, आरपीएफ ने इस तरह दबोचे दो तस्कर



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में कोच अटेंडेंट कबूतरों की तस्करी करते पकड़े गए हैं। आरपीएफ टीम ने आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नस्ल के 42 सफेद कबूतर बरामद किए है । दोनों आरोपी कोच अटेंडेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ट्रेन के एसी कोच में तैनात अटेंडेंट तस्करी का काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले एक कोच अटेंडेंट शराब तस्करी के मामले में पकड़ा गया था ।

अब आरपीएफ टीम ने प्रतिबंधित नस्ल के सफेद कबूतरों को तस्करी के मामले में गोल्डन टेंपल मेल ट्रेन में तैनात दो कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है।दोनों के कब्जे से टीम ने कार्टन बॉक्स में छिपाकर रखे गए 42 कबूतर बरामद किए हैं। कबूतरों से भरे दोनों कार्टन ट्रेन के एसी कोच बी 1 और बी 6 में रखे हुए थे। पकड़े गया आरोपी सुनील लोधी पुत्र दाताराम लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी शमशाबाद रोड ग्राम अकबरपुर थाना ताजगंज इ1 कोच में अटेंडेंट का काम कर रहा था। दूसरा आरोपी अनुराग चौहान पुत्र मुकेश सिंह चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी माधव नगर कॉलोनी थाना हजीरा जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश इ6 कोच में अटेंडेंट था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि वह लुधियाना से सफेद कबूतर लेकर आते हैं। मथुरा, बड़ोदरा और रतलाम में सफेद कबूतर की सप्लाई करते थे ।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सफेद कबूतर की अधिक मांग रहती है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के खरीदार ऊंची कीमत देकर सफेद कबूतर खरीदते हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी, एस सी आरपीएफ जितेंद्र सिंह परिहार, एसआई जीआरपी कुलवीर सिंह तरार, हेड कांस्टेबल अजय पाल मीणा, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और अजय सिंह शामिल रहे।

**तस्करी के आरोप में लगातार पकड़े जा रहे हैं कोच अटेंडेंस...**ट्रेन के एसी कोच में तैनात कोच अटेंडेंट लगातार तस्करी के मामले में पकड़े जा रहे हैं । कुछ दिन पहले मथुरा में आरपीएफ और सीआरपी टीम ने एक कोच अटेंडेंट को शराब तस्करी के मामले में पड़ा था । कोच अटेंडेंट बिहार में शराब की सप्लाई देता था । ट्रेन यात्रियों को भी ऑन डिमांड शराब उपलब्ध कराता था। इसके अलावा हाल में ही आगरा कैंट जीआरपी टीम ने सोना तस्करी के मामले में ट्रेन के कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है। अब मथुरा आरपीएफ ने कबूतर तस्करी के मामले का खुलासा किया है।

**हजारों में है बरामद हुए सफेद कबूतरों कीमत...**बताया जा रहा है कि बरामद हुए 42 सफेद कबूतरों की कीमत हजारों में है। आरपीएफ टीम ने बरामद हुए कबूतरों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

# कौन है छोटा पुष्पा राज? एक पेन बेचने वाला लड़का कैसे हुआ वायरल

**नमिता चौहान**

**दिल्ली:** सोशल मीडिया की दुनिया में एक नाम जो लगातार ट्रेंड में चल रहा है वो है छोटा पुष्पा राज। बीते 2 सालों में एक छोटा सा पेन बेचने वाला लड़का, लोगों से मांग कर खाने वाला बच्चा अचानक ही रातों रात वायरल हो गया।

**छोटा पुष्पा राज कैसे हुए वायरल**

छोटा पुष्पा राज का 5 किलो आटा मांगने वाला डायलॉग लोगों को इतना पसंद आया कि, लोगों ने बच्चे की तकदीर बदल दी। एनसीआर समाचार के साथ अपने साक्षात्कार में छोटा पुष्पा राज ने बताया, जब वो वायरल हुए तो उन्हें पता भी नहीं चला। रोजाना की तरह जब वो पेन बेचने निकले तो लोग उसके साथ सेल्फी लेने लगे, उसी वक्त उन्हें पता चला कि, उनकी कोई वीडियो वायरल हो गयी है, जिसके बाद लोगों के कहने पर उन्होंने अपना नाम छोटा पुष्पा राज रख लिया।



**कौन है हर्ष ?**

छोटा पुष्पा राज कहते है कि, उन्हें इन सबका ज्ञान भी नहीं था कि, सोशल मीडिया, वीडियो ये सब क्या होता है, लेकिन धीरे-धीरे वो सब समझ गए। उन्होंने बताया कि, कई लोग ऐसे थे जिन्होंने उनका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए किया। कुछ पैसे देकर उनका फायदा उठाया और जब फॉलोअर्स अच्छे हो गए तो उन्हें सड़क पर छोड़ दिया। उसी दौरान उनकी मुलाकात हर्ष से हुई। हर्ष ने उन्हें और उनके परिवार को न सिर्फ सम्मान दिया, बल्कि बहुत मदद भी की। उनका कहना है कि, आज वो जहां भी है हर्ष की वजह से ही है।

**छोटा पुष्पा राज के कितने फॉलोअर्स है ?**

हर्ष से जब वह मिले तो उन्हें सोशल मीडिया की जानकारी हुई और उन्होंने वीडियो बनाकर डालना शुरू कर दिया। अब उनके इंस्टाग्राम पर करीब 5 मिलियन, यूट्यूब पर करीब 9 मिलियन और फेसबुक पर 1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने एनसीआर समाचार को बताया कि, उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी पहले से बेहतर हो गई है।

इतनी कम उम्र में भी छोटा पुष्पा राज की सोच बहुत बड़ी है। वो जरुरतमंदो की मदद करना चाहते है। वो चाहते है कि, वो ऐसे मुकाम पर पहुंच जाए जहां से वो अपने जैसे सभी गरीब बच्चों की शिक्षा आदि चीजों में सहायता कर पाएं।

# शिमला अस्पताल के सरकारी कर्मचारी को मिली जान से मारने की धमकी

**युधिष्ठिर राणा**

**हिमाचल प्रदेश:** जिला शिमला के रहने वाले युधिष्ठिर राणा जो हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई मेडिकल शॉप थिओग अस्पताल में एक सरकारी कर्मचारी के तौर पर कार्यरत हैं। उन्हें बीते दिन 12 अप्रैल को उन्हीं के दुकान के साथ जन औषधि की दुकान चलाने वाले ओमप्रकाश वर्मा ने जान से मारने की धमकी दी।




युधिष्ठिर राणा का कहना है कि, जब से उनकी फामेर्सी की दुकान जन औषधि की दुकान के बगल में खुली है तब से उनका काम काज थोड़ा ढीला पड़ गया है, जिसकी वजह से वह अक्सर गुस्से में नजर आते हैं। बीते दिन शाम को जब वह बाहर टहल रहे थे। इस दौरान जन औषधि की दुकान चलाने वाले ओमप्रकाश वर्मा ने पहले गाली गलौज शुरू की, उसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकी दी और कहा कि, मैं तुझे बाहर देख लूंगा।

युधिष्ठिर राणा एक सरकारी कर्मचारी है और ऊपर से दिए गए आदेशों का पालन करते हैं। जन औषधि के बगल में दुकान खोलना उनकी इच्छा से नहीं हुआ है। बावजूद इसके अक्सर ओमप्रकाश वर्मा उनसे दुश्मनी निभाते हैं।

युधिष्ठिर राणा केवल एक सरकारी कर्मचारी ही नहीं बल्कि समाज सेवक भी है। अक्सर वह कई संस्थानों की तरफ से समाज सेवा करते हैं। जनता के साथ उनका अच्छा तालमेल है। अपने समाज के बेहतर के लिए वह अक्सर कार्य करते हुए नजर आते हैं, जिसकी वजह से लोग उन्हें काफी पसंद करते हैं। उनका कहना है कि उनकी गाड़ी के साथ भी तोड़फोड़ करने की कोशिश की गई है। इसके बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कर दी।

# सरपंच राजाराम चौधरी ने मतदान को लेकर युवाओं को किया जागृत



**घीसाराम फौजी चौधरी**

**गुजरात:** सरपंच राजाराम चौधरी ने सोशल मीडिया माध्यम से पाली लोकसभा प्रत्याशी पी पी चौधरी के हख में मतदान करने का आह्वान किया। चौधरी राजाराम ने कहा की देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के चलने मे दी इस बार लोकसभा चुनाव में सभी को मतदान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो इस बार देश में नीतियां लाए है फिर एक बार देश की कमान प्रधानमंत्री मोदी को दे। क्योंकि बीजेपी सरकार में जो काम हुआ है। वह अभी तक किसी सरकार ने नहीं किया।

पी पी चौधरी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में हम सभी को बोर्ड सेट कर भाग लेना चाहिए। क्योंकि मतदान एक ऐसा अधिकार है। जिसमें किसी की कोई जोर जबरदस्ती नहीं चलती। इंसान अपनी इच्छा से मतदान करता है। डायलाना कला सरपंच राजाराम सीरवी ने घर-घर जाकर राष्ट्रवाद को मजबूत करने के लिए लोगों को जागृत किया।

# उत्तर प्रदेश: आगरा में बड़ी धूमधाम से निकलेगी प्रजापति समाज की शोभायात्रा

**प्रमोद कुश्वाहा**

**उत्तर प्रदेश:** नवरात्रों के शुभ अवसर पर प्रजापति समाज द्वारा आयोजित 28वीं दक्ष कन्या माँ भगवती शोभायात्रा 16 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है। शोभायात्रा का शुभारंभ नालबंद चौराहा स्थित प्रजापति देवी मन्दिर से होगा।

साथ ही महाराजा दक्ष प्रजापति चौक, तहसील मार्ग, रुई की मण्डी, शाहगंज, कोठी मीना बाजार, सिरकी मंडी, लोहामण्डी चौराहा, तोता का ताल, मदिया कटरा, हरीपर्वत, मण्डी सईद खां, रघुनाथ टॉकीज, चित्रा टॉकीज, काली बाड़ी मन्दिर, पटेल नगर, मोती कटरा, मीरा हुसैनी चौराहा, सदर भट्टी, धाकरान चौराहा होते हुए प्रजापति देवी मन्दिर पर ही समापन होगा।

यह जानकारी शुक्रवार को राजामंडी स्थित एक होटल में प्रजापति समाज के लोगों ने प्रेसवार्ता के माध्यम से दी। सभी भक्तों को शोभायात्रा का आमंत्रण देने के लिए एक वाहन रैली 14




अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रजापति देवी मन्दिर से निकाली जाएगी जो पूरे शहर में आमंत्रण देगी।

शोभायात्रा के संयोजक सुनहरी लाल गोला, अध्यक्ष अशोक गोला, महामंत्री नवीन प्रजापति ने संयुक्त रूप से बताया कि शोभायात्रा में देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों से सुसज्जित झांकियाँ निकलेंगी, जिनकी संख्या करीब 80 होगी व शहर की कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी झांकियों को इस बार शोभायात्रा में शामिल किया जा रहा है।

जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल ही जीवन है, ग्रीन आगरा-क्लीन आगरा, पर्यावरण की थीम पर भी आकर्षित झांकियाँ शामिल होंगी व शोभायात्रा में शहर के तमाम प्रसिद्ध बैण्ड व ढोल तांसे भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ायेंगे। शोभायात्रा का जोर-शोर से भव्य स्वागत करने के लिए भी मार्ग में तैयारियाँ सभी स्थानीय भक्तों द्वारा पूर्ण कर ली गयी हैं।

जिसमें भण्डारे, तोरणद्वार, शीतल एवं मीठा जल की प्याऊ व पुष्प वर्षा कर करीब 80 स्थानों पर स्वागत किया जायेगा। बता दें कि शोभायात्रा समिति ने नगर आयुक्त, आगरा से शोभायात्रा मार्ग में प्रकाश, सफाई व मरम्मत कार्य कराने की मांग भी की है। इस अवसर पर श्रीचन्द्र गोला, जयचन्द प्रजापति, हेमन्त प्रजापति पार्षद, मुन्नालाल प्रजापति, भगवानदास दक्ष, मंजू प्रजापति पार्षद, विमलेश प्रजापति पार्षद, पूर्व पार्षद राजेश प्रजापति, सुमित प्रजापति मीडिया प्रभारी, शिवम प्रजापति नवनीत प्रजापति, भीष्मपाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश: आशीष सिंह तोमर को बनाया गया विधानसभा प्रभारी



**अजय सिंह तोमर/मध्य प्रदेश:** भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री आशीष सिंह तोमर निवासी नंद का पुरा की युवाओं में अच्छी पकड़ है। क्षेत्र में हमेशा जनता के बीच रहकर जनता की सेवा करते है। प्रत्येक कार्यक्रम में युवाओं के साथ मौजूद होते है।

आशीष सिंह तोमर की सक्रियता को देखते हुए मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामबीर सिंह तोमर की सहमति से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनू परमार के द्वारा लोकसभा चुनाव की दृष्टि से अंबाह विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिसपर भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री संतोष सिंह तोमर , भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री धीरज पचौरी, महामंत्री कुलदीप तोमर, किसान मोर्चा अध्यक्ष सोनू तोमर, वासुदेव तोमर, राजपाल तोमर, वीरू सिंह तोमर, आदि लोगो ने बधाई दी।

### भंगहा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ा



**मंसूर आलम/बिहार:** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ा साथ ही चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद ने बताया कि गुरुवार की रात गश्ती के दौरान नगरदेही एस एस बी कैंप के पास देखा गया कि एक व्यक्ति बाइक लेकर खडा था। संदेह के आधार पर व्यक्ति को रोक कर वाहन के कागजात मांग कि गई कागजात नहीं होने के कारण गहन पूछताछ कि गई पुछताछ में पाया गया कि उक्त बाइक चोरी कि है पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया गया पुछताछ में आरोपित कि पहचान भंगहा परसौनी निवासी शेख सैफुल्लाह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर बाइक चोर को जेल भेज दिया गया वहीं बाइक मालिक कि तलाश कि जा रही है लेकिन पुछताछ करने पर बताया कि बाइक चोरी करके नेपाल में रखे थे।

### उत्तर प्रदेश: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकला पद सचंलन




**अनुप कुमार/उत्तर प्रदेश:** अहरौरा नगर के सत्यानगंज मोहल्ले में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा हिंदू नववर्ष पर पद सचंलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें अहरौरा अदलहाट चुनार डगमगपुर आदि जगहों के स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में मां भारती के सपूतों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई।

जिसमें गांजे बाजे के साथ स्वयं सेवकों ने बौध्दिक प्रशिक्षण कर स्वयं सेवकों ने निकाला जुलूस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी मड़िहान अमर बहादुर थाना प्रभारी बृजेश सिंह चौकी प्रभारी मनोज राय समेत पद सचंलन को सकुशल संपन्न करने हेतु पि एस सी के जवान रहें तैनात। वही इस अवसर पर वही श्री राधा कृष्ण मंदिर में स्वयं सेवकों को भंडारा प्रसाद भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों स्वयं सेवक समेत सचिदानंद विभाग कार्यवाह, रामबालक जिला कार्यवाह, आलोक सहजिला शारिरीक प्रमुख, गोविन्द विभाग संयोजक पार्यावरण, संघचालक सत्यनारायण, अखिलेश, डा मुकेश सरसंघचालक, जितेन्द्र, कमलेश केशरी, नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, नगर व्यवस्था प्रमुख, मुख्य वक्ता के रूप में अम्बरिष राय भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, उमेश केशरी, कुमार आनंद आदि सैकड़ों लोग रहे मौजूद।

# जय भीम के जयकारों से गूंज उठी छोटी काशी

**रविन्द्र कुमार सिंह**

**उत्तर प्रदेश:** जय भीम के जयकारों से गूंज उठी छोटी काशी जय भीम के झंडे लहराए गए। रविवार को भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई।

सुबह अंबेडकर पार्क पर अनुयायियों ने बुद्ध वंदना प्रस्तुत की एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिला अध्यक्ष सेवा भारती संजीव गुप्ता के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने बाबा सब की प्रतिमा पर मलयारपा कर नमन किया।

शाम को बाबा साहब की विशाल शोभायात्रा बायपास रोड से दिल्ली दरवाजा इमली बाजार कलां बाजार से प्रारंभ होकर अंबेडकर



पार्क पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का फीता सेवा निवृत्त हरिशंकर अध्यापक एवं मीनू गौतम वंदना गौतम ने काटकर बाबा साहब के जन्म दिवस की क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी।

शोभा यात्रा में महिला एवं युवाओं की अधिक भागीदारी रही शोभायात्रा में डीजे बैंड बाजे महापुरुषों की झांकियां सुशोभित लग रही थी। रात्रि को रागिनी कलाकारों ने बाबा साहब की जीवन पर रागनियां प्रस्तुत की मंच के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों एवं शोभायात्रा के कलाकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वेद करण विमल संचालन परम सिंह प्रवक्ता ने किया विशिष्ट अतिथि प्रेम सिंह गौतम जिला पंचायत सदस्य एवं सुधारानी रहे डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने कहा बाबा साहब के आदर्शों का सभी को पालन करना चाहिए इन्होंने देश का संविधान बनाकर हम लोगों को अपना अधिकार दिलाया अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा बाबा साहब का पहला सपना हम शिक्षित बने संगठित रहे तभी हमारा विकास होगा।

इस अवसर पर सुरेंद्र पाल सिंह अध्यापक श्रवण कुमार अध्यापक हुकम सिंह सेवा निवृत्त मैनेजर बड़ौदा बैंक वेद एडवोकेट अरविंद कुमार विजय गौतम आयोजकों ने विशाल कार्यक्रम की व्यवस्था की इस अवसर पर सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# लक्ष्मी राजवाड़े रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में करेंगी शिरकत

**प्रभेश मिश्रा**

**छत्तीसगढ़:** लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आगामी चुनाव को लेकर आज 14 अप्रैल दिन रविवार को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विधानसभाओं एवं मंडलों के जनसभा में उपस्थित होकर कार्यक्रमों से मुलाकात करेंगे।

मिली जानकारी अनुसार सुबह 10:00 बजे आयोजित जनसभा गेरवानी, 12:00 बजे तुमीडीह, 04:00 घरघोड़ा मंडल, शाम 06:00 बजे केशला विधानसभा लैलूंगा सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में मंत्री लक्ष्मी



राजवाड़े शिरकत कर चुनावी चर्चा करेंगे। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से मंत्री राजवाड़े का दौरा काफी अहम माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि मंत्री राजवाड़े कार्यकताओं को जीत का मंत्र देंगे। अंत मे क्षेत्रीय भाजपा के वरिष्ठ नेताओ व कार्यकताओं के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की विशेष रणनीति बनाई जाएगी।

# भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में आयोजित हुई जनसभा

**हरीश उपाध्याय**

**उत्तराखंड:** हरिद्वार पथरी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोगपुर में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में आयोजित जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया सभा को संबोधित।

विधानसभा संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के भाषण को सुनने के लिए उमरा जन सैलाब।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायक सिंह सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में मतदान करने की की अपील उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से रखने के लिए मोदी की तीसरी बार सरकार जरूरी है।

तथा उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं नीतियों से हर व्यक्ति प्रभावित है। भाजपा की सरकार ने केवल



हमेशा विकास के लिए कार्य किया है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं उपलब्धियां को गिनवाते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

ग्राम भोगपुर डिग्री कॉलेज में विधानसभा संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वाम यतीश्वरानंद न मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का माल्यार्पण कर तथा गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व गुरु बनने जा रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा जैसे आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना मैं 5 लाख तक का निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं तथा जल जीवन मिशन योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड लोगों से अधिक को मकान बना कर उन्हें घर देने का काम किया है।

गरीब लोगों के लिए जन धन योजना से बैंक में खाता खुलवाकर बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्जवल योजना से निशुल्क गैस कनेक्शन देकर महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने का कार्य क्या है उन्होंने कहा है की कोरोना जैसे कार्यकाल में निशुल्क वैक्सीन देकर लोगों को सुरक्षित किया है।

तथा रेलवे कैनविटी देकर यातायात व्यवस्था सुधार की है। तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत योजनाओं से किसानों को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में कि देश में कुल चार एम्स थे अटल की सरकार में तीन नए और एम्स बने।

मोदी सरकार 24 नए और एम्स बनाकर इलाज की सुविधाओं को और सुलभ किया तथा देश में मोदी सरकार करीबन 80 करोड लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

राज्यसभा सांसद डॉक्टर कल्पना सैनी तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने मिशन 400 पर का नारा देते हुए कहां की विकास कार्यों को सुचारू रखने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनाना है।

और इसके लिए भाजपा प्रत्याशी द्विवेदी सिंह रावत को अधिक मतों से लोकसभा में पहुंचने का काम करना हमारा कर्तव्य है तथा कार्यक्रम का संचालन शेष राज सैनी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल तथा दजार्धारी मंत्री श्यामवीर सैनी प्रभारी आदेश शादी सह प्रभारी सुशील चौहान पूर्व विधायक संजय गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश व्हाट इस द डाटा जगपाल सैनी मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य अंकित कुमार ऋषिपाल कश्यप युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रम भोला उपाध्यक्ष संदीप प्रधान महिपाल सैनी बाबूराम सैनी दीपक सैनी राजवीर सैनी तथा भाजपा के ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम राजकीय कन्या विद्यालय में की गई माता सरस्वती की मूर्ति स्थापना



**सतीश**

**हरियाणाः** रोटरी क्लब नारनौल सिटी के तत्वावधान में रोटेरियन महेश शर्मा व उनकी धर्मपत्नी रेणु शर्मा द्वारा उनकी माता स्वर्गीय सुशीला देवी धर्मपत्नी मुख्य शिक्षक जगदीश चन्द्र शर्मा की पुण्य स्मृति में बहरोड चैक स्थित पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में मां सरस्वती की प्रतिमा तथा शेड का निर्माण करवाया गया है।

शुक्रवार को मूर्ति स्थापना के अवसर पर राजकीय कन्या विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबुलाल कारवा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या शीला आर्या ने की तथा विशिष्ठ अतिथि जिला परिषद सीईओ एवं डीएमसी महावीर प्रसाद रहे।

सर्वप्रथम पंडित क्रांति निर्मल ने मुख्य यजमान रोटेरियन महेश शर्मा व उनकी धर्मपत्नी रेणु शर्मा के करकमलों से विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद मुख्यअतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया तथा विद्यालय की बालिकाओं ने माता सरस्वती की वंदना कर सभी अतिथिगणों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन करते हुए रोटरी क्लब के असिस्टेंट गर्वनर संजय गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस अपार सहयोग के लिए महेश शर्मा परिवार का आभार व्यक्त किया। मुख्यअतिथि अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबुलाल कारवा ने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी है और विद्यालय में पढने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय में आने के बाद सर्वप्रथम मां सरस्वती को प्रणाम कर अपनी शिक्षा की शुरूआत करनी चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि महावीर प्रसाद ने बालिकाओं को पढाई के प्रति जागरूक करते हुए जीवन में आगे हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्या शीला आर्या ने इस नेक कार्य के लिए रोटरी क्लब नाारनौल सिटी और महेश शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए बालिकाओं को बताया कि रोटरी क्लब समय समय पर क्षेत्र में अनेक सुविधाएं आमजन के लिए मुहैया करवाने का कार्य करता रहता है।

तथा क्लब द्वारा विद्यालय परिसर में ही सभी विद्यार्थियों के लिए एक वाटर हट व शौचालय का निर्माण भी जारी है, जो कि जल्द ही संपन्न करवा कर विद्यालय को सौंप दिया जाएगा। मूर्ति स्थापित करवाने वाले रोटेरियन महेश शर्मा मलेशिया वालों ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मां सरस्वती के आशीर्वाद से ही आज यह अवसर प्राप्त हुआ है।

हमें जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मन लगाकर लगन से पढाई करें तो एक दिन अवश्य अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज उन्हें विद्यालय में मूर्ति स्थापना का गौरव प्राप्त हुआ है, साथ ही भविष्य में भी उनके लायक किसी भी सहयोग के लिए मैं तैयार रहूंगा।

इस अवसर पर असिस्टेंट गर्वनर संजय गर्ग, प्रधान नरेश गोगिया, विनय मिततल, एडवोकेट राजकुमार यादव, प्रवीण संघी, महेश शर्मा, विजय जिंदल, डॉ एमएम रावत, हितेन्द्र मित्तल, नवीन गुप्ता, राजकुमार चैधरी, पवन यादव, प्रवीण छाबडा, पवन गुप्ता, विवेक अग्रवाल, दिनेश भार्गव, सुचेता गोगिया, मुकेश कुमारी, निर्मल जिंदल, जगदीश चन्द्र शर्मा, विजय यादव, विरेन्द्र कुमार, ललित सैनी, मूलचंद, कर्मवीर सिंह, मयंक शर्मा, गर्वित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिया उलर्रहमान वर्क का हुआ जोरदार विरोध




**मो. शहनवाज/उत्तर प्रदेशः** सपा लोकसभा प्रत्याशी जिया उलर्रहमान वर्क का मुस्लिम समाज के लोगों ने जोरदार विरोध किया। लोकसभा संभल से सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क जैसे ही लालपुर हमीर में जनसंपर्क कर रहे थे। वहां जनता में आक्रोश दिखाई दिया जनता ने कहा कि हम सपा को किस आधार पर वोट करें। सपा के विधायक या सांसद जी हमारे यहां कभी नहीं आते पत्रकारों बात करते हुए। जनता ने लोकसभा संभल सीट से सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क को वोट देने से इनकार कर रहे हैं। 29 विधानसभा कुंदरकी से जियो रहमान वर्क विधायक मौजूद है। लालपुर हमीर की जनता ने कहा कि उनके दादा शफीकुर्रहमान बर्क साहब को हमने कई बार सांसद बनाया मगर वह फिर भी हमारे गांव मे विकास नहीं किया।

### राजस्थानः भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस राजस्थान में मनाया गया



**राजेन्द्र आर.जे./राजस्थानः** बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस राजस्थान के ग्राम मालपुर में बड़े ही श्रद्धा भाव और उत्साह के साथ मनाया गया। दलितों के मसीहा बाबासाहेब ने तीन मूलमंत्र अपने अनुयायियों को दिए की शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, ये वो तीन मूलमंत्र है जो बाबासाहेब ने दलितों के उद्धार के लिए कहा था। लेकिन इन मूल मंत्रो को अन्य समाज के लोगों ने अपनाया और शासन करने लगे, व शासक बने बैठे हैं, इस जयंती समारोह दिवस पर सम्मलित होने ग्राम है। रामगढ़, मालपुर,अलावडा,मुबारिकपुर, नौगांवा,तिलवाड, शेखपुर, गोपालगढ़, सीकरी, अलवर, राजगढ़, बगड़ तिराया, मण्डावर, महुवा, बीमा पहाड़ी, तीतरका बोलनी, बहादुर पुर, बुर्जा, हाजिपुर नंगली, और आदि गांवों से लोग मोजूद रहे।

### भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**भूपेन्द्र सिंह/उत्तर प्रदेशः** भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर आज नगर के रामलीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन हुआ। इस दौरान बौद्ध कथा एवं सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला गया।

डॉ0 भीमराव सामाजिक समिति के अध्यक्ष डॉ0 हरिशंकर शास्त्री ने बताया कि तो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ0 हरिओम नगायच,डॉ0 प्रशांत सिंह व डॉ0 स्वामी प्रसाद गुप्ता ने प्रथम दिन 50 तथा द्वितीय दिन लगभग 150 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की।

वही मैनपुरी से आयी सोनम बौद्ध ने महापुरुषों के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए आदर्श पर चलने की प्रेरणा दी।

इस दौरान समिति के महामंत्री रमेश अकोना,कोषाध्यक्ष शिक्षक दीनदयाल वर्मा,सचिव मनीराम पासवान,अरविंद अनुरागी,राजेंद्र सिंह, हरीसिंह,शरद चौधरी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेशः पूर्व विधायक ठाकुर बुद्ध पाल सिंह ने गठबंधन प्रत्याशी को दिया समर्थन



**जय प्रकाश शर्मा/उत्तर प्रदेशः** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मतलूब अली की मौजूदगी में पूर्व विधायक ठाकुर बुधपाल सिंह ने गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर के समर्थन में हुंकार भरी। कहा इस बार गौतम बुध नगर लोकसभा पर गठबंधन का सांसद होगा। समाज गठबंधन के लिए मन बना चुका है। गठबंधन के कार्यकताओं ने पूर्व विधायक ठाकुर बुधपाल सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक व चुनाव प्रभारी नरेंद्र कुमार पूर्व विधायक बंसी सिंह पहाड़िया विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर ओमराज सिंह चौहान नगर अध्यक्ष हाजी यासीन कुरेशी जिला उपाध्यक्ष महेंद्र भाटी जिला उपाध्यक्ष राजकुमार टीटू आसिफ जमाली हाजी दानिश कुरेशी करण चौधरी खुर्जा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश राघव अरनिया ब्लॉक अध्यक्ष, आसिफ कुरेशी हाजी फजल पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मौसम मेवाती हबीबुर रहमान नितेश यादव हेमंत राघव अमरपाल प्रधान जी वर्षा प्रधान कुलदीप प्रधान बाबू सैफी ताहिर अब्बासी स्माइल खान आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेशः बिशनपुर पुलिस के इंस्पेक्टर ने बॉर्डर की निगरानी की



**तूफानी यादव**

**उत्तर प्रदेशः** बिहार के बॉर्डर जंगल नौगांव थाना बिशनपुर के अंतर्गत बिशनपुर पुलिस के इंस्पेक्टर रामसहाय के निगरानी में कई थाने के पुलिस बल तथा कुछ पीएससी कंपनियों की सुरक्षा कर्मी यूपी और बिहार की बॉर्डर की निगरानी की। तथा लोगों से संपर्क किया।

की आचार संहिता की कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी प्रकार की कोई दंगा फसाद ना हो। दंगा फसाद करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जंगल नौगांव घाट से पुलिस बल इंस्पेक्टर बिशनपुर के निगरानी में पुलिस बल फ्लैग मार्च किया।

तथा लोगों से अपील की की किसी प्रकार की दंगा फसाद ना करें। बिशनपुर थाने के इंस्पेक्टर राम सहाय ने कहा कि यूपी बिहार के बॉर्डर पर आने जाने वाले लोगों को नजर रखी जाए।

## प्राथमिक विद्यालय में सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**राधा कृष्णा**

**उत्तर प्रदेशः** हमीरपुर क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गाँव के प्राथमिक विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ तहसीलदार रविंदर सिंह पाल, नायब तहसीलदार राम मोहन कुशवाहा, खण्ड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी व खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष चौहान ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।

विद्यालय की छात्राएं प्रान्सी, रिया, कोमल, निशि, रिया ने स्वागत गीत, वन्दना व बेटी हिंदुस्तान की वन्देमातरम गीत पर प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। छात्र सचिन,राजकुमार, मनीष, रौनक, अंश, ऋषिकांत व राज ने बुंदेलखंडी दिवारी नृत्य पेश कर धमाल मचा दिया।



इसके बाद नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुये वैदिक, प्रांशी व कोमल, राज्य स्तरीय खिलाड़ी ऋषिकांत, रिया व नैंसी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कक्षा एक मे प्रथम रुद्र, द्वितीय गायत्री, तृतीय दीपांशु कक्षा दो के छात्र पार्थ पाठक, अमित कुमार, अमरेंद्र प्रताप, तीसरी कक्षा की अनुष्का प्रथम, सौरभ द्वितीय, सिमर तृतीय स्थान, चौथी कक्षा की निशि प्रथम, रिया द्वितीय,वर्षा तृतीय एवँ पांचवीं कक्षा की प्रांसी प्रथम, सेजल द्वितीय व वैदिक तृतीय स्थान से उत्तीर्ण होने पर पुरस्कृत किया गया।

नवोदय में छात्र छात्राओं के चयनित होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष चौहान ने विद्यालय के सहायक अध्यापक पवन कुमार पाल एवँ विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के लिए यह गर्व की बात है की इस विद्यालय से पिछले तीन वर्षों से लगातार नवोदय और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चे चयनित हो रहे हैं।

खण्ड विकास अधिकारी व नायब तहसीलदार ने भी सहायक अध्यापक पवन कुमार पाल की सराहना की है। प्रधानाध्यापक मिथुन भारती ने कहा कि शिक्षक पवन कुमार पाल विद्यालय में रहकर नवोदय की विशेष तैयारी करवाते हैं।

कार्यक्रम का संचालन रामकृपाल अध्यापक ने किया। इस मौके पर थाना प्रभारी जरिया प्रिंस दीक्षित, ग्राम सचिव विनय कुमार यादव, तकनीकी सहायक मनोज द्विवेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## असीरगढ़ किले पर घूमने आए लोगों पर मधुमक्खी ने किया हमला

**फारूक**

**मध्य प्रदेशः** बुरहानपुर जिले के असीरगढ़ किले पर घूमने गए लोगो ने मधुमक्खी के छत्ते पर ने मारा पत्थर कई पर्यटकों को मारे डंक 12 भर्ती 8 गंभीर।

अस्पताल में भर्ती घायलों ने बताई हमले के एक घंटे बाद पहुंची निंबोला पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल लोग बोले भगदड़ के बीच हम जमीन पर लेट गए तो जान बज गई वरना हम और ज्यादा घायल हो जाते।

ईद के बाद शुक्रवार असीरगढ़ किले पर कई लोग पिकनिक मनाने के लिए गए थे। शाम 5 बजे पार्किंग परिसर में 70 से ज्यादा लोगों की भीड़ थी। कुछ शरारती लड़कों ने मधुमक्खी के छत्ते पर पत्थर मार दिया। इस पर मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। कुछ ने बचने के लिए आग जलाने की कोशिश की लेकिन मधुमक्खियां डंक मारती रहीं।

कुछ लोग गाड़ियां लेकर तेजी से नीचे की ओर भाग निकले। लेकिन यहां 25 लोग फंस



गए। इन्हें मधुमक्खियों ने डंक मारे। हमला थमने पर घायलों ने मदद के लिए पुलिस को फोन किया। करीब 6 बजे निंबोला थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। निंबोला थाना पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी राहुल कामले खुद छह घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

हमले में किले के दो गार्ड भी घायल हुए हैं। कोई नशे-सां छाने की बात कह रहा था। चारों तरफ भीड़ थी घायल ओके क्या है नाम कहा के है रेवासी आपको दिखाते हैं आपको - 1) काशिक पिता आसिफ निवासी बुलढाणा महाराष्ट्र, 2) फरहान पिता गफुर निवासी जयस्तंभ बुरहानपुर? 3) नवाब शेख निवासी मलकापुर महाराष्ट्र 4) माजिद खान निवासी सिंधीपुरा बुरहानपुर 5) सुनील पिता रामलाल निवासी पंधाना 6) मोहम्मद साहिद निवासी शनवारा बुरहानपुर 7) शेख मुफ्तियार निवासी आजाद नगर 8) शेख नफीज निवासी आजार नगर 9) शफीक पिता उद्दीन निवासी हरीरपुरा 10) शेख अमीर निवासी आजाद नगर 11) तोहिद खान निवासी सिंधीपुरा 11) नदीम पिता शेख रहीम निवासी आजाद नगर सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## अंबेडकर जयंती पर होगा भव्य आयोजन



**विजय कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** श्याम मनोहर तिवारी प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष ने भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर के जयंती एवम् सनातन नव वर्ष के उपलक्ष में प्रीति भोज रखा है। जो कि ब्लाक हरैया सतघरवा ग्राम ,परसा करमैती लालपुर अपने निवास स्थान पर भव्य आयोजन होगा।

14अप्रैल रविवार शाम पांच बजे होगा जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा विशिष्ट अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला और आरती तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर

तिवारी निमंत्रण कार्ड के माध्यम से गांव गांव के लोगों को आमंत्रित किया हैं श्याम मनोहर तिवारी एक जन प्रिय नेता हैं जो छोटा बड़ा गरीब अमीर से अलग सबसे प्रेम वा समानता रखते हैं जिनकी भतीजी आरती तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट निर्विरोध हासिल की थी।

## करीमगंज लोकसभा सीट पर कृपानाथ मालाह को जिताने का किया आह्वान



**सचिन्द्र शर्मा**

**असमः** बराक चाय श्रमिक संघ के अधिकारियों ने हैलाकांडी जिले के मणिपुर चाय बागान में चाय समुदाय की आम बैठक पूरी करने के बाद धलाई, सोनाछड़ा और रूपाचड़ा कई बैठकों में भाग लिया।

बैठक में संघ के महासचिव, एटीसी अध्यक्ष और पूर्व विधायक राजदीप ग्वाला और बराक चा युवा कल्याण समिति के महासचिव विश्वजीत कैरी ने समुदाय की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संघ द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताया।

यूनियन के महासचिव पूर्व विधायक राजदीप ग्वाला ने कहा, चाय बागानों में कई समस्याएं हैं। और संघ उन्हें जल्द से जल्द हल करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। और विकास की धारा को निरंतर बनाए रखने के लिए करीमगंज लोकसभा सीट पर कृपानाथ मालाह को जिताने का आह्वान किया।

बैठक में बराक चा युवा कल्याण समिति के महासचिव बिस्वजीत कैरी ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार कृपानाथ मालाह को सभी बागान श्रमिक मिलकर इसबार भी मतदान करने और जीतने का आग्रह किया।

बैठक में चाय बागानों के चाय समुदाय के लगभग सभी वर्ग के भाई-बहनों ने भाग लिया और कृपानाथ मालाह जिंदाबाद नारे लगाकर कृपानाथ मालाह को फिर से दिल्ली भेजने का निर्णय लेकर मोदी के नेतृत्व में वोट करने का पुरजोर आश्वासन दिया। बैठक में चाय श्रमिकों के पदाधिकारी एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आगरा में पहले दिन लोकसभा चुनाव के लिए खरीदे गए 44 नामांकन पत्र

**प्रमोद कुशवाहा**

**उत्तर प्रदेशः** आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी सीट के लिए शुक्रवार सुबह 11 बजे से कलक्ट्रेट में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन 44 नामांकन पत्र खरीदे गए। आगरा सुरक्षित सीट से ज्यादा फतेहपुर सीकरी सीट के लिए नामांकन खरीदने के लिए प्रत्याशी और उनके प्रतिनिधि पहुंचे।

आगरा सुरक्षित सीट से 9 और फतेहपुर सीकरी सीट से 35 नामांकन पत्र खरीदे गए। फतेहपुर सीकरी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर और कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार ने नामांकन पत्र खरीदे।

बता दें दोपहर तीन बजे तक नामांकन की प्रक्रिया चली। पहले दिन प्रत्याशी नामांकन लेने आए, किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र जमा नहीं किया। 19 अप्रैल तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी, इस दौरान 13, 14 एवं 17 अप्रैल 2024 को अवकाश के दिन नामांकन नहीं होंगे। ऐसे में



प्रत्याशियों पर अब नामांकन जमा करने के लिए 4 दिन हैं।

फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे रामेश्वर चौधरी ने भाजपा से टिकट के लिए दावेदारी की थी लेकिन भाजपा ने फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर को प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद से रामेश्वर चौधरी ने क्षेत्र में निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए प्रचार शुरू कर दिया, शुक्रवार को रामेश्वर चौधरी के लिए उनके भाई ने नामांकन पत्र खरीदा।

वहीं 77 साल के हसनूराम अंबेडकरी ने भी पहले दिन नामांकन पत्र खरीदा, वे 98 वीं बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वे 1985 से लगातार चुनाव लड़ रहे हैं वे हर बार हारने के लिए चुनाव लड़ते हैं और 100 बार चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड बनाना चाहते हैं। हसनूराम अंबेडकर हर स्तर का चुनाव लड़ने के लिए नामांकन कर चुके हैं। मान्यता प्राप्त दल के प्रत्याशी एक प्रस्तावक सहित पांच लोगों के साथ कलक्ट्रेट में प्रवेश कर सकेंगे।

निर्दलीय प्रत्याशी के साथ पांच प्रस्तावक पहली बार में जाएंगे, इसके बाद दूसरे चक्र में पांच प्रस्तावक और प्रवेश कर सकेंगे। ये है चुनाव कार्यक्रम : नामांकन 12 से 19 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल, नामांकन पत्रों की वापसी 22 अप्रैल, मतदान 7 मई सुबह सात से शाम 6 बजे तक, मतगणना 4 जून सुबह 7 बजे से। नामांकन के लिए पुलिस ने भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। प्रत्याशियों के साथ आने वाले जुलूस को कलेक्ट्रेट तिराहे और सुभाष पार्क से आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा।

# मंच पर अमित शाह ने मेरे जिगर के टुकड़ों कहकर युवाओं को किया संबोधित

**अजय सक्सेना**

**उत्तर प्रदेशः** रामगंगा और प्राचीन सिद्ध पीठ काली माता को प्रणाम किया। 5 सालो में मुरादाबाद के लोग बहुत परेशान हुए हैं। इसीलिए बड़े मार्जन से भाजपा को जीत दर्ज करानी है।



अमित शाह ने कहा की मोदी जी की सरकार आने में उत्तर प्रदेश का अहम रोल है। इस बार वस्त्र में 80 की 80 सीटें भाजपा को जितानी हैं, जनता से समर्थन मांगा।

अमित शाह बोले पश्चिम वाले जैसा करेंगे वैसा ही पूरा उत्तर प्रदेश करेगा। आने वाले दिनों में एक- एक घर से निकलकर कमल के निशान पर बटन दबाना है। अमित शाह ने कहा की आप जो ठाकुर सर्वेश सिंह को वोट करेंगे वो नरेंद्र मोदी को मिलने वाला है।

इस बार तीसरी बार मोदी जी प्रधानमन्त्री बने तो तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था देश की बनाकर देंगे। मोदी ने जो वादे किए थे। वो सारे वादे पूरे किए।

राहुल बाबा ने हमेशा मेरा मजाक उड़ाया है। मैने बहुत सहा है,

मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे जिसके बाद हमने अपने वादे पूरे किए। 500 साल के बाद टेंट से निकलकर मंदिर में अपना जन्मदिन मनाने वाले हैं।

सपा बसपा कांग्रेस तीनों ही मन्दिर का विरोध करते रहे। लेकिन हमने बना भी दिया। वो बोले की सपा बसपा और कांग्रेस ने रामलाला की प्राणप्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया लेकिन नही आए क्युकी उनका वोट बैंक कम हो जाएगा।

10 साल में संस्कृति के मान को सुरक्षित करने का काम मोदी ने किया है। अमित शाह खरगे पर हमलावर हुए और बोले की खरगे जी कहते है की कश्मीर के लोगो को पंजाब की। मुरादाबाद का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए खड़ा है।

70- 70 साल तक कांग्रेस धारा 370 अपनी गोद में खिलाती रही। मोदी ने इसे खत्म करने का काम किया। आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म किया।

आलिया मालिया जमालिया आते थे लेकिन मोदी के आने के बाद जब हमला किया तो वो भूल गए की ये मनमोहन सिंह की सरकार नहीं है, बल्कि मोदी की सरकार है। और जवाब में अंदर घुसकर जवाब दिया।

आज उत्तर प्रदेश में योगी ने पलायन को खत्म किया और गुंडागर्दी माफियाराज को भी खत्म करने का काम किया। फल गरीब लोग पलायन करते थे लेकिन अब माफिया पलायन कर रहे हैं।

संभावना नहीं है लेकिन वो कहते हैं की अगर सपा आयेगी तो ट्रिपल तलाक फिर से लायेंगे, धारा 370 फिर से लगाएंगे।गन्ने का भुगतान किया और मुझे मालूम है कि यहां कमल खिलाने वाला है। 2 लाख वोटो से ज्यादा जीतने वाले हैं।

मेरी सभा समाप्त वो जनता से कहा आपको 50- 50 फोन करने हैं और सभी से बोलना है की इस बार मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

# आगामी चुनाव को लेकर रुचि वीरा ने किया रोड शो

**हफीजुर्र रहमान**

**उत्तर प्रदेशः** आगामी चुनाव को लेकर मुरादाबाद लोकसभा 6 सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने आज किया विशाल रोड़ शो और विपक्षियों के पसीने छूटते दिखाई दिए।



सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का क्षेत्र में जनाधार बढ़ रहा है सपा के कर्मठ कार्यकर्ता, और हजारों समर्थकों ने रोड़ शो में अहम भूमिका निभाई इस रोड शो में जनता में बहुत खुशी का माहोल नजर आया, रोड शो के दौरान सभी गांव में उनका मान सम्मान किया गया।

इस बार क्षेत्र वासियों ने प्रण लिया है, कि सपा प्रत्याशी रुचि विरा को संसद में भेजकर ही रहेंगे, जिससे सपा प्रत्याशी सविधान के प्रति दलित आदिवासी अल्पसंख्यक पर हो रहा है।

अत्याचार और शोषण संसद में पहुंचकर हमारी आवाज उठाएगी, और संसद में क्षेत्र वासियों के लिए लड़ेगी, आज सपा प्रत्याशी रुचि वीरा जी ने, ग्राम मांझेडा कल्याणपुर पुरेनी मिल्क हरेवाली दौलताबाद तेलीपुरा जलालपुर नियामतपुर अलीपुर जाट हैजरपुर शादीपुर हरगनपुर रायपुर सादात चंदन वाला कोटकादर टांडामाईदास लाल वाला जहानाबाद डाकिया बावन सराय तेलीपाड़ा आदि में जाकर रोड़ शो किया।

इस रोड शो में सपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के विधानसभा बढ़ापुर से कपिल कुमार भी साथ रहे, और हुसैन अंसारी शेख सुलेमान पप्पू जावेद आदि रूचि वीरा के साथ रहे, रुचि वीरा ने अपने कार्यकताओं की जमकर तारीफ की।

मेरा कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर मेरे लिए वोट मांगने का कार्य कर रहा इस रोड शो में ग्राम टांडामाईदास में सपा व कांग्रेस के कर्मठ नेताओ व कार्यकर्ताओ ने सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का मालाओं और पुष्पों से भव्य स्वागत किया, और क्षेत्र के कर्मठ नेता और कार्यकर्ता, नासिर, साकिर वसीम सादिक अजय राम पाल किसन सेनी इस्तियाक फारूक सलमानी मुबारिक समीम अब्बास विनीत विजय पाल अमर सिंह पुस्पेंद्र बबलू अशोक सरफराज रिकिन इरफान फुरकान जिल्लू प्रधान जुल्फुकार नसीम निसार शाहिद जाहिद आदि समर्थक मौजूद रहे।

# राजस्थानः जिले में हुआ बड़ा कार हादसा 2 की मौत, 2 लोग गंभीर रूप से घायल

**रवि कुमार**

**राजस्थानः** पीलीबंगा में हनुमानगढ़ सुरतगढ़ फोर लाईन के पास वॉर्ड नंबर 3 के पास एक कार पलट जाने से 2 की तुरंत मोके पर ही मौत हो गई और 2 जने गंभीर रूप से घायल हुए।



जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ सूरतगढ़ फोर लाइन पर लखुवाली के पास हुआ हादसा। जानकारी के अनुसार एक swift Dzire कार जो कि rj 31 cc 3971 नंबर है। जिसमें 4 जने सवार थे। गाड़ी का बेंलेंस बिगड़ जाने के कारण गाड़ी काफी दूर तक पलटे खाती हुई दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

जिसमें 2 की मोके पर ही मोत और 2 घायल हुए। मृतक का नाम नवीन शर्मा पुत्र तुलसीराम शर्मा वार्ड नंबर 9 पीलीबंगा व दुसरा विकास पुत्र साहबराम मेघवाल निवासी 50 छल्लस्र२ घमूडांवाली है। और घायल व्यक्ती के नाम विजय पुत्र महेंदर छिम्पा वार्ड नंबर 12 पीलीबंगा व सुरेंदर पुत्र बलराम मेघवाल निवासी वार्ड नम्बर 35 पीलीबंगा है।

हादसा इतना भयकरं था कि गाड़ी के टुकड़े पास में बनी 5 फि ट ऊंची दिवार से उछलकर फेल गये और लगभग 100 - 150 फि ट एरिया में गाड़ी के पार्ट फेल गए । और हादसे का सबसे बड़ा कारण हनुमानगढ़ सुरतगढ़ फोर लाइन पर जगह जगह बने हुए ढलान वाली जगह मतलब बैठी हुई सडक हैं। जिसकी वजह से गाड़ी अनियन्त्रित हो जाती है। और लखुवाली के पास यह आधा किलोमीटर एरिया पर ऐसी ही हालत है। प्रशासन को बार - बार अवगत कराने पर भी यहाँ ध्यान नहीं दिया गया।

# वीरान मकान में लगे 150 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

**गजेन्द्र सिंह**

**राजस्थानः** चित्तौड़गढ़ कपासन राजसमंद जिला के कुंवारियां निवासी भैरू लाल प्रजापत पप्पू लाल 39 पुत्र नाथु लाल नगर के खारी बावड़ी बालाजी मंदिर के सामने एक गली में स्थित वीरान मकान में लगे 150 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया।



युवती से नाता विवाह करने को लेकर युवक ने दिये पैसे वापस नही करने व युवती द्वारा नाता विवाह करने से मना करने से नाराज युवक मोबाइल टावर पर चढा तीन घंटे की मसक्कत के बाद युवक को समझाईश कर नीचे उतारा।

पुलिस के अनुसार दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली थी की एक युवक खारीबावडी के पास स्थित जिओ कम्पनी के मोबाईल टावर पर चढ गया है व उपर चढ कर जोर जोर से चिल्ला रहा है।

सूचना पर डीएसपी अनिल सारण थानाधिकारी रतनसिह मय जाप्ता घटना स्थल पहुँचे व युवक की तस्दीक की जिसमें सामने आया की राजसमन्द जिले के गांव कुवारिया निवासी पप्पु लाल उर्फ भैरू लाल कुम्हार पिता नाथु लाल टावर पर चढा है। जिस पर पुलिस ने युवक को नीचे उतारने के प्रयास शुरू किये।

इसी दौरान चित्तौडगढ एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। कडी मसक्कत के बाद टावर पर चढे युवक से मोबाइल पर बात शुरू हुई। जिसमें उसने बताया कि कपासन निवासी नरेश प्रजापत उसकी पत्नी लक्ष्मी द्वारा युवक के पैसे नही देने से नाराज होकर टावर पर चढा। पैसे नही देने पर युवक टावर से निचे कुदने की धमकी दे रहा था।

इसी बीच पुलिस ने युवक के परजनो से सम्पर्क कर उन्हे कपासन बुलाया । मौके पर मौजुद डिएसपी अनिल सारण व थानाधिकारी रतन सिह ने सुझबुझ का परिचय देते हुए युवक को उसके पैसे दिलवाने व उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए विश्वास में लेकर उसे नीचे उतरने को कहा जिस पर युवक मान गया।

दोपहर लगभग दो बजे टावर पर चढा यवुक सांय सवा पाच बजे नीचे उतरा। निचे उतरते ही पुलिस ने पप्पु लाल को हिरासत में लेकर थाने पहुचा जहा पुछताछ के बाद मेडिकल मुआयना करवाया गया। इधर युवक के टावर पर चढने की सूचना आग की तरह गांव मे फैल गई देखते हि देखते हजारो की तादाद में लोग घटना स्थ ल पर पहुच गये। जिसको लेकर पुलिस को काफी मशक्कत का समाना करना पडा।

वही पुछताछ मे सामने आया कि पप्पु लाल प्रजापत ने नरेश प्रजापत का राजसमन्द जिले के गांव पीपली निवासी लक्ष्मी प्रजापत से नाता विवाह करवाया थां तथा अव पप्पु लाल लक्ष्मी से नाता विवाह करना चाह रहा था। जिसको लेकर पप्पु लाल ने नरेश व उसकी पत्नी को फरदन फरदन 8 लाख रुपए दिये थे।

परन्तु लक्ष्मी ने पप्पु लाल से नाता विवाह करने से मना कर दिया। व पैसे भी नही लौटाये। बार बार रूपयो का तकाजा करने पर भी पैसे नही से परेशान होकर वह टावर पर चढ गया था सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शाम को करीब साढ़े पांच बजे पुलिस के समझाने से युवक टावर से नीचे उतर गया।

# कांग्रेसी नेताओं ने निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी उमेश कुमार को दिया समर्थन

**हरीश उपाध्याय**

**उत्तराखंडः** जनपद हरिद्धार रुड़की तथा झबरेड़ा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी उमेश कुमार को दिया समर्थन।



रुड़की झबरेड़ा में कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने तथा अपने सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी को समर्थन देते हुए उन्हें तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। तथा कांग्रेस पार्टी पर परिवाद तथा अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा प्रत्याशी उमेश कुमार के साथ समर्थन में उतरे।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदेव सिंह सिखों ने अपनी पुरानी पार्टी के साथ समर्थन देते हुए कहा यह कांग्रेस की वर्तमान व्यवस्था से दुखी होकर पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया है कि मेरे सिद्धांत और आदर्शों को पार्टी द्वारा क्रियान्वित का किए जाने पर और पुराने कार्यकताओं को नजर अंदाज करने से दुखी होकर मैंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है।

अब मैंने यह भी दे दिया है कि अपने कांग्रेस पार्टी तथा साथियों के साथ मिलकर हरिद्धार निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी उमेश कुमार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तथा सच्चे मन से अपने क्षेत्र की जनता को भाई उमेश कुमार को भरी मतों से विजय बनाएंगे।

तथा उनके लिए रुड़की ग्रामीण क्षेत्र में रात दिन कार्य करेंगे उन्होंने बताया की रुड़की गंग नहर के उनके कार्यालय में सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने एकत्रित होकर समर्थन देने का निर्णय लिया।

निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी उमेश कुमार के कार्यों के चलते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने हरिद्धार क्षेत्र के निकॉन कन्या विवाह कराए हैं। तथा वह असहाय लोगों की मदद हमेशा करते रहते हैं। हमें निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी उमेश कुमार का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।

हम बड़े भाग्यशाली हैं कि ऐसे युवा नेता के साथ हमें पार्टी में समर्थन देकर कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हम सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तथा छोटे से छोटे कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर उमेश कुमार का तहे दिल से समर्थन करते हैं। और यह भी वादा करते हैं कि उनके साथ तन मन धन से उनका सहयोग करेंगे। रुड़की तथ झबरेड़ा ग्रामीण क्षेत्र कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाली टीम की नियमावली कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव जगदेव सिंह से तथा वरिष्ठ नेता पंकज सिंगल तथा वारिस कांग्रेस नेता मोहन सिंह रावत पूर्व प्रदेश सचिव तथा महिला कांग्रेस नेता अनीता शर्मा पूर्व सदस्य युवा कांग्रेस अश्वनी शर्मा तथा कांग्रेस नेत्री श्रीमती बृजेश युवा कांग्रेस नेता आदित्य मोहम्मद अख्तर मनीष यादव कर्म सिंह मोहम्मद जमशेद आदि अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए।

# उत्तर प्रदेशः श्रद्धालुओं ने नवरात्रि के पांचवे दिन स्कंदमाता की पूजा अर्चना की

**जय प्रकाश शर्मा**

**उत्तर प्रदेशः** खुर्जा नगर के प्रसिद्ध श्री नवदुर्गा शक्ति मंदिर पर चल रहे नवरात्रि महोत्सव के पांचवें दिन माता रानी को बैंगनी रंग की पोशाक धारण कर उन्हें मालपुआ का भोग लगाया गया।



मंदिर पुजारी सुरेश ओझा ने बताया की माता रानी की पूजा मां स्कंदमाता के रूप में नवरात्र के चतुर्थ दिन की जाती है। तथा इनका वाहन चीता है उन्होंने बताया कि हिंदू पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि मां स्कंदमाता की मुस्कान की एक झलक ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया।

अष्टभुजा देवी के रूप में भी जाना जाता है - क्योंकि उनके आठ हाथ हैं, उनमें सूर्य के अंदर रहने की शक्ति और क्षमता है। इनके शरीर की कांति एवं प्रभा सूर्य के समान दैदीप्यमान है।

मंदिर कमेटी के पूर्व प्रधान महेश भार्गव ने बताया की मंदिर में हनुमान जी का विशाल विग्रह मौजूद है। जिनके हृदय में राम लक्ष्मण व सीता को दशार्या गया है श्री हनुमान जी का विग्रह बहुत ही अद्भुत है।

तथा विग्रह के अंदर राम नाम लिखी हुई करोड़ पुस्तिकाएं मौजूद हैं। व्यवस्थाओं में अध्यक्ष संजय वर्मा ,आजीवन सचिव रोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अजय गर्ग एडवोकेट, निमिष कुमार गर्ग एडवोकेट ,अनिल महाराज, रवि अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ भार्गव, शेखर वर्मा ,धर्मेंद्र सिंह बाबा, देवेश कौशिक, विकास वर्मा, डॉ नरेश चंद शर्मा, प्रेम प्रकाश अरोड़ा ,विजय गर्ग, राजेश गोयंका ,सचिव बंसल आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने उन्हाणी बस हादसे में न्यायिक जाँच का दिया सुझाव

**सतीश**

**हरियानाः** नांगल चौधरी के विधायक एवं हरियाणा सरकार में सिंचाई राज्यमंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने उन्हाणी बस हादसे में व्याप्त दर्दनाक जनहानि एवं व्यापक स्तर पर आहत जनभावना को ध्यान रखते हुए सरकार को सुझाव दिया है कि इस मामले की जाँच ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के किसी वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की जानी चाहिए।



उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जो स्कूल प्रबंधन एवं विभिन्न विभागों की गंभीर चूक का नतीजा है। छः मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत और 15 से अधिक बच्चों का घायल होना बहुत पीड़ादायक है।

इस मामले में निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से गहराई से जाँच किए जाने की आवश्यकता है। इस जाँच उपरांत न केवल सभी संबंधित विभागों की ज़िम्मेवारी निश्चित करते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है।

अपितु भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपायों की पहचान करते हुए उन्हें प्रभावी रूप से लागू करने का कानूनी प्रावधान करना होगा। इसके साथ ही सभी निजी संस्थाओं द्वारा स्कूलों के संचालन में विशेषकर विद्यार्थियों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए व्यापक कानूनी प्रावधानों पर भी विचार करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेशः नहाए खाए के साथ शुरू चार दिवसीय चैती छठ महापर्व

**आनंद कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** साल में दो बार मनाया जाता है। छठ पर्व चैती छठ के प्रथम दिन 12 अप्रैल को नहाए खाए, दूसरे दिन 13 अप्रैल को खरना, तीसरे दिन 14 अप्रैल को पूर्ण उपवास, छठ महापर्व के चौथे दिन 15 अप्रैल को प्रातः कालीन अर्धय देकर व्रत का पूर्ण आहुति होगी।



लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चार दिवसीय अनुष्ठान नहाए खाए के साथ शुक्रवार को शुरू हो गया। सोनभद्र सहित झारखंड बिहार तथा उड़ीसा में इस पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व झारखंड और बिहार के लोगों के लिए खास माना जाता है। नहाए खाए के दिन लौकी और चावल का प्रसाद बनाया जाता है और वर्तधारी महिलाएं इसे ग्रहण करते हैं। नहाए खाए के दिन से घर में सात्विक भोजन बनने लगता है और घर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। आज शनिवार के दिन खरना की पूजा की जाती है। सनातन धर्म में छठ महापर्व का विशेष महत्व है। साल में दो बार छठ का पर्व मनाया जाता है। पहले चैत्र में और दूसरा कार्तिक माह में भले ही कार्तिक माह के छठ का धूम देखने को मिलता है।

# उत्तर प्रदेशः स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रविन्द्र कुमार सिंह**

**उत्तर प्रदेशः** आज शहर के प्रतिष्ठित पी.एस.पी.ए. विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल अनूपशहर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा नर्सरी से कक्षा चार तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जिसमें कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः कक्षा नर्सरी से रिद्धिमा, खुशांस एवं कुंज, कक्षा एल.के.जी. से अक्षत, अदिति, राज और धैर्य, कक्षा यू.के.जी. से अभियुक्त, परी एवं प्रेक्षा, कक्षा प्रथम से मानवी, माधव एवं विद्धू, कक्षा द्वितीय से सताक्षी, दिशिता एवं प्रगति, कक्षा तृतीय से हिमांशी लक्ष्य एवं रिया, कक्षा चतुर्थ से अभिमन्यु, आराध्या एवं रिया आदि छात्र/छात्राओं ने स्थान प्राप्त किये। इसके अलावा कुछ बच्चों को सांत्वना होना पुरस्कार भी दिए गए।

प्रतियोगिता का आयोजन अध्यापिका विमलेश शर्मा व कीर्ति शर्मा द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के प्रबंधक श्री धीरज सिंह, अध्यक्ष श्री विनय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्या पी. बाला, उप प्रधानाचार्य संजीत विश्वास कीर्ति गुप्ता, नीलम, रोमा, सुहानी, कंचन, कविता, सरिता, रश्मि, अपेक्षा, वंदना, कीर्ति कुमारी, शालिनी एवं समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

## संपादकीय

### मुद्दों से दूर भागता आम चुनाव...

मेरी याददाश्त में देश में ये पहला और शायद आखरी आम चुनाव है जो कि जनता के मुद्दों से दूर भागता नजर आ रहा है। देश के मतदाताओं से सीधे जुड़े मुद्दों पर बातचीत करने के बजाय ऐसे मुद्दों पर विमर्श को केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है जो न केवल अप्रासंगिक हैं बल्कि उनका आज की तारीख में देश और देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में जनता को भटकाना यानि लोकतंत्र को भटकाना एक गंभीर अपराध है, लेकिन लोग हैं कि ये अपराध सीना ठोंक कर कर रहे हैं।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कम से कम 14 आम चुनावों का मैं चश्मदीद हूँ और कम से कम एक दर्जन आम चुनावों का कव्हरेज एक पत्रकार के नाते मैंने किया है। लेकिन ये पहला मौका है जब आम चुनावों को मुद्दों से भटकाने की एक सुनियोजित कोशिश की जा रही है। दुर्भाग्य ये है कि ये कोशिश वे राजनीतिक दल कर रहे हैं जो न सिर्फ जिम्मेदार माने जाते हैं बल्कि पिछले एक दशक से भारत के भाग्यविधाता भी बने हुए हैं। विपक्ष जैसे-तैसे आम चुनावों को मौजूदा मुद्दों पर लेकर आता है सत्ता पक्ष झटके में अतीत की एक कब्र खोदकर उसमें से अपने मतलब का एक कंकाल निकाल लाता है, वो भी आधा-अधूरा और जनता को मुद्दों से भटका देता है। तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कटिबद्ध भाजपा के तरकस से लगभग सभी तीर निकल चुके है। राम मंदिर बन गया, जम्मू-कश्मीर को खंड-खंड कर वहां से अनुच्छेद 370 का विलोप हो गया, तीन तलाक पर कानून बन गय। नारी शक्ति की वंदना हो गयी। समान नागरिकता कानून का शिगूफा भी छोड़ा जा चुका है और अब जब कुछ नहीं बचा तो भाजपा के विद्वान रणनीतिकार अतीत की कब्र खोदकर श्रीलंका और भारत के बीच 1974 में हुए एक सीमा समझौते को खोज लाये। जिसे पिछले एक दशक से न भाजपा नेता जानते थे और न देश की जनता। अब भाजपा कच्चादीव विवाद खड़ा कर दक्षिण के तमिल मतदाताओं की भावनाओं को कुरेद कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है।

भाजपा के नेतृत्व को भलीभांति पता है कि वो अपनी पार्टी की सरकार की कथित उपलब्धियों के बूते से मौजूदा आम चुनाव नहीं जीत सकती। भाजपा ने इस बार गलती से तीसरी बार सत्ता में आने के लिए न सिर्फ चुनाव जीतने का बल्कि अपने लिए अखंड शक्ति हासिल करने के मकसद से 400 पार का नारा और दे दिया है। हकीकत ये है कि भाजपा की नाव मझदार में है। उसके लिए पिछले आम चुनाव में मिली कामयाबी के कीर्तिमान को ही बनाये रखना कठिन हो रहा है। चार सौ पार की बात तो दूर की कौड़ी है।

आप गौर कीजिये कि जब से कांग्रेस का चुनाव घोषणा पात्र न्याय पत्र के नाम से सामने आया है तभी से भाजपा के होश उड़ते दिखाई दे रहे है।

> भारत की संरचना में छँटवी शताब्दी के पूर्व की व बाद की स्थिति में फर्क है। इस्लाम के उदय के पूर्व भारत आज के राजनीतिक भूभाग मात्र में सीमित नहीं था वरन कंधार तक फैला था। उस भारत में लगभग एक ही धर्म व परंपराएं प्रचलित थी, पर इस्लाम के उदय के बाद भारत की धार्मिक सीमाएं और फिर कालांतर में राजनीतिक सीमाएं सिकुडने. लगी।

# यह कैसा राम राज?

-रघु ठाकुर-

22 जनवरी 2024 को राम मंदिर अयोध्या में, राम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के बाद, प्रधानमंत्री जी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। वैसे यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस विशाल और व्यापक आयोजन से उनका जनाधार बढ़ा है तथा वे हिंदू मानस के सर्वप्रिय नेता बन गए हैं। यहां तक की हिंदू धर्म गुरु, शंकराचार्य और हिंदू राष्ट्र के निर्माण के थोक बंद ठेकेदार डॉक्टर मोहन भागवत, नरेंद्र मोदी की आभा के समक्ष पीछे नजर आ रहे हैं। 4 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री जी गुवाहाटी के दौरे पर थे। और वहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके। उन्होंने राजनीतिक कारणों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का चलन स्थापित किया। जबकि विकास और विरासत हमारी नीति है कामाख्या दिव्य लोक परियोजना का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा तीर्थ मंदिर सभ्यता की यात्रा की निशानियां है। हमारे तीर्थ मंदिर सिर्फ दर्शन करने की स्थली नहीं है यह हमारी सभ्यता की अमिट निशानियां है। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे उसको अटल रखा है यह उसकी साक्षी है। कोई भी देश अपने अतीत को भुलाकर या मिटाकर विकसित नहीं हो सकता। मुझे संतोष है कि पिछले 10 वर्षों में हालात बदल गये है। उनकी आखिरी पंक्ति पर तो कुछ कहने की जरूरत नहीं है क्योंकि देश में जो कुछ अच्छा हुआ है वह उनके 10 वर्षों के कार्यकाल में हुआ है और जो कुछ खराब हुआ है वह उनके आने के पूर्व का है, यह कहना उनके प्रारंभिक व स्थाई शगल है। एक प्रकार से वे अपने आपको श्श्न भूतों न भविष्यती सिद्ध करते रहते हैं। उनकी आत्म प्रशंसा करने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह व्यक्ति का स्वभाव होता है। विशेषता जिन सज्जनों में योग्यता कम होती है वे दिखावे ज्यादा करते



हैं। हमारी पुरानी कहावत है 'अध जल भरी' गगरिया छलकत जाए्य। पर मूल प्रश्न जिस पर विचार जरूरी है कि संस्कृति पर शर्मिंदगी का चलन देश में कब था। जहां तक मंदिरों का प्रश्न है, तो जो प्राण प्रतिष्ठा को देवरूप मानने वाले थे, वे मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना करते थे, पर देश में एक ऐसा भी हिंदू समाज या कहें तो हिंदू मानस के विचारकों व धर्म गुरुओं का हिमायती रहा है, जिसने मंदिर व पूजा की परंपरा को स्वीकार नहीं किया। चावार्क ने पाषाण पूजा को स्वीकार नहीं किया तो क्या चावार्क हिंदू नहीं थे? स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि, पत्थर की प्रतिमा में शिव नहीं है तो क्या वे हिंदू नहीं थे? मंदिरों की पुर्नस्थापना तो पहले भी हुई है। क्या स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल प्रथम गृहमंत्री भारत सरकार ने सोमनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण नहीं कराया था? हां उसमें स्वर्ण छड़ी से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी कि नही यह में पक्के तौर पर नहीं कह सकता। जहां तक मुझे स्मरण है कि, मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद प्रतिमा स्थापना तो हुई थी परंतु प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई। स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल ने तो यह कार्य 1950 के दशक में कराया था तो क्या यह संस्कृति पर शर्मिंदगी का चलना माना जाएगा। स्वर्गीय वल्लभभाई पटेल ने, यह पुनर्निमाण, सार्वजनिक रूप से तथा उसके लिए जन सहयोग से कराया था। उसमें, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सलाह पर सरकारी खजाने के धन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। क्योंकि, एक धर्मनिरपेक्ष देश में मंदिरों, मस्जिदों, गिरजागरों का निर्माण कराना सरकार का कर्तव्य नहीं है। इनका निर्माण तो उनके मानने वालों के द्वारा ही होना चाहिए। हालांकि श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार तो सब जगह मंदिरों के पुनर्निमाण या विकास के नाम पर या लोक के निर्माण के नाम पर शासन का पैसा लगा रही हैं। क्या किसी मस्जिद, गुरुद्वारे या गिरजाघर के पुनर्निर्माण का काम सरकारी खजाने से हो सका है या होना चाहिए। फिर संस्कृति क्या है? यह भी एक विचार का बिंदु है? संस्कृति का मतलब क्या केवल मंदिर या धार्मिक स्थलों, पूजा स्थलों तक ही सीमित है? आजकल लोग सनातन की बहुत चर्चा कर रहे हैं तो सनातन क्या है? क्या वैदिक काल को सनातन का हिस्सा नहीं माना जाएगा? पर वैदिक काल में यज्ञों व हवन का तो जिक्र मिलता है पर मंदिरों का नहीं मिलता। तो क्या यह माना जाए की वैदिक कालीन लोगों को भारतीय संस्कृति की जानकारी नहीं थी? या फिर उन्हें संस्कृति पर शर्मिंदिगी होती थी? भारत की संरचना में छँटवी शताब्दी के पूर्व की व बाद की स्थिति में फर्क है। इस्लाम के उदय के पूर्व भारत आज के राजनीतिक भूभाग मात्र में सीमित नहीं था वरन कंधार तक फैला था। उस भारत में लगभग एक ही धर्म व परंपराएं प्रचलित थी, पर इस्लाम के उदय के बाद भारत की धार्मिक सीमाएं और फिर कालांतर में राजनीतिक सीमाएं सिकुडने. लगी। लगभग सातवीं शताब्दी से ही मुगल आक्रमण भारतीय सीमाओं में शुरू हो गए, पहले सिंध व पंजाब में और फिर दिल्ली व समूचे भारत में। जिन लोगों ने इस्लाम कबूल किया और मुसलमान बने, वे उसके पूर्व क्या थे? क्या वे बुद्ध नहीं थे? तो बौद्ध मंदिर भी तो भारतीय संस्कृति की धार्मिक परंपराओं का हिस्सा हुआ। पर संघ के विचार में बौद्ध या सिख या जैन यह क्या भारतीय संस्कृति या धार्मिक इतिहास का हिस्सा माने जाते है। या क्या संघ एक योजना के तहत सभी गैर हिंदू धर्म परंपरा वालों को उनके धार्मिक स्थलों को, मिटाने की योजना रखता है। फिर एक प्रश्न यह भी है, कि संस्कृति क्या है? क्या संस्कृति केवल मंदिरों मठों या धार्मिक स्थलों में है। क्या संस्कृति व इतिहास एक है। इन प्रश्नों पर गहन विचार की आवश्यकता है। फिर संस्कृति व सभ्यता क्या एक है? इस पर भी विचार करना होगा। दरअसल इतिहास संस्कृति और सभ्यता तीनों में समय क्रम एक हो सकता है परंतु भिन्नता भी है। इतिहास उन सारी घटनाओं का संकलन है जो अच्छी या बुरी सही या गलत जब जैसी घटी उनका संग्रह व वर्णन है। संस्कृति वे अच्छे सामयिक जीवन मूल्य है या परंपराएं, जो समाज के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य हो सकते हैं, मसलन भारत की जाति प्रथा यह संस्कृति या सभ्यता नहीं कहीं जा सकती। परंतु इतिहास का हिस्सा रहेगी और उसके अच्छे बुरे प्रभावों का विश्लेषण होता रहेगा। सभी जीवों या वस्तुओं में जीवन है और इसलिए उसकी रक्षा की जानी चाहिए। वायु, जल, प्रकृति, मानव यह सभी एक ही रूप के कई हिस्से हैं। यह एक सांस्कृतिक दृष्टिकोण है जो शाश्वत जीवन मूल प्रस्तुत करता है।

# क्या यह सभी टुकड़े 'टुकड़े गैंग' के 'राष्ट्र विरोधी' व 'राम द्रोही' हैं?

-तनवीर जाफरी-

18वीं लोकसभा के लिये होने जा रहे आम चुनावों में सभी राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को जहाँ अपने दस वर्ष के शासनकाल के दौरान उपजी सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है वहीँ विपक्ष भी इस बार एकजुट होकर ह्यइंडियाह्ण नामक गठबंधन बनाकर भाजपा का मुकाबला करते हुए देश की अधिकांश लोकसभा सीटों पर भाजपा व उसके सहयोगी एन डी ए घटक दलों के एक उम्मीदवार के सामने ह्यइंडियाह्ण गठबंधन का भी एक ही उम्मीदवार चुनौती दे रहा है। यानी स्थिति कुछ 1977 के चुनाव जैसी दिखाई दे रही है। भाजपा चूंकि अपने संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ बहुसंख्यकवादी राजनीति करते हुये अपने दूरगामी हिंदूवादी एजेंडे पर काम कर रही है इसलिये वह किसी भी सूरत में सत्ता से हटना नहीं चाहती। इससे निपटने के लिये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ऐसे अनेक हथकंडे अपना रही है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में यहाँ तक कि आपातकाल के उस दौर में भी नहीं देखे गये जिसे कांग्रेस की तानाशाही का दौर कहा जाता था। भाजपा सरकार अपने विपक्षी नेताओं व विरोधी दलों को राजनैतिक प्रतिद्वंदी समझने के बजाय उनके साथ व्यक्तिगत दुश्मन जैसा बर्ताव कर रही है।

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अनेक नेताओं को यहाँ तक कि अनेक भ्रष्ट नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ई डी, सी बी आई या इनकम टैक्स का भय दिखाकर तो किसी को कथित तौर पर धन या पद की लालच देकर अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। जो नेता इनके इस जाल में नहीं फंसता उसे किसी न किसी बहाने जेल भेजा जा रहा है। कई विपक्षी पार्टियों में फूट डलवाई जा रही है। और इन सबके बावजूद भी जो इनके पक्ष में नहीं आता उसे तरह तरह की संज्ञाओं से नवाजा जा रहा है। किसी को राष्ट्रविरोधी बताया जाता है तो किसी को राम विरोधी। कोई टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य तो कोई पाकिस्तान परस्त। कोई भ्रष्ट तो कोई परिवारवादी। कोई हिन्दू विरोधी तो कोई अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करने वाला। कोई 'खालिस्तानी तो कोई 'रेवड़ी बाँटने वाला। यहाँ तक कि भाजपा नेता विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोकि कभी अपनी छाती 56 इंच की बताते हैं वही मोदी भावनात्मक कार्ड खेलने से भी नहीं चूकते। भाजपा नेता कभी गाँधी-नेहरू का अपमान करते हैं तो कभी गोडसे-सावरकर का महिमामंडन करते हैं और कभी संविधान बदलने की बात करते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि विपक्षी दलों के नेताओं को जिन 'विशेषणों' से प्रधानमंत्री व उनकी पार्टी के तमाम नेता नवाजते रहते हैं और स्वयं को ही भारतीय राजनीति का अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिज्ञ बताने की कोशिश करते हैं तो क्या उनका विरोध केवल कांग्रेस या ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के ही नेता करते हैं या करते रहे हैं?

किसी जमाने में वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. राम जेठमलानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे। जेठमलानी मोदी के इतने बड़े समर्थक थे कि 2015 में उन्होंने नरेंद्र मोदी को विष्णु का अवतार तक बता डाला था। जेठमलानी को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी काले धन की वापसी करेंगे। वह सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन देंगे। भ्रष्टाचार और विदेश नीति पर अच्छा काम करेंगे। परन्तु जल्द ही जेठमलानी को मोदी की राजनीति की सच्चाई का पता चल गया। आखिरकार उनको कहना पड़ा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की मांग का समर्थन करना उनकी सबसे बड़ी नासमझी थी। उन्होंने खुद को इसके लिए गुनहगार और ठगा हुआ बताया था। उन्होंने यह कहना भी शुरू कर दिया था कि प्रधानमंत्री की बातों का भरोसा ना करें। आखिरकार '9 जून 2015 को राम जेठमलानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को 'तोड़ने' की घोषणा भी कर दी थी। इसके बाद कई मामलों वे खुलकर मोदी व उनकी सरकार के गलत फैसलों के विरुद्ध अदालत में भी पेश हुये।

उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के ही यशवंत सिन्हा, सुब्रमण्यम स्वामी व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे वरिष्ठ नेताओं व पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने नरेंद्र मोदी की अनेक गलत नीतियों का खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया। यशवंत सिन्हा व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नेता तो पार्टी छोड़कर भी चले गये परन्तु मोदी हमेशा इसी गलत फहमी का शिकार रहे कि उनसे अच्छी राजनीति की समझ कोई भी नहीं रखता।

इस आशय की स्वप्रशंसा वाली कई बातें स्वयं मोदी संसद से लेकर जनसभाओं तक में कहते भी रहते हैं। सुब्रमण्यम स्वामी तो अभी भी भाजपा में ही रहकर मोदी व उनकी सरकार को आईना दिखते रहते हैं। खासकर वित्तीय व विदेश नीति को लेकर और अति विशेष रूप से चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर किये गये हालिया अतिक्रमण को लेकर। उसके बाद भाजपा के ही सांसद वरुण गांधी और भाजपा नेता व पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के बयानों को सुन लीजिए। किसान विरोधी नीतियों को लेकर इन भाजपा नेताओं ने अक्सर प्रधानमंत्री मोदी को खरी खोटी सुनाई। वरुण गांधी ने किसानों व बेरोजगारी व मंहगाई के मुद्दे उठाये।

## पैसों की हवस के आगे इंसान...

-ऋतुपर्ण दवे-

पैसों की हवस के आगे इंसान इतना गिर जाए कि जिंदा इंसानों के शरीर के अंग बेचने लग जाए? भला कौन विस करेगा कि यह भी अब उन कुछ वहशियों का कारोबारी हिस्सा है, जो बाकयदा गैंग बनाकर, सुनियोजित तरीके से लगे हुए हैं। हैरानी तब ज्यादा होती है जब इसमें देवालय सदृश्य अस्पतालों के बड़े-बड़े रुतबेदार और ओहदेदार भी हिस्सेदार होते हैं। इस अवैध धंधे ने बहुत गहरी जड़ें कम समय में ऐसी जमा ली हैं कि धंधेबाज सरकार और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। भारत में भी सीमा पार तक से गुपचुप तरीके से स्वस्थ लोगों के अंगों को खरीदने-बेचने का सिलसिला तेजी से पनप रहा है। इत्तेफाक से कोई मामला सामने आता है तो उसकी जड़ों तक पहुंचता जांच दल हक्का-बक्का रह जाता है। कैसे, कितनी सफाई से आंखों में धूल झोंक, इतना बड़ा कांड होता रहा और भनक तक नहीं लगी? बीते हफ्ते बांग्लादेश से बुलाकर जयपुर में अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने वाले गिरोह का गुरु ग्राम में भांडाफोड़ हुआ। छापेमारी में किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके और कराने वाले डोनर, मरीज सहित 4 लोग हत्थे चढ़े। इनसे खुलासा हुआ कि मरीजों से 10-12 लाख रु पये वसूले जाते, जबकि डोनर को महज दो लाख बांग्लादेशी टका पकड़ाते। पकड़ाए बांग्लादेशी किडनी डोनर शमीम ने हैरान कर देने वाली जानकारी दी। उसने फेसबुक पर किडनी डोनेट करने का विज्ञापन देखकर भारत में मुर्तजा से संपर्क साधा। उसके कई मेडिकल टेस्ट हुए। उसे कोलकाता के मेडिकल वीजा पर गुरु ग्राम में रु कवाया गया। आधार और दूसरे कई फर्जी कागज बने। पता चला कि गुरु ग्राम का बड़ा अस्पताल देख इनके जाल में लोग फंस जाते। बाद में इसी अस्पताल की जयपुर ब्रांच में ट्रांसप्लांटेशन का खेल होता। मुर्तजा झारखंड का है। लंबे समय से इस धंधे में लिप्त है। फरवरी, 2019 में कानपुर पुलिस ने एक बड़े किडनी-लीवर बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश किया। गिरोह गरीब को फंसाता और दिल्ली में किडनी बिकवाता। छह लोगों गिरफ्तार हुए जिनके तार न केवल कानपुर से दिल्ली, नोएडा, बल्कि विदेशों से भी जुड़े निकले। गिरोह किडनी बेचने वाले मजबूर को 3-5 लाख रुपये बमुश्किल देता वहीं जरूरतमंद से 30 लाख रु पये से भी ज्यादा वसूलता। जांच में खुलासा हुआ कि गैंग का सरगना टीआरके राव 2016 में अपोलो हॉस्पिटल किडनी कांड में जेल जा चुका है। विडंबना कहें या कानून से बेखौफ निर्लज्जता जेल से बाहर आते ही फिर इसी गोरखधंधे में लग गया। एक दूसरा आरोपी सबूर 2015 में जालंधर किडनी कांड में जेल जा चुका है। निश्चित रूप से ऐसी घृणित साजिश और कारोबार के पीछे चंद सफेदपोश मेडिकल प्रोफेसनल और उनका गिरोह होता है। ये इस पवित्र पेशे में आते वक्त हिप्पोक्रेटिक शपथ लेकर अपने चिकित्सकीय पेशे अनुरूप सेवा, कार्य और न्याय की शपथ लेते हैं। लेकिन अवैध कमाई के लालच में सब कुछ भूल, दैत्य और नरपिशाच सा काम करने लगते हैं। हमारे कानून में अंग प्रत्यारोपण और दान की तो इजाजत है लेकिन अवैध खरीद-फरोख्त की कतई नहीं। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 में जीवित और मृत मस्तिष्क वाले दानदाता को इसकी इजाजत है। 2011 में अधिनियम में संशोधन कर, मानव ऊतकों यानी टिश्यू दान को भी शामिल किया गया। भारत में मानव अंगों के गैर-कानूनी कारोबार पर 5 से 10 साल तक की कैद और 20 लाख से 1 करोड़ रु पये तक के जुमार्ने का प्रावधान है जबकि मानव ऊतक के धंधे पर एक से तीन साल की कैद और 5 से 25 लाख रु पये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। इतने सख्त कानून के बावजूद धड़ल्ले से मानव अंगों की खरीद-फरोख्त चिंताजनक है। ग्लोबल फाइनेंशियल इंटीग्रिटी (जीएफआई) के अनुसार विश्व में अंग तस्करी में किडनी की मांग सर्वाधिक है। जितने अंग प्रत्यारोपण होते हैं, उसमें 10 प्रतिशत तस्करी से होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि सालाना 10, 000 किडनियों की तस्करी होती है अर्थात हर घंटे एक या उससे भी अधिक। भारत में भी आंकड़ा बड़ा होगा। अवैध अंग प्रत्यारोपण गैंगस्टर जैसा अपराध है। इसमें शामिल चिकित्सकीय पेशेवर 0.1 प्रतिशत से भी कम होंगे जो शेष पर भारी पड़ रहे हैं। इसे रोकने का सामर्थ्य कानून से ज्यादा पेशे से जुड़े शेष प्रोफेसनल्स में है। वही बेलगाम होते इस धंधे की परतें उधेड़ सकते हैं। बस जरूरत है कि इनकी सुरक्षा, गोपनीयता बनाए रखने के साथ मान-सम्मान को बरकरार रखा जाए ताकि ऐसे लोग स्वयमेव आगे आएं।

# संविधान की सफलता जनमत पर निर्भर-डॉ. अंबेडकर

-रघु ठाकुर-

14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब का जन्मदिन है। किसी व्यक्ति का जन्मदिन अपने आप में महत्व का नहीं होता बल्कि वह इन प्रतीक दिनों पर उनके कामों की चर्चा, उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा करने का एक निमित्त होता है। बाबा साहब की प्रासंगिकता उनके जीवन काल के बाद निरंतर बढ़ रही है और अपने अंतिम जीवन काल में वे जितने अकेले और निराशा में थे, अगर आज वे जिंदा होते तो शायद उस अकेलेपन या सामाजिक मान्यता के अभाव की निराशा से मुक्त हो चुके होते। क्योंकि-कुछ ऐसी स्थिति का निर्माण हुआ है की भले ही कोई उन्हें ना मानने वाला हो या उनका आलोचक भी हो पर उनके विरुद्ध बोलने का साहस नहीं कर सकता। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि डॉक्टर अंबेडकर के समर्थन की सीमाएं अब महाराष्ट्र या उसके सीमाई क्षेत्र से बाहर निकल कर उत्तर भारत में भी पहुंची है। और हिंदी प्रदेश विशेषतरू उत्तर प्रदेश, हरियाणा में उनके समर्थकों या मानने वालों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। साथ ही उनके समर्थकों में एक विशेष प्रकार की एकजुटता व आक्रामकता भी आई है। जिससे उनकी खिलाफत करने वाले भी बचते हैं। अनुसूचित जाति के उनके समर्थक वोट भले ही किसी को देते हों परंतु बाबा साहब उनके लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत व स्वाभिमान के प्रतीक हैं। और देश में शायद सर्वाधिक स्वप्रेरणा से उनकी छोटी बड़ी प्रतिमाओं का निर्माण उनके मानने वालों ने अपने-अपने इलाकों में किया है। अगर किसी नेता की प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने पर सबसे तीखी व उग्र प्रतिक्रिया होती है तो वह बाबा साहब के समर्थकों की होती है। दरअसल पिछले 10 वर्षों से केंद्र में श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार के कामकाज से देश के पढ़े-लिखे तबके और वंचित व अल्पसंख्यक तबकों में यह भावना पनपी है (सही या गलत) कि मोदी सरकार संविधान को बदलना चाहती है और एक धर्म का देश बनाना चाहती है, जो सरकार की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घोषित लक्ष्य रहा है। सरकार के कामकाज के तरीकों से इस आशंका को बल मिलना स्वाभाविक है। जिस प्रकार पिछले वर्षों में विशेषतरू श्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में देश की संवैधानिक और लोकतांत्रिक परंपराओं को बलाए ताक रखा गया है, प्रतिपक्ष को खत्म करने या घुटने टेक करने का प्रयास किया गया है, संविधान प्रदत्त देश के संघीय ढांचे को एक केंद्रीय या एकात्मक ढांचे में बदलने के प्रयास चल रहे हैं, सरकारी जांच संस्थाओं का प्रयोग एकपक्षीय हो रहा है, मीडिया को केवल सत्ता प्रचार का माध्यम बनने तक सीमित किया जा रहा है। राजनीति और चुनाव में धन (काला या सफेद)और कारपोरेट की भूमिका जिस तेजी से बढ़ रही है। उससे इस आशंका को वास्तविक खतरा महसूस करने के तार्किक कारण बनते हैं। और इसलिए जो लोग संविधान को बदलना चाहते हैं या संविधान को दरकिनार कर उसकी भावना व आत्मा को मारकर केवल शब्दों से खेलना चाहते हैं वे भी बेमन से या रणनीति के तहत ही सही ऊंची आवाज में बाबा साहब का नाम उच्चारण करते हैं और उनकी पाषाण प्रतिमाओं की पूजा करते हैं। दूसरी तरफ सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष जो अपने राजनीतिक जनाधार को बचाए रखने के लिए बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल कर रहा हैं वह भी भले ही बाबा साहब के विचार को न मानता हो परंतु उनका इस्तेमाल कवच व तलवार के रूप में करता है। उसके लिए एक शाब्दिक जुमला चलाया गया है कि बाबा साहब का संविधान और अनुसूचित जाति के मतदाताओं में यह बात पहुंचाने का प्रयास करता है कि यह संविधान केवल बाबा साहब की निर्मिति है और उनके विचारों की प्रतिध्वनि है।

सत्ता पक्ष अपनी जातीय व सांप्रदायिक सोच के कारण बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहता है। सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष भी भले ही बाबा साहब को न मानता हो उसके वैचारिक या सैद्धांतिक आदर्श भले ही बाबा साहब जैसे ना हो परंतु वह कम से कम अपने वोट के लिए अपने आधार को बचाने के लिए बाबा साहब के नाम का भजन तो करता है। आज यह विचार करना चाहिए कि क्या हम आर्थिक व सामाजिक समानता प्राप्त कर सके हैं?? बाबा साहब चाहते थे कि संविधान में समाजवाद के प्रावधानों को वाध्यकारी रूप में शामिल किया जाए। पर क्या आज का सत्ता पक्ष या सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष इसके लिए तैयार है?? और है, तो कहे कि हम सब मिलकर देश की आर्थिक, सामाजिक विषमता को मिटाने वाले प्रावधान संविधान में शामिल करेंगे। जो बाबा साहब करना चाहते थे, परंतु तात्कालिक परिस्थितियों में नहीं कर सके थे। बाबा साहब का मत था कि आने वाली पीढ़ी अपने विचारों के अनुसार परिवर्तन चाहेगी और उसे स्थाई रूप से अतीत का बंदी नहीं बनाना चाहिए। याने हर कालखंड की युवा पीढ़ी को अपने सोच व निष्कर्षों को प्रयोग करने का अधिकार व व्यवस्था होना चाहिए। बाबा साहब तो राजकीय समाजवाद चाहते थे याने ऐसे प्रावधान जिसमें समता कानूनी बाध्यता हो। और आज का सत्ता पक्ष व सत्ताकांक्षी प्रतिपक्ष तो राजकीय पूंजीवाद स्थापित कर रहा है। सांप्रदायिक सोच व एक धर्म का राष्ट्र निर्माण करने वाली जमातें संविधान को प्रतिदिन जलाने जैसा काम कर रही है।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार

प्रातः 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त खबरें

### पिछले 9 महीनों में आय वृद्धि 25% से घटकर साल-दर-साल 6-8% होने का अनुमान है

**नई दिल्ली** । नई दिल्ली : पिछले तीन वर्षों में, भारतीय कॉपोरेट आय वृद्धि ने निफ्टी 50 के लिए 24% की सीएजीआर हासिल करते हुए एक ठोस गति बनाए रखी है। निरंतर विस्तार की इस अवधि के दौरान, उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। COVID-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बाद, व्यवसायों ने उल्लेखनीय सुधार का प्रदर्शन किया, जैसा कि FY22 के दौरान कर पश्चात लाभ (ढअळ) में 40% की वृद्धि से पता चलता है। हालाँकि, यह गति कम हो गई, जिसके परिणामस्वरूप FY23 में 8% की असामान्य वृद्धि हुई, अनुमानों के अनुसार FY24ए में 23.5% की स्वस्थ वृद्धि का संकेत मिलता है। वित्त वर्ष 2014 में व्यापार वृद्धि की शुरूआत उल्लेखनीय रूप से अनुकूल थी, जो वित्त वर्ष 2013 में कम आधार से उत्साहित थी। यह उछाल वैश्विक मुद्रास्फीति में तेज गिरावट से प्रेरित था। तेल और गैस, धातु, रसायन और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक कच्चे माल के शुद्ध आयातक के रूप में भारत की स्थिति को देखते हुए, जो माल की लागत में महत्वपूर्ण योगदान देता है, वैश्विक मुद्रास्फीति में उतार-चढ़ाव सीधे कॉपोरेट मार्जिन को प्रभावित करता है। जैसे ही अमेरिकी सीपीआई की तरह विश्व मुद्रास्फीति में गिरावट आई, जून 2022 में 9% से घटकर दिसंबर 2023 में 3.4% हो गई, इससे ऑपरेशन मार्जिन में भारी विस्तार हुआ।

इसके साथ ही मुनाफे में पर्याप्त वृद्धि का आधार भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था थी, जो दुनिया में अन्य जगहों पर देखी गई धीमी वृद्धि के बिल्कुल विपरीत थी। इस गतिशीलता के कारण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के पूवार्नुमानों में लगातार वृद्धि का समायोजन हुआ। चरणबद्ध तरीके से, फ्ङक ने FY24 जीडीपी वृद्धि का अनुमान फरवरी 2023 में 6.4% से बढ़ाकर अप्रैल 2024 में 7.6% कर दिया। मूल रूप से, भारत को मजबूत बाहरी मांग से बहुत फायदा हुआ। नतीजतन, भारत ने बढ़ी हुई मात्रा वृद्धि के कारण मुनाफे में औसत से अधिक वृद्धि का अनुभव किया।

आमतौर पर, जब उत्पादन और सेवा लागत घटती है, तो बिक्री भी घटनी चाहिए। इसलिए, दिसंबर FY24 के आखिरी नौ महीनों में निफ्टी 50 घटक कंपनियों की कुल बिक्री वृद्धि 12% की सामान्य दर पर रही। हालाँकि, उच्च मात्रा और ऑपरेटिंग मार्जिन में विस्तार के संयोजन प्रभाव के कारण PAT में वृद्धि औसत से ऊपर है, जिसके कारण FY24 के 9 महीनों में PAT वृद्धि में 25% की वृद्धि हुई।

### भारत से ऑटोमोबाइल निर्यात FY24 में 5 .5% घटा



नई दिल्ली। उद्योग निकाय सियाम द्वारा साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न विदेशी बाजारों में मौद्रिक संकट के कारण वित्त वर्ष 2024 में भारत से ऑटोमोबाइल निर्यात में 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई है।पिछले वित्त वर्ष में कुल निर्यात 45,00,492 इकाई रहा, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 47,61,299 इकाई था।पिछले वित्त वर्ष में विदेशी शिपमेंट में गिरावट पर टिप्पणी करते हुए सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न विदेशी बाजारों में स्थिति अस्थिर बनी हुई है।उन्होंने कहा, "कुछ देश, जहां हम वाणिज्यिक वाहन और दोपहिया निर्यात के मामले में बहुत मजबूत हैं, विदेशी मुद्रा से संबंधित मुद्दों का सामना कर रहे हैं।

पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों के शिपमेंट में बड़ी गिरावट देखी गई, हालांकि यात्री वाहनों में मामूली वृद्धि हुई।हालांकि, इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में, हमने अच्छी रिकवरी देखी है, खासकर दोपहिया वाहनों के लिए, जो शेष वर्ष के लिए बेहतर संभावनाओं का संकेत देता है, उन्होंने कहा।अग्रवाल ने कहा, "हमें पूरी उम्मीद है कि आगे चलकर स्थिति में सुधार होगा।"यात्री वाहन खंड में, निर्यात वित्त वर्ष 2014 में 1.4 प्रतिशत बढ़कर 6,72,105 इकाई हो गया, जो वित्त वर्ष 2013 में 6,62,703 इकाई था।

मारुति सुजुकी ने 2022-23 में 2,55,439 इकाइयों के मुकाबले 2,80,712 इकाइयों की शिपमेंट के साथ सेगमेंट का नेतृत्व किया। हुंडई मोटर इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 1,63,155 इकाइयों का निर्यात किया। इसने FY23 में 1,53,019 यूनिट्स शिप की थीं। किआ मोटर्स ने 52,105 इकाइयों का निर्यात किया, जबकि वोक्सवैगन इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 44,180 इकाइयों का निर्यात किया।निसान मोटर इंडिया और होंडा कार्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में क्रमशः 42,989 और 37,589 इकाइयों का शिपमेंट किया।

दोपहिया वाहनों के निर्यात में पिछले वित्त वर्ष में 5.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34,58,416 इकाई रही, जबकि 2022-23 में यह 36,52,122 इकाई थी।इसी तरह, वाणिज्यिक वाहन शिपमेंट वित्त वर्ष 2013 में 78,645 इकाइयों के मुकाबले 16 प्रतिशत गिरकर 65,816 इकाइयों पर आ गया।तिपहिया वाहनों का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 18 प्रतिशत घटकर 2,99,977 इकाई रह गया, जबकि 2022-23 वित्तीय वर्ष में यह 3,65,549 इकाई था।

### ADB विकास को लेकर उत्साहित, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत

नई दिल्ली।एशियाई विकास बैंक (एडीबी) भारत की विकास दर को लेकर उत्साहित है, उसने 2024-25 के लिए अपना पूवार्नुमान दिसंबर में अनुमानित 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। यह विश्व बैंक, आईएमएफ और मूडीज द्वारा अनुमानित समान बढ़ोतरी के मद्देनजर आता है, हालांकि एडीबी ने आरबीआई के विकास अनुमान का समर्थन किया है। हालाँकि, यह जरूरी है कि केंद्र यह सुनिश्चित करे कि आर्थिक संभावनाओं के बारे में आशावाद लोकलुभावनवाद के दलदल में न फंस जाए। केंद्रीय बैंक ने विनिर्माण, सेवाओं और सामान्य मानसून में अच्छी संभावनाओं पर अच्छे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विस्तार का अनुमान लगाया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने 5 अप्रैल को कहा, ह्लनिरंतर लाभप्रदता के कारण विनिर्माण में अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। सेवा गतिविधि के महामारी-पूर्व प्रवृत्ति से ऊपर बढ़ने की संभावना है।ह्व उन्होंने कहा कि ग्रामीण गतिविधियों में और तेजी आने और शहरी मांग स्थिर रहने से निजी खपत को गति मिलनी चाहिए। उन्होंने "व्यावसायिक आशावाद, स्वस्थ कॉपोरेट और बैंक बैलेंस शीट, मजबूत सरकारी पूंजीगत व्यय और निजी पूंजीगत व्यय चक्र में तेजी के संकेत" की बात की। एडीबी ने "विनिर्माण और सेवाओं में मजबूत गति" पर प्रकाश डाला। हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि कोई चिंता नहीं है; वे अभी भी वहाँ हैं, बाहरी और आंतरिक दोनों तरह से। सबसे पहले, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दर में कटौती की संभावना कम हो गई है क्योंकि नवीनतम आंकड़ों में खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि देखी गई है। फिर गाजा में युद्ध थमने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। मॉर्गन स्टेनली ने हाल ही में 2024 की तीसरी तिमाही के लिए अपने ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत का अनुमान 4 डॉलर प्रति बैरल बढ़ाकर 94 डॉलर कर दिया है। बैंक ने कहा, "प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्रों में भू-राजनीतिक जोखिम की मात्रा हाल ही में बढ़ी है, यह स्पष्ट और निर्विवाद प्रतीत होता है।" फिर चीन की अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे भी हैं। फिच ने हाल ही में एशियाई दिग्गज की क्रेडिट रेटिंग पर अपना दृष्टिकोण घटा दिया है। इसके अनुसार, सामान्य सरकारी घाटा 2023 में 5.8 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में सकल घरेलू उत्पाद का 7.1 प्रतिशत हो जाएगा। पिछले दिसंबर में, मूडीज ने भी जोखिमों के कारण चीन की क्रेडिट रेटिंग पर अपना दृष्टिकोण 'स्थिर' से घटाकर 'नकारात्मक' कर दिया था। "संरचनात्मक रूप से और लगातार कम मध्यम अवधि की आर्थिक वृद्धि।" इसने चीन के रियल्टी क्षेत्र की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और गैर-कार्यकारी निदेशक उदय कोटक वास्तव में संभावित वैश्विक आर्थिक अशांति देखते हैं। उन्होंने हाल ही में ट्वीट किया: अमेरिकी मुद्रास्फीति उम्मीद से अधिक है। अमेरिकी दर में कटौती को बाद में, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों

# इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी पर भ्रष्टाचार का केस, सीबीआई ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली**। चुनावी बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सीबीआई ने की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 315 करोड़ रुपये की परियोजना के निष्पादन में हुई गड़बड़ियों के मामले में की गई है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी है।

**कंपनी पर कथित तौर पर अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप...**जांच एजेंसी ने बताया हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे और इस मामले में दूसरे नंबर पर रही थी।

सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के सिलसिले में मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 78 लाख रुपये की रिश्वत दी गई। सीबीआई के अनुसार रिश्वत स्वीकार करने के आरोप में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों के नाम भी प्राथमिकी में शामिल किए गए हैं।

**कंपनी के बॉन्ड्स को भाजपा, कांग्रेस व बीआरएस समेत कई पार्टियों ने भुनाए...**चुनाव आयोग की ओर से बीते 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग का नाम चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार कंपनी के रूप में सामने आया था। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे। आंकड़ों के अनुसार कंपनी की ओर से भाजपा को सबसे अधिक 586 करोड़ रुपये दान किए गए थे।




कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़ रुपये, डीएमके को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपये का दान दिया है। कंपनी से टीडीपी को करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले। जेडी-एस, जन सेना पार्टी और जेडी-यू को 5 करोड़ रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक की राशि कंपनी की ओर से दी गई थी।

**जिस मामले में केस दर्ज किया गया वह क्या है यहां समझे...**शनिवार को सार्वजनिक की गई प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने 10 अगस्त, 2023 को एकीकृत इस्पात संयंत्र जगदलपुर में इनटेक वेल और पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के कार्यों से संबंधित 315 करोड़ रुपये की परियोजना में कथित रिश्वत देने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की थी। यह परियोजना मेघा इंजीनियरिंग को सौंपी गई थी। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर, 18 मार्च को कथित रिश्वत मामले में एक नियमित मामला दर्ज करने की सिफारिश की गई थी जो 31 मार्च को दायर की गई।

सीबीआई ने एनआईएसपी और एनएमडीसी लिमिटेड के आठ अधिकारियों- सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक प्रशांत दास, निदेशक (उत्पादन) डीके मोहंती, डीजीएम पीके भुइयां, डीएम नरेश बाबू, वरिष्ठ प्रबंधक सुब्रो बनर्जी, सेवानिवृत्त सीजीएम (वित्त) एल कृष्ण मोहन, महाप्रबंधक (वित्त) के राजशेखर, प्रबंधक (वित्त) सोमनाथ घोष को नामजद किया है। इन पर कथित तौर पर 73.85 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप है।

सीबीआई ने प्राथमिकी में मेकॉन लिमिटेड के दो अधिकारियों - एजीएम (अनुबंध) संजीव सहाय और डीजीएम (अनुबंध) के इलावरसू का भी नाम लिया है। इन पर कथित तौर पर 174.41 करोड़ रुपये के भुगतान के बदले 5.01 लाख रुपये लेने का आरोप है। ये भुगतान सुभाष चंद्र संगरा, महाप्रबंधक, एमईआईएल, मेघा इंजीनियरिंग और अन्य अज्ञात लागों को 73 चालान के जरिए किया गया था। चंद्रा और मेघा इंजीनियरिंग को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।

## दूरसंचार विभाग सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा

**नई दिल्ली**। सूत्रों के अनुसार, दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने ट्राई से संपर्क कर सकता है ताकि स्पेक्ट्रम के आवंटन की विधि और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांगे जा सकें।भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 6 अप्रैल, 2023 को "अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को ऊ्रूळ को वापस लौटा दिया।

“DoT अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई के विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम



कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।'सैटकॉम या उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या कठिन इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है।भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है।

एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है। 4,000 निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) उपग्रहों के समूह के साथ, स्टारलिंक सैटकॉम अंतरिक्ष पर हावी है।

## हुंडई मोटर और किआ संयुक्त बाजार पूंजीकरण में $72 बिलियन के शीर्ष पर

**सियोल**। उद्योग पर नजर रखने वालों के अनुसार, हुंडई मोटर और किआ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण इस साल 100 ट्रिलियन-वॉन ($ 72.2 बिलियन) के आंकड़े को पार करने की व्यापक उम्मीद है।वर्तमान में, दोनों कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 94.38 ट्रिलियन वॉन है, जिसमें हुंडई मोटर का मूल्य 50.23 ट्रिलियन वॉन है और इसकी सहयोगी इकाई किआ का मूल्य 44.14 ट्रिलियन वॉन है।योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की शुरूआत के बाद से, हुंडई मोटर के शेयर की कीमत लगभग 16.9 प्रतिशत बढ़ी है, और किआ के शेयर की कीमत 9.8 प्रतिशत बढ़ी है। उनका संयुक्त बाजार पूंजीकरण एक बार पिछले महीने 100 ट्रिलियन वॉन से अधिक हो गया था, लेकिन इसमें गिरावट आई है।




उद्योग पर्यवेक्षकों को उम्मीद है।

कि कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 100 ट्रिलियन वॉन से ऊपर पहुंच जाएगा, क्योंकि वाहन निमार्ताओं ने पहली तिमाही के दौरान वाहनों की संख्या में साल-दर-साल कमी के बावजूद, महंगे मूल्य-वर्धित प्रीमियम मॉडल पर केंद्रित उन्नत बिक्री प्रदर्शन के संकेत दिखाए हैं। .योनहाप इन्फोमैक्स द्वारा विभिन्न ब्रोकरेज फर्मों की कमाई के पूवार्नुमानों के हालिया विश्लेषण के अनुसार, हुंडई मोटर को पहली तिमाही के लिए 39.66 ट्रिलियन की बिक्री रिपोर्ट करने की उम्मीद है।

जो पिछले साल से 5 प्रतिशत अधिक है।इस अवधि के दौरान किआ की बिक्री में सालाना आधार पर 4.4 प्रतिशत की वृद्धि, 24.73 ट्रिलियन वॉन होने का अनुमान लगाया गया था।

## 2 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया:एक्स

नई दिल्ली : एलोन मस्क द्वारा संचालित एक्स कॉर्प ने 26 फरवरी से 25 मार्च के बीच भारत में रिकॉर्ड 2,12,627 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया, जिनमें से ज्यादातर बाल यौन शोषण और गैर-सहमति नग्नता को बढ़ावा देने के लिए थे। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,235 खातों को भी हटा दिया। कुल मिलाकर, एक्स ने देश में समीक्षाधीन अवधि में 213,862 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। एक्स ने नए आईटी नियम, 2021 के अनुपालन में अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि उसे अपने शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से एक ही समय सीमा में भारत में उपयोगकताओं से 5,158 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अलावा, एक्स ने 86 शिकायतों पर कार्रवाई की जो खाता निलंबन के खिलाफ अपील कर रही थीं। हमने स्थिति की बारीकियों की समीक्षा करने के बाद इनमें से 7 खाता निलंबन को पलट दिया। शेष रिपोर्ट किए गए खाते निलंबित रहेंगे, कंपनी ने कहा।

इसमें कहा गया है, "हमें इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान खातों के बारे में सामान्य प्रश्नों से संबंधित 29 अनुरोध प्राप्त हुए।" भारत से अधिकांश शिकायतें प्रतिबंध चोरी (3,074) के बारे में थीं, इसके बाद संवेदनशील वयस्क सामग्री (953), घृणित आचरण (412), और दुर्व्यवहार/उत्पीड़न (359) थीं। 26 जनवरी से 25 फरवरी के बीच एक्स ने भारत में 5,06,173 अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,982 खातों को भी हटा दिया।

## टेक कमाई : टीसीएस के बाद, इंफोसिस और विप्रो जारी करेंगे नतीजे

**नई दिल्ली**। भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में से एक, टीसीएस पहली कंपनियों में से एक थी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने तिमाही और वार्षिक परिणाम जारी करने वाली पहली भारतीय टेक-दिग्गज कंपनियों में से एक थी। बहुराष्ट्रीय कंपनी का वार्षिक लाभ 8.92 प्रतिशत बढ़ा। 42,147 करोड़ रुपये से 45,908 रुपये तक. इसके अलावा, वर्ष की समान अवधि में इसके तिमाही परिणाम में भी 9.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इस विकास के परिणामस्वरूप, टीसीएस के शेयर स्थिर रहे और दिन के अंत में 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए, जिससे प्रत्येक शेयर की कीमत 4,003.80 रुपये हो गई। इसके परिणामस्वरूप, टीसीएस उन कुछ कंपनियों में से एक थी, जिसने




शुक्रवार को दलाल स्ट्रीट पर छाए लाल समुद्र को सूखा दिया। 12 अप्रैल, शुक्रवार को प्रमुख सूचकांक, मुख्य रूप से सेंसेक्स और निफ्टी 1 प्रतिशत से अधिक डूब गए।

इसके बाद विप्रो और इंफोसिस समेत अन्य आईटी कंपनियां भी हैं, जिनके आने वाले सप्ताह में अपने नतीजे सामने आने की उम्मीद है। बाजार के 'रेड्स' के अनुरूप, इंफोसिस के शेयर शुक्रवार को 1.46 प्रतिशत गिरकर 1,484.85 रुपये पर पहुंच गए। विप्रो ने भी दिन का कारोबार 1.28 फीसदी की गिरावट के साथ 471.20 रुपये पर खत्म किया.संभावित रूप से इसके परिणामस्वरूप, टाटा संस की सहायक कंपनी वेतन वृद्धि लागू करने की योजना बना रही है, जो कथित तौर पर 4.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक होगी। इसमें, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों और कर्मचारियों को दोहरे अंकों में वेतन वृद्धि से पुरस्कृत किया जा सकता है।

इसके अलावा, अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए, कंपनी का लक्ष्य इस वर्ष लगभग 40,000 फ्रेशर्स को शामिल करना है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जो पिछले चक्रों से पहले ही शामिल हो चुके हैं।यह कमाई का मौसम महत्वपूर्ण होने जा रहा है, यह देखते हुए कि यह प्रदर्शन परिणाम का अंतिम सेट है, जिसे वर्तमान सरकार के तहत, नई सरकार के शपथ ग्रहण से पहले, जून 2024 में परिणाम के बाद प्रकाशित किया जाएगा।

## 'बॉर्नविटा' पर सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को दी हिदायत

नई दिल्ली वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स कंपनियों को एडवाइजरी जारी कर उन्हें अपने पोर्टल और प्लेटफॉर्म्स पर बोर्नविटा समेत सभी ड्रिंक्स और बेवरेज को 'हेल्थ ड्रिंक्स' की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है। 10 अप्रैल को जारी अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत अपनी जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि देश में खाद्य कानूनों के तहत कोई भी ड्रिंक 'स्वास्थ्य पेय' या हेल्थ ड्रिंक्स के रूप में परिभाषित नहीं है।

एनसीपीसीआर की ओर से की गई जांच के बाद यह बात सामने आई है बोर्नविटा में चीनी का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक होता है।इससे पहले, एनसीपीसीआर ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने की अपील की थी जो




सुरक्षा मानकों और दिशानिर्देशों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

कुछ कंपनियों पर आरोप है कि वे पावर सप्लिमेंट्स को 'स्वास्थ्य पेय' के रूप में पेश कर रहे हैं। नियामक के अनुसार, देश के खाद्य कानूनों में 'स्वास्थ्य पेय' (हेल्थ ड्रिंक्स) को परिभाषित नहीं किया गया है और इस नाम पर कुछ भी बेचना नियमों का उल्लंघन है।

इससे पहले इस महीने की शुरूआत में, एफएसएसएआई ने भी ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को डेयरी-आधारित या माल्ट-आधारित पेय पदार्थों को 'स्वास्थ्य पेय' के रूप में लेबल नहीं करने का निर्देश दिया था।

पिछले साल, शीर्ष बाल अधिकार निकाय एनसीपीसीआर ने मोंडेलेज इंडिया के स्वामित्व वाली ब्रांड बोर्नविटा को सभी भ्रामक विज्ञापनों, पैकेजिंग और लेबल को वापस लेने का निर्देश दिया था। एक वीडियो में दावा किया गया था कि इसमें चीनी की मात्रा सामान्य से अधिक है।

## तिपहिया वाहनों के लिए लिथियम-आयन बैटरियों की लीज़िंग शुरू की जाएगी

**कोलकाता**। कोलकाता और आसपास के इलाकों की सड़कों पर, ई-रिक्शा, जिसे 'टोटो' के नाम से जाना जाता है, को बैटरी लीजिंग मॉडल के साथ लिथियम-आयन बैटरी द्वारा संचालित किया जाएगा, अधिकारियों ने रविवार को कहा।उन्होंने कहा कि लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली कंपनी न्यूरॉन एनर्जी ने लीजिंग मॉडल का नेतृत्व करने के लिए ऊर्जा मोबिलिटी के साथ हाथ मिलाया है, जिसके बारे में अब तक केवल बिजनेस-टू-बिजनेस ईवी सेक्टर में ही सुना गया है।

सीईओ प्रतीक कामदार ने कहा, "हम अपने फाइनेंसिंग पार्टनर ऊर्जा मोबिलिटी के साथ लीज मॉडल पर ई-रिक्शा के लिए लिथियम-आयन बैटरी की पेशकश करते हुए बंगाल से इस यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। हमारी नजरें जल्द ही अन्य बाजारों में विस्तार करने पर हैं।" और न्यूरॉन एनर्जी के सह-संस्थापक।उन्होंने कहा, इससे ई-रिक्शा जीपीएस-सक्षम लिथियम-आयन बैटरी के साथ कोलकाता की गलियों में चलने में सशक्त होंगे।"एक साथ मिलकर, हम देश




भर में 50 लाख ई-रिक्शा के बेड़े को लक्षित कर रहे हैं, जिनमें से एक महत्वपूर्ण संख्या इस राज्य में है, जिसका लक्ष्य लीज मॉडल में पुरानी लेड-एसिड बैटरियों को आधुनिक, कुशल और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के साथ बदलना है। उपयोगकताओं के लिए, लीज़िंग परिसंपत्ति के स्वामित्व के बिना भुगतान-प्रति-उपयोग के रूप में ईएमआई का भुगतान करने के समान है।उन्होंने कहा कि लिथियम-आयन बैटरी अपने स्थायित्व के कारण लंबे समय में लागत प्रभावी है, लेकिन प्रवेश मूल्य अभी भी लेड एसिड बैटरी से कम से कम दोगुना है।लीजिंग मॉडल में सुरक्षा चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा कि बैटरियां जीपीएस ट्रैकिंग से लैस हैं और बैटरी पैक को दूर से निष्क्रिय करने का प्रावधान है।

कामदार ने कहा, लिथियम-आयन बैटरियों में बदलाव सिर्फ एक तकनीकी उन्नयन नहीं है और यह लेड-एसिड बैटरियों से जुड़ी बढ़ती पर्यावरणीय चिंता का जवाब है।दिल्ली सरकार पहले ही ई-रिक्शा के इस्तेमाल पर रोक लगा चुकी है।रणनीतिक गठबंधन के तहत, ऊर्जा मोबिलिटी सीधे न्यूरॉन एनर्जी से बैटरियां खरीदेगी, और उन्हें अधिकृत वितरकों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से बेड़े कंपनियों और व्यक्तिगत ईवी मालिकों को पट्टे पर देगी।

# फिल सॉल्ट की तूफानी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स हुआ पस्त




**कोलकाता, एजेंसी।** फिल सॉल्ट नाबाद(89) और कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद(38) रनों की आतिशी पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 28वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया है।

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरूआत अच्छी नहीं रही और वह सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण (6) और उसके बाद अंगकृष रघुवंशी (7) के विकेट गवां कर संकट में फंस गई थी। ऐसे समय में श्रेयस अय्यर ने फिल सॉल्ट के तीसरे विकेट लिये अविजित 120 रनों की साझेदारी करते हुए टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। फिल सॉल्ट ने 47 गेंदों में 14 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रन बनाये। वहीं श्रेयस अय्यर ने 38 गेंदों में छह चौकों की मदद से नाबाद 38 रन बनाते हुए धैर्यपूर्ण पारी खेली। कोलकाता ने 15.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीता।लखनऊ की ओर से केवल मोहसिन खान एकमात्र कामयाब गेंदबाज रहे उन्होंने दो बल्लेबाजों को आउट किया। कोलकाता की पांच मैचों में यह चौथी जीत है और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इससे पहले निकोलस पूरन (45) और कप्तान के एल राहुल (39) रनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने नाइट राइडर्स को जीत के लिए 162रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरूआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (10) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में दीपक हुड्डा (4) भी पवेलियन लौट गये। उन्हें स्टार्क ने रमनदीप के हाथों कैच आउट कराया। संभल कर बल्लेबाजी कर रहे राहुल भी 11वें ओवर में सुनील नारायण का शिकार बन गये। राहुल ने 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्को की मदद से (39) रनों की पारी खेली। आयुष बदोनी ने दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (29) बनाये। मार्कस स्टॉयनिस (10) रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन ने टीम के लिए 32 गेंदों में दो चौकों और चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने आउट किया। अरशद खान पांच रन बनाकर आउट हुये। क्रुणाल पंड्या सात रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया है।

कोलकाता की ओर से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ,सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## लंबे अंतराल के बाद सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी से हैरान हैं ब्रायन लारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कट्टर प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) रविवार शाम को आईपीएल 2024 एल क्लासिको में आमने-सामने होंगे, ऐसे में वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा ने एमआई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की प्रशंसा की जिन्होंने चोट के बाद वापसी करते हुए शानदार बल्लेबाजी की।

यादव और सीएसके के स्पिनर रवींद्र जड़ेजा के बीच आसन्न मुकाबले पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हुए लारा ने सबसे पहले चेन्नई के स्पिनर की उनके असाधारण कौशल के लिए सराहना की, यह देखते हुए कि वह ज्यादातर मुकाबलों में धीमी गेंदों पर भरोसा करेंगे। स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर बोलते हुए, वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, "हां, यह एक लड़ाई है, लेकिन आप जानते हैं, ठीक है, ये कुछ आँकड़े हैं जिन्हें आप निकाल सकते हैं। मेरा मतलब है, वह समय था जब वह असफल हो सकते थे, लेकिन यह लड़का शानदार फॉर्म में है और मेरा मतलब है, अगर वह इसके आगे झुकना चाहता है और कहता है, ठीक है, मैं बाद में आपके खिलाफ दोबारा मैच लड़ूंगा।



उन्होंने कहा, "लेकिन मेरा मानना है कि वह जिस आत्मविश्वास में है, चाहे वह बाएं हाथ की स्पिन हो या बाएं हाथ की गति, जो भी आप इसे कहते हैं, मुझे लगता है कि वह ज्यादातर लड़ाइयों के लिए धीमी गेंदों को छोड़ देगा। और जब आपको वास्तव में गेंद पर गति डालनी होती है, यह हमेशा कठिन होता है। आपको गेंद पर गति पसंद है जहां आप इसे अलग-अलग दिशाओं में तराश सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वेस्ट इंडीज ने सूर्यकुमार से एक दिलचस्प लड़ाई की उम्मीद पर जोर दिया, जिसका अर्थ है कि यह करीब से देखने लायक होगा।

टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लंबी छुट्टी के बाद एमआई के लिए पहले तीन मैचों से चूकने के बाद, सूर्यकुमार दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए मुंबई टीम में शामिल हुए, लेकिन शून्य पर आउट हो गए।

## अभियान को ढर्रे पर लाने के लिये सनराइजर्स के खिलाफ आरसीबी की नजरें गेंदबाजों पर

**बेंगलुरू, एजेंसी।** लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमिया लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं।

रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर है। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है।

वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं। इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये।

वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों। आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है।

दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिच क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं।



पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं।

हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं। वह नयी गेंद से या बीच के ओवरों में दूसरे बदलाव के तौर पर या डैथ ओवरों में हर जगह अच्छी गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं। टी नटराजन के आने से गेंदबाजी में संतुलन आ गया है।

आरसीबी के पास विराट कोहली जैसा तुरूप का इक्का है जो इस समय आरेंज कैप पहने है। वहीं फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने भी मुंबई के खिलाफ अर्धशतक बनाये थे। ग्लेन मैक्सवेल का फॉर्म हालांकि चिंता का सबब बना हुआ है।

टीमें :

सनराइजर्स हैदराबादः जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# राजस्थान ने मैच तो जीता लेकिन की एक बड़ी गलती : आरोन फिंच

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स पर तीन विकेट की जीत के साथ आईपीएल 2024 में अपनी पांचवीं जीत हासिल की। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के 2021 पुरुष टी20 विश्व कप विजेता कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम ने एक बड़ी गलती की जिसके कारण उन्हें अंतिम ओवरों में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।



शनिवार शाम को महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, आरआर ने धीमी पिच पर पीबीकेएस को 147/8 पर रोकने में अच्छी गेंदबाजी की। जवाब में आरआर 115/5 पर संकट में था लेकिन शिमरोन हेटमायर ने 10 गेंदों में नाबाद 27 रन बनाए, जिसमें एक चौका और तीन छक्के लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल थे, जिससे आरआर जीत की राह पर लौट आया और खुद को तालिका में शीर्ष स्थान पर मजबूत किया।

फिंच ने 'क्रिकेट' स्पोर्ट्स पर लाइव' शो में कहा, "मुझे लगा कि राजस्थान ने अंतिम ओवरों में कुछ ज्यादा ही करने के लिए छोड़ दिया था। वे पारी के मध्य भाग में खुद को आगे नहीं कर पाए। यहां से दोनों टीमों के पास मौका था। उन्हें वास्तव में बॉउंड्री हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

सैम करन ने अंत में इस बारे में बात की कि यह सिर्फ एक कठिन स्लॉग था, जिसकी उन्हें उम्मीद थी, लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि वह हेटमायर बार-बार दबाव में खुद को शांत दिखाते हैं और यह बात निश्चित रूप से इस मैच में भी दिखाई दी।

उन्होंने इस टूनार्मेंट में पांच मैचों में केवल 25 गेंदें खेलीं। इसलिए दबाव में इतना शांत रहना और रोवमैन पॉवेल को शामिल करना और कुछ बाउंडरी के साथ इसमें योगदान देना, जब उन्हें वास्तव में रन रेट को पटरी पर लाने के लिए इसकी आवश्यकता थी और उन्हें आधा मौका देना असाधारण था। लेकिन मुझे लगता है कि टीमें इस पर विचार करेंगी। उन्होंने मैदान पर कुछ मौके गंवाए, इसलिए वे खुद को किक कर रहे होंगे।"

जबकि आरआर ने ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर तनुश कोटियन के साथ शुरूआत करके आश्चर्यचकित कर दिया, जिन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी पहली टी20 पारी में 31 गेंदों में 24 रन बनाए, यशस्वी जयसवाल ने महत्वपूर्ण रूप से 28 गेंदों में 39 रन बनाने का समय निकाला।

"यशस्वी को रनों के बीच देखना बहुत अच्छा था। मुझे लगता है कि वह उस दिग्गज की बात सुन रहा था क्योंकि वह इंतजार कर रहा था। उसने कोई अवांछित जोखिम भरा शॉट नहीं खेला। वह गेंद की योग्यता के साथ खेला। इसलिए यह अच्छा था देखिए और ये राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छा रहा।

आरआर अब मंगलवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना करने के लिए कोलकाता की यात्रा करेगी, जबकि पीबीकेएस गुरुवार को पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की मेजबानी के लिए अपने घरेलू स्थल पर रहेगा।

## धवन कम से कम सात से दस दिन के लिये बाहर : बांगड़




**मुल्लांपुर, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा, देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।"

सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये कुरेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी।

उन्होंने कहा, सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।" धवन और जॉनी बेयरस्टो टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दे सके हैं। धवन की जगह आये अथर्व तायडे भी कुछ नहीं कर सके।

## एक नजर

### मैनचेस्टर सिटी के ट्रॉफी की दौड़ में शामिल होने पर खुश हैं गार्डियोला

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी के बॉस पेप गार्डियोला ने सीजन के अंत तक ट्रॉफी की दौड़ में बने रहने के लिए आभार व्यक्त किया और हर चुनौती को लंबे समय तक बढ़ाने की महत्वाकांक्षा पर जोर दिया। बुधवार रात चैंपियंस लीग में रियल मैड्रिड और शनिवार को एफए कप सेमीफाइनल में चेल्सी के साथ, सिटी के लिए बड़े मैच आते रहेंगे और गार्डियोला ने कहा कि सिटी को तीन प्रतियोगिताओं में पहले तीन मैचों के बाद ट्रॉफी की दौड़ में रहने का आनंद लेना होगा।

पेप गार्डियोला ने कहा, "हमने खिलाड़ियों से बात की कि यहां दोबारा आना कितना अविश्वसनीय है। खेल से पहले हमने बात की और कहा हमें इसे स्वीकार करना होगा, यह कितने सौभाग्य की बात है।हमने खिलाड़ियों से इस बारे में बात की और उन्हें एहसास दिलाया कि यहां तक एक बार फिर पहुंचना कितना खास है।"

शनिवार की रात की जीत ने सिटी को आर्सेनल और लिवरपूल से ऊपर कर दिया। गार्डियोला ने कहा कि वे केवल खिताब प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव बनाए रखने की कोशिश कर सकते हैं।

### अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

**आगस्टा, एजेंसी।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढत बना ली है।

### गुजराती को हराकर गुकेश को संयुक्त बढ़त

**टोरंटो, एजेंसी।** भारत के डी गुकेश ने हमवतन विदित गुजराती को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट के आठवें दौर के बाद रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढत बना ली है। आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि हिकारू नकामूरा ने फेबियानो कारूआना को हराया। नेपोम्नियाश्चि को निजात अबासोव ने ड्रॉ पर रोका। टूनार्मेंट के छह दौर अभी बाकी है। गुकेश और नेपोम्नियाश्चि के पांच अंक हैं जबकि नकामूरा और प्रज्ञानानंदा के 4.5 अंक है। कारूआना चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। गुजराती के 3.5 अंक हैं जबकि अबासोव के 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने हमवतन आर वैशाली को हराया और अब उनके 3.5 अंक हैं। चीन की झोंग्यी तान को हमवतन टी लेइ ने हराया। अब रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना और लेइ आठ में से पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हम्पी और नूरगुल सलीमोवा पांचवें स्थान पर हैं।वैशाली 2.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर है। नौवे दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना गुकेश से और नकामूरा का गुजराती से होगा।

### अक्षय राउंड 3 के अंत में फिसले, शेफलर ऑगस्टा में एकल बढ़त पर

**ऑगस्टा, एजेंसी।** भारतीय अमेरिकी अक्षय भाटिया को 16-17 पर दो होल के मामले में तीन शॉट का नुकसान उठाना पड़ा और इसके साथ ही उन्होंने एक साल पहले साहिथ थीगाला की तरह शीर्ष -10 में जगह बनाने का मौका खो दिया।

भाटिया (72-75-72) पहले से ही पीजीए टूर पर दो बार विजेता, 5-ओवर और संयुक्त-28 थे , जबकि एक अन्य भारतीय अमेरिकी साहिथ थीगाला ने लगातार तीसरा 74 का शॉट लगाकर 6-ओवर और संयुक्त-36वां स्थान प्राप्त किया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शेफलर ने बैक नाइन में दो-दो बर्डी और बोगी के साथ रोलर-कोस्टर खेला, इसके अलावा अपने दूसरे नाइन में एक ईगल और एक डबल लगाया। 66-72-71 के साथ वह अब 7-अंडर और एकल बढ़त पर हैं। शेफलर से पीछे दो बार के मेजर विजेता, कॉलिन मोरीकावा (6-अंडर) हैं और उनका पीछा मैक्स होमा (5-अंडर), नौसिखिया लुडविग एबर्ग (4-अंडर) और ब्रायसन डीचैम्ब्यू (3-अंडर) कर रहे हैं। पांच बार के मास्टर्स विजेता टाइगर वुड्स ने ऑगस्टा नेशनल में अपना सबसे खराब 82 का स्कोर किया, क्योंकि एक दिन पहले रिकॉर्ड संख्या में सीधे कट लगाने के बाद वह लीडरबोर्ड में नीचे खिसक गए।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने ओडिशा एफसी के खिलाफ 3-0 की जीत के साथ खत्म किया अभियान

**गुवाहाटी, एजेंसी।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शनिवार को यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में ओडिशा एफसी पर 3-0 की शानदार जीत के साथ अपना इंडियन सुपर लीग अभियान समाप्त किया। नॉर्थईस्ट की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही लेकिन उसने ओडिशा के खिलाफ खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया, जिसकी पिछले पांच मैचों में यह तीसरी हार है। ओडिशा ने लीग चरण को 39 अंकों के साथ समाप्त किया और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम प्लेऑफ में खेलेगी। पिछले सत्र में आखिरी स्थान पर रहे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने 22 मैचों में 26 अंकों के साथ अपने अभियान को सातवें स्थान पर खत्म किया।

### सिर्फ.शिमरॉन हेटमायर ने टी20 क्रिकेट खेला, बाकी सभी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थे : आकाश चोपड़ा

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर टाटा आईपीएल 2024 में अपनी पाँचवीं जीत दर्ज की। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसे राजस्थान ने अंतिम ओवर में रोमांचक तरीके से हासिल कर लिया। जियोसिनेमा आईपीएल एक्सपर्ट जहीर खान, आरपी सिंह और आकाश चोपड़ा ने मैच सेंटर लाइव पर केशव महाराज (2/23) और शिमरॉन हेटमायर (10 गेंदों पर 27 रन) के प्रदर्शन की प्रशंसा की।

आकाश चोपड़ा, जियोसिनेमा टाटा आईपीएल एक्सपर्ट ने शिमरॉन हेटमायर को लेकर कहा, ह्वास्तव में, अगर आप देखें, तो वह आज टी20 शैली में खेलने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे। ऐसा लग रहा था कि बाकी सभी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थे!"

जहीर खान ने केशव महाराज के बारे में कहा,ह्व आरआर के लिए यह एक अच्छी साइनिंग है। यह एक बेहतरीन टीम है। एक बेहतरीन प्लेइंग इलेवन है। भले ही अश्विन नहीं खेल रहे थे, लेकिन फिर भी उन्होंने स्पिन गेंदबाजों के मामले में पर्याप्त दमदार प्लेइंग इलेवन बनाई। इन दोनों स्पिन गेंदबाजों ने निराश नहीं किया। केशव महाराज बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं, लेकिन आज उन्होंने जो नियंत्रण दिखाया वह कमाल का था।"

आरपी सिंह ने केशव महाराज के बारे में कहा- "केशव ने वाकई बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हर कोई उनकी गेंदबाजी में फंस रहा था। किसी भी समय कोई उन्हें वास्तव में अच्छा नहीं खेल पाया। जॉनी बेयरस्टो का विकेट लेना शानदार था, और उसके बाद, उन्होंने सैम करन को भी वापस भेजा। केशव की गेंदबाजी शानदार रही। वह आमतौर पर गेंद को टर्न नहीं करते हैं, लेकिन आज वह इसे टर्न भी कर रहे थे।"

# खुद का कारोबार करने की ख्वाहिश रखते हैं भारतीय युवा

ऑफिस में आठ से दस घंटे काम करने के बाद भी मनचाही तन्ख्वाह न मिलने और दिन-प्रतिदिन जिंदगी की जरूरतों के बढ़ते रहने के बीच एक ही विकल्प बचता है और वह है खुद का कारोबार कर अच्छा मुनाफा कमाना. भारत में भी खुद का कारोबार करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है.



भले ही विश्व में नौकरी की संभावाएं कम होती नजर आ रही हैं, लेकिन कैरियर को सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए भारतीय युवाओं में खुद का कारोबार करने का जज्बा तेजी से बढ़ रहा है. इतना ही नहीं अन्य देशों के युवाओं की अपेक्षा भारतीय युवा जल्द ही अपने व्यवसाय को व्यवस्थित करने की ख्वाहिश रखते हैं.

हाल में चार्टर्ड इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एकाउंट्स द्वारा वैश्विक स्तर पर किये गये एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी है कि भारतीय युवा 33 वर्ष की आयु में अपना खुद का कारोबार करना चाहते हैं, जबकि अन्य देशों के युवा 36 वर्ष की आयु में ऐसा करने की ख्वाहिश रखते हैं. सर्वे में यह तथ्य भी सामने आया है कि 34 प्रतिशत युवा 30 वर्ष कि आयु तक सीनियर मैनेजर के पद पर कार्य करना चाहते हैं, वहीं 17 प्रतिशत युवा अपने ही बॉस जैसा यानी निदेशक बनना चाहते हैं. 67 प्रतिशत युवा ऐसे संस्थान में काम करना पसंद करते हैं, जो उन्हें अच्छी तनख्वाह दे. वहीं 36 प्रतिशत युवा ऐसा करोबार करने को प्राथमिकता देते हैं, जो अपने देश के साथ उन्हें विदेश में भी तरक्की पाने का अवसर प्रदान करे.

मल्टीनेशनल कंपनी में काम करनेवाले 31 वर्षीय साहिल शर्मा कहते हैं कि आज के दौर में रिस्क तो हर जगह है, लेकिन सोची-समझी प्लानिंग के साथ अपने कारोबार में लिया गया रिस्क अकसर लोगों को कम समय में अधिक मुनाफा दिला देता है. वहीं नौकरी करनेवालों की बात करें, तो वे पूरी लगन के साथ काम करते हैं, लेकिन उनकी मेहनत का प्रॉफिट उन्हें मिलने की बजाय कंपनी को मिलता है. जाहिर है कि खुद का कारोबार करना किसी कपंनी में नौ से पांच की नौकरी करने से कहीं ज्यादा बेहतर है. दो वर्षो से गारमेंट्स का बिजनेस चलानेवाली 29 वर्षीय गरिमा माथुर भी खुद के कारोबार को नौकरी से ज्यादा बेहतर बताती हैं. गरिमा कहती हैं कि तीन साल नौकरी करने के बाद ही मैंने अपना खुद का व्यवसाय करने का फैसला किया. मेरे लिए यह मुनाफा कमाने के साथ-साथ अपनी पहचान बनाने का भी बेहतरीन जरिया बन गया. अब यह सोच कर अच्छा लगता है कि सही समय पर मैंने सही फैसला लिया और सही समय पर अपने कारोबार को स्थापित कर लिया. यदि आज भी मैं नौकरी करती रहती, तो शायद मुझे तनख्वाह के रूप में 20 से 25 हजार या ज्यादा-से-ज्यादा 35 से 40 हजार रुपये ही हर महीने मिल रहे होते. लेकिन अपना कारोबार करने का मैंने फैसला करके आज मैं हर महीने लाखों का मुनाफा कमा रही हूं.

# फाइनांशियल मार्कीट्स में असीमित अवसर

अनेक उतार-चढ़ाव तथा रिटेल निवेशकों के निम्न आधार के बावजूद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज एशिया का छठा तथा विश्व का 14वां सबसे विशाल मुद्रा बाजार है। देश में कुछ अन्य स्टॉक एक्सचेंज के अलावा दुनिया भर में अनेक स्टॉक एक्सचेंज मौजूद हैं जहां हर दिन अरबों-खरबों का लेन-देन होता है। इस क्षेत्र में कार्य करने वालों के पास उज्ज्वल करियर बनाने के असीमित अवसर होते हैं। वित्तीय सेवा पेशेवरों की मांग अब केवल स्टॉक ब्रोकरेज फर्म्स तक ही सीमित नहीं है बल्कि बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थानों में भी उनकी काफी जरूरत होती है।

फाइनांशियल मार्कीट्स से संबंधित कोर्सों के तहत छात्रों को बाजार को बेहतर ढंग से समझने तथा मिलने वाले मौकों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का कौशल प्रदान किया जाता है। अनेक संस्थान इस विषय से संबंधित नवीन कोर्स शुरू कर रहे हैं जिनसे छात्रों को इस क्षेत्र के बारे में नवीनतम बदलावों से जागरूक करवाया जाता है।

## सम्भावनाएं

जो छात्र फाइनांशियल मार्कीट्स संबंधी कोर्स सफलतापूर्वक करते हैं वे बैंकों में इन्वैस्टमैंट बैंकर्स या रिलेशनशिप मैनेजर, इंश्योरैंस कम्पनियों में वैल्थ मैनेजर के अलावा एनालिस्ट, पोर्टफोलियो मैनेजर, सर्विलांस / कम्प्लायंस / रैगुलेशन मैनेजर, डिजीटल कंटैंट डिवैल्पर्स एवं रिस्क मैनेजर के तौर पर भी कार्य कर सकते हैं।

## शुरूआत

इस क्षेत्र में आमतौर पर युवाओं को बतौर एनालिस्ट नियुक्त किया जाता है। कार्पोरेट फाइनांस में वे मुख्यत- आंकड़ों का आकलन लगाने का काम करते हैं। वे फर्म्स की फाइनांशियल रिर्पोटस का अध्ययन करते हैं। शोध में कार्य करने वाले एनालिस्ट कम्पनियों तथा सैक्टर्स की हल-चल पर नजर रखते हैं। एनालिस्ट्स को ट्रेडिंग करने की स्वीकृति नहीं मिलती जब तक वे अपनी योग्यता एवं कौशल को पूरी तरह सिद्ध नहीं कर देते हैं क्योंकि इस काम में गलती की जरा भी गुंजाइश नहीं होती है। यहां गलती भारी नुक्सान का कारण बनती है। अनुभव हासिल करने के बाद एनालिस्ट्स को एसोसिएट के पद पर नियुक्ति मिलती है। वैसे एम.बी.ए. डिग्री धारी सीधे इस पद पर भी नियुक्ति प्राप्त करते हैं। वे अपनी टीम में काम का बंटवारा तथा निरीक्षण का काम करते हैं। इसके बाद वे वाइस प्रैजीडैंट के पद पर पदोन्नत होते हैं जो एनालिस्ट तथा एसोसिएट्स के काम पर नजर रखते हैं। वे कस्टमर्स के अधिक करीब रहते हैं। प्रतिभाशाली वाइस प्रैजीडैंट्स को एग्जीक्यूटिव डायरैक्टर, फिर मैनेजिंग डायरैक्टर के पदों पर नियुक्ति मिलती है। इस क्षेत्र में करियर की शुरूआत करने तथा अनुभव हासिल करने के लिए बेहतर होगा कि युवा किसी कम्पनी में बतौर इंटर्न काम शुरू करें।



# नौकरी की तलाश में दूसरों को नुक्सान न पहुंचाएं

पेश हैं कुछ नियम जिनका पालन नौकरी के लिए आवेदन करने वाले हर व्यक्ति को करना चाहिए। अक्सर नौकरी तलाश करने वाले आवेदकों की शिकायत होती है कि इंटरव्यू के बाद उन्हें नियोक्ताओं की तरफ से कोई खबर नहीं मिलती है परंतु कुछ शिकायतें नियोक्ताओं की आवेदकों से भी होती हैं।



उनकी अक्सर शिकायत होती है कि आवेदन करने वाले कई सारे लोग साक्षात्कार के लिए पहुंचते ही नहीं जिसकी वे पहले कोई खबर भी नहीं देते हैं। ऐसे भी कई आवेदक हैं जिन्हें नौकरी दिए जाने के बाद वे ज्वाइनिंग ही नहीं करते और न ही इस बारे में कोई सूचना देते हैं। बेशक कुछ आवेदनकर्ताओं को किसी नौकरी में रुचि न रही हो या फिर उन्हें वह नौकरी अपने मतलब की न लगी हो या फिर तनख्वाह से वे संतुष्ट न हों परंतु इंटरव्यू पर न पहुंचने या नौकरी ज्वाइन नहीं करने की सूचना कम्पनी को जरूर देनी चाहिए।

उनके द्वारा बगैर बताए गायब हो जाने की बात से उन लोगों के लिए चीजें मुश्किल हो जाती हैं जो भविष्य में नौकरी के लिए आवेदन करते हैं इसलिए आवेदनकर्ता निम्न बातों का खास तौर पर ध्यान रखें।

- यदि आपको इंटरव्यू के लिए समय दिया गया है तो समय पर पहुंचें। यदि किसी वजह से आप इंटरव्यू पर नहीं पहुंच सकते हैं तो समय पूर्व फोन करके इसकी सूचना कम्पनी को दें।
- यदि आपको नौकरी पर रख लिया गया है तो काम पर समय पर पहुंचें या फिर समय रहते पर्याप्त कारण बताते हुए नौकरी न करने की सूचना कम्पनी को देना आवश्यक है।

# बनाएं शोध के क्षेत्र में कैरियर

विज्ञान संकाय से पढ़ाई करनेवाले छात्रों के सामने एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है- बायोइन्फॉरमेटिक्स. विद्यार्थी की विज्ञान की पढ़ाई के साथ ही अगर शोध में रुचि हो, तो यह क्षेत्र उनके लिए काफी बेहतर साबित हो सकता है. कैरियर के तौर पर बायोइन्फॉरमेटिक्स के विभिन्न आयामों पर एक नजर..



मेडिकल साइंस में विकास के कारण बायोइन्फॉरमेटिक्स के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ता जा रहा है. बायोइन्फॉरमेटिक्स इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी से मिल कर बना है. इन दिनों बायोइन्फॉरमेटिक का इस्तेमाल मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के क्षेत्र में खासतौर से किया जाता है. यह एक स्पेशलाइज्ड क्षेत्र है. विशेषज्ञों की मानें, तो इन दिनों बायोइन्फॉरमेटिक्स विशेषज्ञों की मांग आपूर्ति से कहीं ज्यादा है.

## कैसा है काम

इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवर कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के माध्यम से बायोलॉजिकल डाटा का सुपरविजन और विश्लेषण करते हैं. साथ ही, इनका काम डाटा स्टोरेज करने के साथ-साथ एकत्र किये गये बायोलॉजिकल डाटा को एक-दूसरे के साथ मिलाना भी होता है. इन दिनों बायोइन्फॉरमेटिक्स का इस्तेमाल शोध के क्षेत्र में बहुत हो रहा है. इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए ह्यूमन हेल्थ, एग्रीकल्चर, इन्वायरनमेंट और ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने का भी भरपूर मौका होता है. बायोमॉलिक्यूलर के क्षेत्र में बायोइन्फॉरमेटिक्स का इस्तेमाल दवाओं की क्वालिटी सुधारने के लिए किया जाता है.

## क्या है योग्यता

विज्ञान संकाय से 12वीं पास करनेवाले छात्र बायोइन्फॉरमेटिक्स क्षेत्र में प्रवेश ले सकते हैं. यदि इस विषय में अपनी शोध क्षमताओं को और बेहतर करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएट में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, जेनेटिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, केमिस्ट्री, फार्मेसी, वेटेरिनरी साइंस, फिजिक्स और मैथ्स जैसे विषय जरूर होने चाहिए.

## रोजगार का क्षेत्र

इन दिनों हर क्षेत्र में तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है. विज्ञान का क्षेत्र इसमें सबसे आगे है. इसलिए बायोइन्फॉरमेटिक्स से जुड़े लोगों की मांग इन दिनों तेजी से बढ़ रही है. खासकर जीवीके बायोसाइंसेस, एस्ट्राजेनेका, डॉ रेड्डी लेबोरेट्रीज, इनजेनोविस, जुबिलेंट बायोसेंस, लैंडस्काइ सॉल्यूशंस जैसी बड़ी कंपनियां हैं, जो अच्छा खासा मौका मुहैया करा रही हैं. इस क्षेत्र में सरकारी और निजी मेडिकल संस्थान, अस्पताल आदि में रिसर्च कार्यो के लिए बायोइन्फॉरमेटिक्स के क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को नियुक्त किया जाता है, लेकिन बायोइन्फॉरमेटिक्स से जुड़े लोगों के लिए फार्माक्यूटिकल उद्योग रोजगार का सबसे बड़ा क्षेत्र होता है.

इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवर कुछ खास क्षेत्र में अपना बेहतरीन कैरियर बना सकते हैं, जैसे सीक्वेंस असेंबलिंग, सीक्वेंस एनालिसिस, प्रोटेओमिक्स, फार्माकोजेनोमिक्स, फार्माकोलॉजी, क्नीनिकल फार्माकोलॉजिस्ट, इन्फॉरमेटिक डेवलपमेंट, कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री, बायोएनालिटिक्स, एनालिटिक्स आदि.

## विशेषताएं, जो हैं जरूरी

दरअसल, बायोइन्फॉरमेटिक्स का क्षेत्र शोध से जुड़ा हुआ है. इसलिए इस क्षेत्र में कदम रखनेवाले विद्यार्थियों का जिज्ञासू प्रवृत्ति का होने के साथ-साथ उनमें ऑब्र्जेवशन स्किल होनी भी जरूरी है. इस क्षेत्र में सफल होने के लिए टीम भावना का होना भी जरूरी है.

## कितना मिलेगा वेतन

बायोइन्फॉरमेटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री रखनेवाले विद्यार्थियों को शुरुआत में 12 से 20 हजार रुपये प्रति महीने मिल सकते हैं. सरकारी शोध संस्थानों से काम की शुरुआत करनेवाले विद्यार्थियों को शुरुआती दौर में थोड़े कम वेतन से संतोष करना पड़ता है. लेकिन उन्हें अलग से भी कई तरह के भत्ते मिलते हैं. आमतौर पर एमएनसी में इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा वेतन मिलता है.



# टाइगर का दिशा से हुआ पैचअप?

टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज की तैयारी में है। उनकी फिल्म अब 10 अप्रैल की बजाय 11 अप्रैल को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, वहीं अब एक इंटरव्यू में एक्टर ने अपनी लव-लाइफ को लेकर इशारों में बात की है। उनकी बातों से ऐसा लग रहा है कि एक्स-गर्लफ्रेंड दिशा पाटनी के साथ उनका पैचअप हो गया है!



वैसे, पिछले दिनों होली के मौके पर भी दिशा और टाइगर और अक्षय कुमार के साथ रंग-गुलाल उड़ाते हुए देखा गया था। टाइगर श्रॉफ ने दिशा पटानी के साथ पैच-अप की अफवाहों पर बात की है। उनसे पूछा गया कि क्या वह सिंगल हैं? आपकी जिंदगी किस दिशा में जा रही है? इस पर एक्टर ने बड़े मजेदार अंदाज में वर्ड प्ले करते हुए कहा, 'मेरी एक ही दिशा है जिंदगी में।' हालांकि, इसके अगले ही पहल हंसते हुए उन्होंने बात को मोड़ भी दिया।



# कपिल शर्मा के शो में धमाल मचाएगी 'चमकीला' की कास्ट

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा ने एक बार फिर से अपने धमाकेदार शो के साथ वापसी की है। कपिल का नया शो 'द ग्रेट कपिल शर्मा शो' 30 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। अब तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड का प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। तीसरे एपिसोड में धमाका मचाने के लिए 'चमकीला' की कास्ट पहुंचेगी। कपिल के मंच पर परिणीति चोपड़ा, दिलजीत दोसांझ और इम्तियाज अली ने जमकर मस्ती की। अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में बना हुआ है।

'द ग्रेट कपिल शर्मा शो' के तीसरे एपिसोड में 'चमकीला' की कास्ट की कास्ट आने वाली है। शो परिणीति चोपड़ा, दिलजीत दोसांझ और इम्तियाज अली बतौर गेस्ट बनकर पहुंगे। इस दौरान हमेशा की तरह ही कपिल शर्मा अपने मेहमानों संग मस्ती करने से नहीं चूकेंगे। शो का नया प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। प्रोमो में आप देख सकते हैं कि 'चमकीला' की कास्ट की कास्ट गाड़ी में बैठकर धमाकेदार एंट्री मारती है। ये गाड़ी कपिल खुद चलाते नजर आ रहे हैं। कपिल शर्मा परिणीति चोपड़ा से कहते हैं कि ये राघव राजनीति करते-करते, परिणीति-परिणीति कब से करने लगते हैं। कपिल की बात सुनकर एक्ट्रेस हंसने लगती हैं। इसके बाद इम्तियाज कहते हैं कि शाम होते-होते सारे पंजाबी मूड में आ जाते हैं। इस पर कपिल कहते हैं कि खून भी खौल जाता है पंजाबियों का। इसके बाद सभी एक दिलचस्प गेम भी खेलते हैं। इसके बाद सुनील ग्रोवर जो अपने फीमेल गेटअप में होते हैं वो एक गाना सुनाते हैं, जिसे सुनकर दिलजीत कहते हैं अच्छा ये धुन हिट है ना इस पर वो कहते हैं कि एक और लिखा है। ये सुनते ही कपिल कहते हैं और बोलो। इसके बाद सुनील कहते हैं कि अब मैं पहले वाली नहीं रही 6 साल पहले वाली, अब मैं एक सवाल के चार जवाब देती हूं, समझे। ये सुनते ही परिणीति का मुंह खुला का खुला रह जाता है। शो के प्रोमो से साफ पता चल रहा है कि ये वाला एपिसोड धमाल मचाएगा। ये एपिसोड शनिवार रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

# अदिति ने सिद्धार्थ संग शादी की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड स्टार्स अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अफवाह थी कि दोनों ने गुपचुप शादी कर ली है, लेकिन फिर उन्हें सोशल मीडिया पर आना पड़ा और ये बताना पड़ा कि अभी शादी नहीं हुई है, बल्कि सिर्फ सगाई हुई है। वो भी घरवालों की मौजूदगी में, सीक्रेटली नहीं। अब अदिति ने शादी की अफवाहों का खंडन कर दिया है। अदिति राव हैदरी को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। यहां पपाराजी उन्हें शादी की बधाई देने लगे।



तभी एक्ट्रेस ने जवाब में कहा, 'नहीं हुई है अब तक!' और इसी के साथ उन्होंने शादी की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। अदिति औरस सिद्धार्थ एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, ये दावा तो कई महीनों से हो रहा था, लेकिन 28 मार्च को दोनों ने इंस्टाग्राम पर एकसाथ फोटो शेयर की। दोनों की उंगलियों में सगाई की अंगूठी थी। इसी के साथ कैप्शन में लिखा था, 'उसने हां कह दिया। इंगेज्ड।'

# अब होगा बॉबी देओल का असली कमबैक



एक इंटरव्यू में बॉबी देओल ने बताया था कि धर्मेन्द्र ने 'एनिमल' के बाद उनसे कहा, "बॉब सब तेरे दीवाने हो रहे हैं।" धर्मेन्द्र की ये बात एक तरह से सच भी है, क्योंकि बॉबी देओल इज बैक। जनता उन्हें सिर-आंखों पर बिठा रही है। 'कंगुवा' का टीजर आया, इसमें सूर्या से ज़्यादा बॉबी की चर्चा हुई। सिर्फ पब्लिक ही नहीं, फिल्ममेकर्स भी उनके दीवाने हो रहे हैं। सभी उनके साथ काम करना चाहते हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि YRF यूनिवर्स में बतौर विलेन उनकी एंट्री हो सकती है।

अब खबर है कि अनुराग कश्यप उनके साथ फिल्म बनाने जा रहे हैं। बॉबी और अनुराग कश्यप की ये एक थ्रिलर फिल्म होगी। इसमें एक्टर्स की लंबी फौज होगी। पीपिंग मून ने एक खबर छापी है। इसमें बताया गया है कि अनुराग और बॉबी देओल एक-दूसरे के काम को पसंद करते हैं। दोनों बहुत दिनों से एक साथ काम करना चाहते थे। इसी सिलसिले में अनुराग ने बॉबी को 2017 में एक कहानी सुनाई। बॉबी को कहानी पसंद भी आई। दोनों इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं। अब बस शूटिंग शुरू होनी बाकी है। शायद बॉबी के कमबैक के बाद ये उन्हें बतौर लीड लेकर फिल्म बनाने का सबसे सही मौका है. संभवतः अनुराग कश्यप बॉबी के पक्ष में चल रही इस हवा को भुनाना चाहते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि बॉबी इस फिल्म में एक ऐसे आदमी का रोल निभाएंगे, जिसे झूठे रेप केस में फंसा दिया जाता है। ये रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड फिल्म होगी।

# कंगना ने एक बार फिर आलिया पर साधा निशाना



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत अब राजनीति में भी कदम रख चुकी हैं। वो बीजेपी के टिकट पर मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। इन दिनों रैलियों में व्यस्त चल रहीं कंगना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखकर दावा किया जा रहा है कि उन्होंने एक बार फिर आलिया भट्ट पर निशाना साधा है। वो भी उन्हें मिले नेशनल अवॉर्ड को लेकर। कंगना रनौत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपने विचारों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें वैसे ही देखती हूं, जैसे फिल्म इंडस्ट्री का 'राजा बेटा'। जैसे वहां उन्होंने बेटी को अवॉड्र्स दे दिए, कि कंगना को सारे अवॉर्ड मिल गए, मुझे भी चाहिए। अब की बार सारे अवॉड्र्स उन्हें दो। नाराज हो गई है ये। सारे अवॉड्र्स उसे मिले। वो इस बात से परेशान है।' ये पूछे जाने पर कि क्या बॉलीवुड से किसी ने उन्हें उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं?



# औरतों को दी सलाह



*साल 2021 में आमिर खान और किरण राव ने अपनी 15 साल की शादी तोड़ दी। दोनों अलग हो गए। इस खबर ने फैंस को चौंका दिया, उनका दिल तोड़ दिया। सेपरेट होने के बावजूद इनके रिश्ते में सम्मान बना रहा। दोनों बेटे आजाद की मिलकर परवरिश करते हैं, एक-दूसरे का साथ देते हैं, परिवार में भी तीज-त्योहार होने पर इकट्ठा होते हैं।*

किरण ने हाल ही में 'लापता लेडीज' फिल्म डायरेक्ट की। इस वजह से वो लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब उन्होंने शादी में होने वाली घुटन को लेकर औरतों को चुप ना रहने की सलाह दी है। साथ ही ये भी बताया है कि वो आमिर से क्यों अलग हुईं! किरण राव ने अपनी फिल्म से लेकर रिश्तों के बारे में खुलकर बात की। मैरिज और सेपरेशन पर भी। उन्होंने कहा, 'आमिर और मैं शादी से पहले करीब एक साल तक साथ रहे और ईमानदारी से कहूं तो हमने ऐसा अपने पैरेंट्स की वजह से किया। उस समय भी हम जानते थे कि अगर आप इस संस्थान (शादी) में एक इंडिविजुअल के साथ-साथ कपल के रूप में भी काम कर सकते हैं तो ये ग्रेट इंस्टीट्यूशन है।'

# कार्तिक का वीडियो वायरल



*कार्तिक आर्यन इन दिनों कई चीजों में बिजी चल रहे हैं। वह लगातार फिल्मों और अन्य प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में करण जौहर और कार्तिक दोनों एक इवेंट में शामिल हुए। रविवार को वे साथ में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए थे। अब इवेंट से उनका एक वीडियो सामने आया है। कार्तिक का 'प्यार का पंचनामा' का मोनोलॉग इतना हिट हुआ कि वह जहां जाते हैं इसकी डिमांड होने लगती है। अब एक्टर ने उसी तरह का मोनोलॉग स्टूडेंट लाइफ पर बोला है।*

कार्तिक और करण दोनों स्टेज पर होते हैं। करण उनसे कहते हैं, 'तुम भी कभी स्टूडेंट रहे हो कार्तिक तो टिप्स देने में क्या प्रॉब्लम है?' इसके बाद जो उन्होंने एक सांस में अपना मोनोलॉग बोला और बताया कि स्टूडेंट होना ही अपने आप में प्रॉब्लम है। जब उनकी स्पीच खत्म होती है तो करण उन्हें 'किंग ऑफ मोनोलॉग' का नाम देते हैं। वीडियो को विरल भयानी ने शेयर किया है। कमेंट सेक्शन में यूजर ने लिखा, 'मोनोलॉग किंग इज बैक।' एक फैन कहते हैं, 'कार्तिक आर्यन दुनिया के बेस्ट एक्टर हैं।' एक ने कहा, 'बॉलीवुड में ये बेस्ट हैं।' बीते साल नवंबर में कार्तिक ने एक पोस्ट कर बताया था कि वह करण जौहर के प्रोडक्शन फिल्म में काम कर रहे हैं। इस फिल्म को संदीप मोदी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म भारतीय इतिहास के बारे में है। यह फिल्म 15 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अक्षय कुमार ने ली तेलुगू इंडस्ट्री में एंट्री



**बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार फैंस को अलग-अलग तरह की फिल्मों से एंटरटेन करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। इन दिनों वह 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर छाए हुए हैं। फैंस उनकी इस मूवी की रिलीज के इंतजार में हैं। वहीं, बॉलीवुड में नाम कमा चुके अक्षय अब दक्षिण राज्य में भी अपना कारोबार फैलाने के लिए तैयार हैं।**

एक्शन के साथ-साथ कॉमेडी में भी माहिर अक्षय कुमार सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग एन्जॉय करते हैं। चाहे सोलो एक्टर फिल्म हो या मल्टीस्टारर मूवी, अक्षय ने हर किरदार में साबित किया है कि वो किसी से कम नहीं हैं। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अब साउथ साइड भी अपने टैलेंट को विस्तार से दिखाने के लिए तैयार हैं। इन दिनों साउथ की फिल्मों में बॉलीवुड स्टार्स और बॉलीवुड एक्टर्स का साउथ स्टार्स के साथ काम करना आम बात हो गई है। कई फिल्मों और उनकी कास्ट की अनाउंसमेंट के बीच अक्षय कुमार के तेलुगू डेब्यू की जानकारी सामने आई है। फिल्म क्रिटिक रमेश बाला ने ट्वीट शेयर कर बताया कि अक्षय कुमार, कन्नप्पा के प्रोडक्शन में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

# रोहित बोस रॉय की थ्रिलर फिल्म आइरा है अद्भुत

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित पहली फ़िल्म आइरा इस सप्ताह रिलीज हो गई है। यह फ़िल्म एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जहां तकनीक की ताकत का गलत इस्तेमाल इंसान करना चाहता है। यह फिल्म सस्पेंस, एक्शन और थ्रिल के मिश्रण के साथ देखने लायक बन गई है। रोहित रॉय, करिश्मा कोटक और राजेश शर्मा जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ, आईरा शुरुआती दृश्य से ही दर्शकों को बांध कर रख लेती है। फ़िल्म की कहानी की बात करें तो हरि सिंह (रोहित रॉय)




IRaH5.10 नामक एक अभूतपूर्व डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करता है। लेकिन जब यह ऐप नापाक हाथों में आ जाता है, तो अराजकता फैल जाती है। हरि सिंह के किरदार को रोहित रॉय ने बड़ी खूबी से निभाया है हालांकि इस कैरेक्टर मे काफी जटिलताएँ हैं। करिश्मा कोटक का किरदार फ़िल्म की कहानी का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसे उन्होंने नेचुरल ढंग से पेश किया है। दरअसल यह फ़िल्म तकनीकी विकास के इस युग में नैतिक गिरावट को दर्शाती है और तकनीक के दुरुपयोग के संभावित परिणामों पर रौशनी डालती है। यह फिल्म कॉर्पोरेट जगत की लालच भरी घातक नज़र पर भी प्रकाश डालती है। इंसान अपने हितों के लिए किस हद तक जा सकता है, यह IRaH दिखाती है जो सही और गलत के बीच के संघर्ष को इंगेजिंग ढंग से दर्शाती है।

# आपस में भिड़े अल्लू अर्जुन और अजय देवगन के फैंस

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 के टीजर ने रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया ऐसा तहलका मचा दिया है कि हर कोई पुष्पाराज के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है। इस फिल्म के साथ वह जल्द ही अपने फैंस के बीच लौट रहे हैं। खास बात ये है कि इस टीजर को 'बनी' स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने रिलीज किया है। पुष्पा 2 : द रूल 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

हाल ही में सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन और अजय देवगन के फैंस आपस में भिड़ बैठे, आखिर क्यों चलिए जानते हैं। सितारों की एक-दूसरे के साथ भले ही दोस्ती हो, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके फैंस दुश्मनी मोल लेने का कोई न कोई बहाना ढूंढ ही लेते हैं। ऐसा हाल ही में अजय देवगन और साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के चाहने वालों के बीच भी देखने को मिला।





दोनों के फैंस के लड़ाई करने की वजह है दोनों फिल्मों का सेम दिन पर रिलीज होना। पुष्पा 2 के अलावा रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'सिंघम अगेन' इस साल 15 अगस्त को ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। दोनों के फैंस अपने पसंदीदा सितारे के सपोर्ट में उतर गए हैं। एक यूजर ने पुष्पा 2 का टीजर देखने के बाद लिखा, 'सिंघम 3 तू तो गया रे...गेला रे गेला सिंघम गेला'।

# विजय की टीम ने दर्ज कराई शिकायत

साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा लगातार ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। हाल ही में एक्टर की फिल्म फैमिली स्टार रिलीज हुई है। रिलीज के महज चंद दिनों में फिल्म और विजय देवरकोंडा बुरी तरह ट्रोल हो रहे हैं। ऐसे में एक्टर की टीम ने कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। फैमिली स्टार के मेकर्स ने दावा किया है कि फिल्म और एक्टर की ट्रोलिंग ने बिजनेस पर असर डाला है। ऐसे में कानूनी सहायता लेने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही फैमिली स्टार के खिलाफ चलाए गए नेगेटिव कैम्पेन ने बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस भी खराब किया। अल्लू अर्जुन के मैनेजर और उनके फैन क्लब के अध्यक्ष ने ट्रोल्स के खिलाफ हैदराबाद के माधोपुर के साइबराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। विजय देवरकोंडा की टीम से एक शख्स ने एक्स पर शिकायत दर्ज कराने के दौरान की फोटो शेयर की है।



एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009